3 राजधानी
आतिशी की तबियत बिगड़ी, आईसीयू में

6 अभिमत
भ्रष्टाचार का विकास पर प्रभाव

11 विदेश
चीन का यान चंद्रमा से नमूने लेकर लौटा

12 स्पोर्ट्स
अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वार्नर का सफर खत्म

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 227
नई दिल्ली, बुधवार, 26 जून, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



भारत को सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में निवेश करना चाहिए
राष्ट्रीय-10

# स्पीकर पद के लिए होगा चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सत्तारूढ़ भाजपा** नीत राजग और कांग्रेस नीत विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी पर आम सहमति तक पहुंचने में विफल रहे। दोनों पक्ष अपने सदस्यों के लिए जोर दे रहे थे, जिससे संसद में इस महत्वपूर्ण पद के लिए पहली बार चुनाव करना पड़ेगा। एनडीए ने अपने पिछले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को अध्यक्ष पद के लिए मैदान में उतारा, जबकि विपक्ष ने कांग्रेस नेता कोडिकुन्निल सुरेश को अपने उम्मीदवार के रूप में नामित किया है। विपक्ष का अंतिम समय में चुनाव का निर्णय तब आया जब वरिष्ठ भाजपा नेता उसकी इस शर्त पर सहमत नहीं हुए कि बिड़ला को समर्थन देने के बदले में इंडिया ब्लॉक को उपाध्यक्ष पद की पेशकश की जानी चाहिए, जो किसी मामले में स्पष्ट रूप से पसंदीदा हैं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि अध्यक्ष चुनने का निर्धारित दिन बुधवार है और यदि चुनाव होता है, तो यह लोकसभा के इतिहास में केवल तीसरी बार होगा।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस से आग्रह किया कि वह लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए जबरदस्ती चुनाव न लड़े क्योंकि पीठासीन अधिकारी किसी पार्टी का नहीं होता है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा, मैं फिर से अपील करता हूं कि उन्हें अध्यक्ष पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए सोचना चाहिए। हमारे पास संख्याएं हैं लेकिन फिर भी हम अनुरोध कर रहे हैं कि अध्यक्ष पद के लिए कोई चुनाव नहीं होना चाहिए क्योंकि यह पद किसी पार्टी का नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अध्यक्ष पद पर सहमति के लिए पिछले दो दिनों में प्रमुख विपक्षी दलों से संपर्क किया है। हम चाहते हैं कि अध्यक्ष सर्वसम्मति से और निर्विरोध चुना जाए, इसलिए हमने उनसे संपर्क किया और उनसे अपील की। ??आज हमारी कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक हुई। हमने उनसे अध्यक्ष के लिए समर्थन की अपील की। उन्होंने कहा कि वे समर्थन करेंगे लेकिन वे चाहते हैं डिप्टी स्पीकर का पद।





नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में भाजपा सांसद ओम बिरला सदन की सदस्यता की शपथ लेते हुए। कांग्रेस सांसद कोडिकुन्निल सुरेश (दाएं)।

### इंडिया गुट के उम्मीदवार पर चर्चा नहीं की गईः टीएमसी

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के साझा उम्मीदवार के तौर पर के. सुरेश को नामांकित करने से पहले उससे कोई चर्चा नहीं की गई। सुरेश ने मंगलवार की सुबह लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले इंडिया गठबंधन (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूशिव अलायंस) के घटकों में तृणमूल कांग्रेस शामिल नहीं थी। तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी से जब इस मुद्दे पर पार्टी के रुख के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि अब तक इस बारे में उनके दल से संपर्क नहीं किया गया है। बनर्जी ने कहा, किसी ने हमसे संपर्क नहीं किया है, कोई बातचीत नहीं की गई है। दुर्भाग्य से इस संबंध में एकतरफा निर्णय किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बारे में पार्टी नेतृत्व और ममता जी (तृणमूल सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) फैसला करेंगी। बाद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बनर्जी को लोकसभा में बातचीत करते हुए देखा गया। जब राहुल गांधी सदन से बाहर आए तो मीडिया ने उनसे पूछा कि क्या वह लोकसभा अध्यक्ष के मुद्दे पर बनर्जी के साथ किसी समझौते पर पहुंच सकते हैं।

स्पीकर के चुनाव के लिए रणनीति तैयार करने के लिए इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने मंगलवार रात बैठक की, जबकि कांग्रेस ने कहा कि परंपरा के अनुसार विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद देकर इस मुद्दे पर आम सहमति बनाने की गेंद सरकार के पाले में है। सूत्रों ने बताया कि इससे पहले दिन में आम सहमति बनाने के लिए संसद में सिंह के कार्यालय में विपक्ष की ओर से कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल और द्रमुक के टीआर बालू और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा, जो भाजपा अध्यक्ष भी हैं, के बीच एक संक्षिप्त बातचीत हुई। दोनों पक्षों के अपने-अपने रुख पर अड़े रहने के कारण यह विवाद (शेष पेज 9)

# लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे राहुल गांधी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस के** पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगे। पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने लोकसभा के कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब को पत्र भेज कर कांग्रेस के फैसले के बारे में उन्हें अवगत कराया है कि निचले सदन में राहुल गांधी पार्टी के नेता होंगे। लोकसभा में कांग्रेस का नेता ही नेता प्रतिपक्ष होगा। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में 99 सीट जीती हैं। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संवाददाताओं को बताया कि सोनिया गांधी ने पार्टी के इस फैसले के बारे में सूचित करते हुए लोकसभा के कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब को पत्र भेजा है। राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस बार उन्होंने वायनाड संसदीय सीट से त्यागपत्र दे दिया है और कांग्रेस ने राहुल गांधी की बहन प्रियंका वाड्रा को उप चुनाव के लिए पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया है। यदि प्रियंका वायनाड से जीततीं हैं तो गांधी परिवार के तीन सदस्य संसद में होंगे। राहुल गांधी पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे हैं। उन्होंने मंगलवार को लोकसभा सदस्यता की शपथ ली। कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव से एक दिन पहले राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनने का फैसला किया। कांग्रेस कार्य समिति ने गत आठ जून को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से आग्रह किया कि वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालें। उस समय राहुल गांधी ने कार्य समिति के सदस्यों के विचार सुने थे और कहा था कि वह इस बारे में जल्द फैसला करेंगे। राहुल गांधी ने इस बार लोकसभा चुनाव में विपक्ष की ओर से आक्रामक अभियान चलाया था और प्रधानमंत्री मोदी पर तीखे हमले किए थे।

## कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर लगाई रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि निचली अदालत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उसके समक्ष पेश की गई सामग्री का उचित आकलन करने में विफल रही और उसने आम आदमी पार्टी नेता की जमानत याचिका पर फैसला करते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। पीठ ने कहा कि जमानत आदेश को लेकर ईडी की आपत्तियों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। इसने कहा कि निचली अदालत के न्यायाधीश ने विवादित आदेश पारित करते समय रिकॉर्ड पर प्रस्तुत सामग्री/दस्तावेजों और ईडी द्वारा उठाए गए तर्कों का उचित आकलन नहीं किया। पीठ ने कहा कि धारा 439(2) के तहत याचिका में दी गई दलीलों/आधारों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। उच्च न्यायालय ने कहा, तदनुसार, वर्तमान आवेदन स्वीकार किया जाता है और विवादित आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाई जाती है। निचली अदालत की न्यायाधीश, न्याय बिंदु ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी और एक लाख रुपए के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया था। (शेष पेज 9)

## सेंसेक्स ने पहली बार लांघा 78,000 अंक का स्तर, निफ्टी भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**मुंबई (भाषा)।** एशियाई बाजारों के मजबूत रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सहित बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से मंगलवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स ने पहली बार ऐतिहासिक 78,000 अंक के स्तर को पार किया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 712.44 अंक या 0.92 प्रतिशत उछलकर 78,053.52 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स 823.63 अंक या एक प्रतिशत बढ़कर 78,164.71 अंक के नए सर्वकालिक (शेष पेज 9)

# रामनगरी अयोध्या में बनेगा विश्व स्तरीय मंदिर संग्रहालय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में टाटा संस अपने सीएसआर फंड से भारतीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण कराएगा। इस प्रस्ताव को भी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से टाटा संस कुल 750 करोड़ रुपए खर्च करेगा। यह संग्रहाल विश्वस्तरीय होगा। उन्होंने बताया कि टाटा संस द्वारा एक प्रस्ताव भारत सरकार के माध्यम से प्राप्त हुआ था, जिसमें सीएसआर फंड से 650 करोड़ की लागत से वो एक विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहलाय बनाने का कार्य करेंगे। 650 करोड़ के साथ-साथ साइड के डेवलपमेंट में 100 करोड़ रुपए खर्च करेंगे। कुल मिलाकर 750 करोड़ रुपए से भारतीय मंदिर संग्रहालय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। इस मंदिर संग्रहालय के निर्माण का कार्य टाटा संस करेगा जबकि जमीन पर्यटन विभाग द्वारा एक रुपए की लीज पर उपलब्ध कराई जाएगी। यह लीज 90+90 वर्ष के लिए होगी। प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि टाटा संस सरीखे संस्थान द्वारा अपने वित्तीय स्रोतों से विश्व स्तरीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण करवाए जाने से मंदिर संग्रहालय निर्माण में प्रवीणता और दक्षता परिलक्षित होगी। साथ ही साथ प्रदेश सरकार मंदिर संग्रहालय के निर्माण के लिए व्यय की (शेष पेज 9)



### बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे आधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणाली से लैस होगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को आधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणाली (एटीएमएस) से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मंगलवार को जारी एक बयान के मुताबिक उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने इस प्रक्रिया को क्रियान्वित करते हुए पात्रता के लिए अनुरोध (आरएफक्यू) व अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) के माध्यम से आवेदन मांगे हैं। बयान के मुताबिक, बुंदलखंड एक्सप्रेसवे को आईटीएमएस अनुकूल बनाने के लिए जो कार्ययोजना तैयार की गई है उसके अनुसार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर यातायात प्रबंधन कमांड केंद्र की स्थापना होगी। इसके जरिए यातायात निगरानी व प्रबंधन प्रक्रिया को बल मिलेगा। (शेष पेज 9)

## इनवर्टर में आग लगने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**द्वारका** जिले के प्रेम नगर इलाके मंगलवार तड़के इनवर्टर में आग लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। शुरुआजी जांच में पता चला है कि आग पहली मंजिल पर रखे सोफे में लगी थी, जिसके बाद इसने विकराल रूप ले लिया। घटना के समय परिवार के सदस्य पहली मंजिल पर सो रहे थे। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार तड़के 3.27 बजे नियंत्रण कक्ष को जानकारी मिली थी कि जेड-ब्लॉक में एक मकान में आग लगी है। मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों को भेजा गया। दमकल कर्मी जब घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा दंपति और उनके दो बेटे बेहोश पड़े हैं। उन्हें तुरंत जाफरपुर कलां स्थित राव तुला राम अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद हीरा सिंह उनकी पत्नी नीतू सिंह और बेटे रॉबिन और लक्ष्य को मृत घोषित कर दिया। हीरा सिंह कक्कड़ की मां सीता देवी इमारत के भूतल पर सो रही थीं और उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ। इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि छावला थाना के प्रेम नगर स्थित जेड ब्लॉक के जिस मकान में यह हादसा हुआ है। उसका लोहे का गेट अंदर से लॉक था। जब फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची तो गेट को तोड़ा गया और फिर अंदर टीम पहुंची तो (शेष पेज 9)

# नीट विवादः माता-पिता और छात्रों तक पहुंचेगा पैनल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र सरकार** की शाखा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट और नेट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं पर बढ़ते विवाद के बीच परीक्षा सुधारों पर हाल ही में गठित शिक्षा मंत्रालय के पैनल ने माता-पिता और छात्रों तक पहुंचने और परीक्षा प्रक्रिया के बारे में चुनौतियाँ को लेकर उनकी चिंताओं को समझने का फैसला किया है। यह निर्णय पूर्व इसरो प्रमुख आर राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाले सात सदस्यीय पैनल ने सोमवार देर शाम अपनी पहली बैठक में लिया। समिति को विभिन्न परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्रों की सेटिंग और अन्य प्रक्रियाओं से संबंधित मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल की जांच करने और सिस्टम की मजबूती बढ़ाने के लिए सिफारिशें करने का भी काम सौंपा गया है।

बैठक में मौजूद सूत्रों के मुताबिक, समिति ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की मौजूदा स्थिति और चुनौतियों का जायजा लिया। एक सूत्र ने कहा, पैनल को एजेंसी की मौजूदा प्रक्रियाओं और कामकाज से अवगत कराया गया। पैनल ने एनटीए द्वारा आयोजित कई परीक्षाओं और प्रत्येक परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों की संख्या के बारे में एनटीए द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर भी गौर किया। पैनल ने यह भी देखा कि कौन सी परीक्षाएं पेन और पेपर मोड में आयोजित की जाती हैं और कौन सी कंप्यूटर-आधारित टेस्ट (सीबीटी) के रूप में आयोजित की जाती हैं और दोनों मोड की बारीकियां क्या हैं।

राधाकृष्णन ने मंगलवार को मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, हमारे लिए पहली प्राथमिकता देश में छात्रों और अभिभावकों से उनकी चिंताओं और सुझावों को जानना है। हम जहां तक संभव हो व्यक्तिगत रूप से या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से उनके साथ जुड़ने जा रहे हैं। हमारे लिए अगली प्राथमिकता परीक्षण शुरू करने के लिए शीघ्रता से एक मजबूत प्रणाली का निर्माण करना है। हम भविष्य पर भी विचार कर रहे हैं, विशेष रूप से इस देश में एक मजबूत प्रणाली, एक छेड़छाड़-रोधी प्रणाली, शून्य त्रुटि वाली प्रणाली और एक प्रणाली विकसित करने पर इसमें पर्याप्त लचीलेपन के साथ छात्रों के लिए कठिनाइयों और तनाव को कम किया जाएगा।

माना जा रहा है कि अपनी बैठक के दौरान समिति ने साइबर सुरक्षा के मुद्दों और डार्कनेट द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर भी चर्चा की, जहां यूजीसी-नेट परीक्षा का प्रश्न पत्र पहली बार लीक हो गया था, जिसके कारण शिक्षा मंत्रालय को परीक्षा आयोजित होने के अगले दिन इसे रद्द करना पड़ा था। मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, पैनल द्वारा सुझाए गए सुधारों को अगले परीक्षा चक्र तक लागू किए जाने की संभावना है। यह एक बहुत बड़ा काम है और इसे पूरी तैयारी के साथ करना होगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई खामी न रहे, लेकिन यह अभी मंत्रालय की सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता भी है। पैनल दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंप देगा और हम एक कार्य योजना तैयार करेंगे। (शेष पेज 9)




लखनऊ में मंगलवार को नीट रिजल्ट में कथित अनियमितता के विरोध में प्रदर्शन करते समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया।

# रूस यात्रा पर जाएंगे मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ व्यापक बातचीत करने के लिए जुलाई की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को की संक्षिप्त यात्रा की संभावना पर भारत और रूस विचार कर रहे हैं। राजनयिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अगर दौरा होता है तो करीब पांच वर्षों में भारतीय प्रधानमंत्री का यह पहला रूस दौरा होगा। मोदी ने सितंबर 2019 में आर्थिक संगोष्ठी में हिस्सा लेने के लिए रूस के सुदूर पूर्वी शहर व्लादिवोस्तोक का दौरा किया था।

भारत की ओर से मोदी के संभावित दौरे को लेकर किसी प्रकार की कोई पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन क्रेमलिन के एक अधिकारी ने बताया कि मोदी के रूस दौरे को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव ने कहा मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि हम भारतीय प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियां कर रहे हैं। हम तरीख नहीं बता सकते हैं क्योंकि इसकी घोषणा सहमति बनने के बाद पक्षकारों द्वारा की जाती है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, लेकिन हम जोरशोर से तैयारी कर रहे हैं। (शेष पेज 9)

# अफगानिस्तान की टीम की स्वप्न सरीखी कामयाबी पर मुस्कुराया भारत

## ● बांग्लादेश को हरा कर टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचा

**राहुल दत्ता।** नई दिल्ली

**अफगानिस्तान** ने मंगलवार को वेस्टइंडीज के किंग्सटाउन में बांग्लादेश को हराकर टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। हालांकि टीम इस पहली उपलब्धि के लिए बधाई की पात्र है, लेकिन संघर्षग्रस्त अफगानिस्तान में क्रिकेट माहौल बनाने में भारत की भूमिका को रेखांकित करने की जरूरत है। सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी, लगभग सभी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमें और भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह, हरभजन सिंह, सुरेश रैना और एस बद्रीनाथ ने अपनी परिस्थितियों से बड़ी होने के लिए टीम की प्रशंसा की। निस्संदेह, अफगानी खिलाड़ी दुनिया भर में क्रिकेट प्रेमी संरक्षकों के प्रिय बन गए हैं और वे शहीद विजय सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, ग्रेटर नोएडा को दिल से धन्यवाद देते होंगे। साथ ही, अफगानियों को उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाने के लिए प्रतिभा को सामने लाने और उसे निखारने में भारतीय कोचों की भूमिका का भी उल्लेख किया जाना चाहिए। यह खेल परिसर 2015 में अफगानिस्तान टीम के लिए अस्थायी घरेलू मैदान या नर्सरी बन गया और इसका श्रेय भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को जाता है। इसने अफगानिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आने के लिए सभी सुविधाएँ प्रदान कीं। अफगानिस्तान ने अपना आधार शारजाह से नोएडा में स्थानांतरित कर दिया और यहां तक कि 2017 में ग्रेटर नोएडा में आयरलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले। ग्रेटर नोएडा न केवल अफगानिस्तान के लिए 'घरेलू मैदान' है, उन्होंने देहरादून में बांग्लादेश के खिलाफ ट्वेंटी 20 शृंखला की मेजबानी भी की थी।

भारत के पूर्व खिलाड़ी लालचंद राजपूत, मनोज प्रभाकर और अजय जडेजा अतीत में अफगानिस्तान टीम को कोचिंग दे चुके हैं। वास्तव में, हाल ही में वनडे विश्व कप 2023 तक जडेजा उनके मेंटर थे। बीसीसीआई ने दोनों देशों और टीमों के बीच संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए तत्कालीन अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी को बेंगलुरु में टीम का पहला टेस्ट मैच देखने के लिए आमंत्रित किया था। जब वहां के कई खिलाड़ी नियमित रूप से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने लगे तो अफगानी प्रतिभा तेजी से निखरी। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के अलावा, अफगान खिलाड़ियों ने अच्छा वेतन भी कमाया है, जिससे वे अपने देश के अन्य महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों के लिए आदर्श बन गए हैं। चल रहे टूर्नामेंट में अफगानिस्तान को अंडरडॉग करार दिया गया था और लंबे समय तक उसने अपने शानदार प्रदर्शन से पंडितों को गलत साबित कर दिया। (शेष पेज 9)



टी20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर से सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने के बाद जश्न मनाते अफगानिस्तान के खिलाड़ी

# मयूर विहार से नोएडा एक्सप्रेसवे तक एलिवेटड रोड

## पांच लाख वाहन चालकों को मिलेगी राहत, प्राधिकरण खर्च करेगा 900 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दिल्ली से नोएडा को सीधे जोड़ने के लिए एलिवेटड रोड बननी है। इससे पांच लाख वाहन चालक को फायदा मिलेगा। इसका निर्माण एमजी काट्रैक्टर करेगी। टेंडर प्रक्रिया उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड ने की थी। इसमें पांच कंपनियां आई थीं। अधिकारियों ने बताया कि अब निर्माण को लेकर एमजी कॉन्ट्रैक्ट और सेतु निगम के बीच एग्रीमेंट होगा। एग्रीमेंट के बाद एजेंसी इसकी ड्राइंग सेतु निगम को उपलब्ध कराएगी। इस प्रक्रिया में से तीन महीने का समय लग जाएगा।




एलिवेटड निर्माण में 36 महीने में पूरा होगा। यह एलिवेटड रोड दिल्ली के चिल्ला रेगुलेटर से नोएडा के महामाया फ्लाई ओवर 5.96 किमी तक बनेगा। चिल्ला रेगुलेटर से मयूर विहार फ्लाई ओवर को भी एलिवेटड रोड के जरिए जोड़ा जाएगा। नोएडा के महामाया फ्लाई ओवर के पास उतर कर लोग सीधे नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे व कालिंदी कुंज की ओर जाकर गंतव्य को जा सकते हैं। यहां महामाया फ्लाई ओवर पर वाहनों के चढ़ने-उतरने के लिए रोटरी बनाई जाएगी। इसके बन जाने के बाद लोगों को फिल्म सिटी रास्ते पर जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। इसको बनाने में मूल लागत 624 करोड़ सहित सभी टैक्स लगाकर करीब 900 करोड़ रुपए का खर्चा आएगा। अधिकारियों ने बताया कि इसके निर्माण के लिए 50 प्रतिशत राशि पीएम गति शक्ति के तहत लोन के रूप में मिलेगी। ऐसे में 50 प्रतिशत शासन व 50 प्रतिशत नोएडा प्राधिकरण वहन करेगा।

बता दें चिल्ला एलिवेटेड रोड का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 जनवरी 2019 को शिलान्यास किया था। जून 2020 से इसका काम शुरू हुआ।अनुबंध के तहत 50 प्रतिशत राशि शासन से नहीं मिलने से नवंबर 2021 में काम बंद हो गया था। वर्तमान में दिल्ली से नोएडा, ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस, यमुना एक्सप्रेस जाने के लिए वाहन चालक चिल्ला बार्डर का प्रयोग करते है।

पीक आवर में यहां वाहन चालकों को भीषण जाम झेलना पड़ता है। महज 5 किमी की दूरी तय करने में चालक को 20 से 30 मिनट तक का समय लग जाता है। चिल्ला एलिवेटड बनने के बाद वाहन चालकों ये दूरी तय करने में महज 5 मिनट का समय लगेगा। वो सीधे नोएडा एक्सप्रेस वे जा सकेंगे।

### चढ़ने और उतरने के लिए बनेंगे 6 लूप

*दिल्ली के चिल्ला बॉर्डर की तरफ से आते समय सेक्टर-14-उद्योग मार्ग की ओर उतरने के लिए लूप बनेगा। लूप के दूसरी तरफ यानी सेक्टर-15ए के पास से इस पर चढ़ने के लिए लूप बनाया जाएगा।डीएनडी की तरफ से आने वाले एमपी वन रास्ते पर सेक्टर-16 की तरफ उतरने व सेक्टर-16ए फिल्म सिटी की तरफ चढ़ने के लिए लूप बनेगा।फिल्म सिटी समाप्त होने पर उतरने के लिए बनाया जाएगा। यहां से सेक्टर-18 के सामने से होते हुए एमपी टू एलिवेटेड रोड की ओर जा सकेंगे।जीआईपी मॉल के थोड़ा आगे जाकर चढ़ने के लिए लूप बनेगा।बनने के बाद जाम से मिलेगा निजातबनने के बाद जाम से मिलेगा निजात परियोजना में प्राधिकरण करीब 74 करोड़ रुपए खर्च कर चुका है। इसका 13 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। शासन को इस परियोजना में जो पैसा देना था, वह नहीं दिया गया। प्राधिकरण के बार-बार आग्रह के बाद भी फंड नहीं मिलने पर काम बंद हो गया। प्राधिकरण ने साफ किया था कि जब तक शासन फंड रिलीज नहीं करता है तब तक काम नहीं हो पाएगा।*




# नोएडा प्राधिकरण का 7 हजार करोड़ रुपये का बजट पास

- 1200 करोड़ सिविल और कंस्ट्रक्शन पर होंगे खर्च, बैठक में तय होगा एजेंडा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के लिए 2024-25 वित्तीय बजट पास कर दिया गया है। ये बजट करीब 7 हजार करोड़ रुपए का है। इसकी औपचारिक बैठक होना अभी बाकी है।

बजट की फाइल आईडीसी और नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन के पास दी गई। इसे मंजूरी मिलते ही विकास और अनुरक्षण कार्यों के लिए टेंडर जारी किए जा रहे है, ताकि तेजी से काम हो सके। पहले ये वित्तीय बैठक 16 जून को होनी थी। लेकिन इसे कैंसिल कर दिया गया था। इस बैठक में 36 एजेंडा रखे जाने थे। इसको लेकर तीन बार रिव्यू बैठक भी की गई। हालांकि बाद में सिर्फ वित्तीय बजट की फाइल ही आईडीसी के सामने प्रस्तुत की गई। जिस पर उन्होंने मुहर लगा दी।

ये बैठक मार्च में हो जानी चाहिए थी लेकिन आचार संहिता के चलते नहीं हो सकी। इस बजट में सिविल, इलेक्ट्रिकल एंड मेंटेनेंस, हार्टिकल्चर, जमीन अधिग्रहण, न्यू नोएडा, जनस्वास्थ्य विभाग से संबंधित विकास कार्यों के बजट को पास किया गया।

प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि ये बाकी एजेंडा की रूपरेखा के लिए बैठक की जाएगी। ये बैठक आगामी सप्ताह में हो सकती है। बता दे नोएडा के विकास के लिए हर साल वित्तीय बजट पास किया जाता है। विगत वर्ष 2023-24 में 6920 करो? का बजट पास किया गया था। 2022-23 में 4880.62 करोड़ का बजट था। इसी का आकलन करते हुए 2024-25 का बजट बनाया गया।

# सैमसंग को मिलेगी 207 करोड़ की सब्सिडी

- योगी सरकार ने किया फैसला, नोएडा में रोजगार के अवसर खुलेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स हब के रूप में विकसित करने को लेकर बड़े फैसले किए हैं।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आईटी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार के एक फैसले ने युवाओं के लिए बंपर रोजगार के अवसर खोल दिए हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने नोएडा में स्थित



मोबाइल बनाने वाली सैमसंग डिस्प्ले कंपनी कैपिटल सब्सिडी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को पास किया गया। इन प्रस्तावों के तहत योगी सरकार ने नोएडा में मैसेज सैमसंग डिस्प्ले नोएडा प्राइवेट लिमिटेड को कैपिटल सब्सिडी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। योगी सरकार सैमसंग डिस्प्ले नोएडा को कल 207 करोड रुपए की सब्सिडी देगी इससे कंपनी में युवाओं के लिए रोजगार के बंपर अफसर मिलेंगे। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप नीति के तहत चार और एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इनमें दो 5 प्रतिशत टेक्निकल यूनिट्स को आईआईटी कानपुर के साथ दूसरा आईआईटी रुड़की के साथ सहारनपुर में स्थापित किया जाएगा। सेंटर फॉर एक्सीलेंस ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी के लिए आईआईएम लखनऊ के साथ स्थापित किया जाएगा। इसमें माइक्रोसॉफ्ट सहयोग करेगा चौथा प्रिंटिंग क्षेत्र में एडिटेड मैन्युफैक्चरिंग यूनिट गाजियाबाद में स्थापित की जाएगी।

# बॉटनिकल गार्डन से जुड़ेगी एक्वा मेट्रो ट्रेन, मिली मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा शहर से इस समय सबसे बड़ी खबर समाने आ रही है। खबर है कि नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के बीच चलने वाली एक्वा मेट्रो ट्रेन को सीधे बॉटनिकल गार्डन से जोड़ा जाएगा।

एक्वा मेट्रो को बॉटनिकल गार्डन तक ले जाने के प्रस्ताव को उत्तर प्रदेश सरकार ने मंजूरी दे दी है। नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के नागरिक लम्बे अर्से से एक्वा मेट्रो ट्रेन को बॉटनिकल गार्डन से जोड़ने की मांग कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के नागरिकों की लम्बे अर्से से चली आ रही मांग को प्रदेश सरकार ने मान लिया।

सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन से बॉटेनिकल गॉर्डन तक कुल 11.56 किलोमीटर की एक्वा मेट्रो कॉरिडोर के प्रस्तावित विस्तार में 2254.33 करोड़ रूपये खर्च होने का अनुमान है। इसमें 573 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दिए जाएंगे। नोएडा प्राधिकरण इसको बनाएगा। प्रदेश सरकार की इस मंजूरी से सेक्टर-142 मेट्रोस्टेशन से बॉटेनिकल गॉर्डन को जोड़ने के काम में तेजी आएगी और नोएडा और ग्रेटर नोएडा के नागरिकों को काफी लाभ होगा।

# सांसद डॉ. महेश शर्मा ने संस्कृत में ली शपथ

- यूपी की लोकसभा सीटों में दर्ज की है सबसे बड़ी जीत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए नोएडा (गौतमबुधनगर) लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ महेश शर्मा ने मंगलवार को संसद में संस्कृत भाषा में शपथ ली। नोएडा के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने लोकसभा चुनाव 2024 में सबसे बड़ी जीत दर्ज की है।

नोएडा के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा द्वारा संस्कृत में शपथ लिए जाने की सब प्रशंसा कर रहे है। सांसद डॉ. महेश शर्मा से पहले नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित सांसद बांसुरी स्वराज ने भी संस्कृत में शपथ ली थी। आपको बता दें कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार 24 जून से शुरू हुआ था। संसद सत्र के पहले दिन संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित 200 से अधिक सांसदों ने शपथ ली थी। बाकी के सांसदों ने मंगलवार को संसद में शपथ ली। मंगलवार को शपथ लेने आए नोएडा के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने संस्कृत भाषा में शपथ ली। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद बांसुरी स्वराज ने संस्कृत भाषा में शपथ ली थी। आज नोएडा के सांसद डॉ महेश शर्मा ने संस्कृत में शपथ ली। आपको बता दें कि नोएडा (गौतमबुधनगर) लोकसभा क्षेत्र से डॉ महेश शर्मा तीसरी बार सांसद निर्वाचित हुए हैं लोकसभा चुनाव 2024 में डॉ महेश शर्मा ने 5 लाख से अधिक वोटो से जीत हासिल की है नोएडा के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा द्वारा संसद में संस्कृत भाषा में ली गई शपथ की सभी ओर चर्चा हो रही है।



## संक्षिप्त समाचार



नोएडा में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए वाहनों की जांच करती पुलिस।

### खोखा संचालक को गोली मारी, घायल

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने एक खोखा संचालक को गोली मार दी। गोली उसके पैर में लगी है। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस फिलहाल जांच पड़ताल में जुटी हुई है। गांव अगरौला निवासी नवरंग ट्रोनिका सिटी सेक्टर-डी में खोखा चलाता है। सोमवार रात बाइक सवार तीन बदमाश पहुंचे। उन्होंने कोई बातचीत किए बिना तमंचा निकाला और गोली मार दी। नवरंग के बाएं पैर में गोली लगी। उसके पैर से खून बहने लगा। गोली चलाने के तुरंत बाद बदमाश भाग निकले। आसपास के लोग तुरंत ही घायल नवरंग को निजी अस्पताल ले गए। यहां उसे उपचार दिया गया। सूचना पर पुलिस सीधे हॉस्पिटल पहुंची और घायल युवक से बातचीत की। युवक ने बताया कि मेरी किसी से कोई रंजिश नहीं है। न ही हाल-फिलहाल में कोई झगड़ा हुआ है। हमलावर कौन थे, क्यों गोली मारी, ये बात भी स्पष्ट नहीं है। सहायक पुलिस आयुक्त सूर्यबली मौर्य ने बताया कि घायल की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। बदमाशों की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। घायल की हालत खतरे से बाहर है।

### मेवला भट्टी के प्रधान के वित्तीय अधिकार किए गए सीज

**गाजियाबाद।** ग्राम निधि के करोडों के बजट में हेरफेर करने को लेकर लोनी के मेवला भट्टी गांव के प्रधान कुसुम के खिलाफ तीन सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट के बाद वित्तीय और शासकीय अधिकार सीज कर दिए गए हैं। एक साल से इस मामले में जांच चल रही है जिसमें पूर्व में भी एक सचिव को निलम्बित किया गया था। ग्राम निधि के करोड़ों के बजट में हेरफेर करने के मामले में मेवला भट्टी के ग्राम प्रधान के खिलाफ पिछले एक वर्ष से जांच चल रही थी। तीन सदस्यीय टीम जिसमें जिला विकास अधिकारीए लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता और आईडी के सहायक अभियंता शामिल थे उन्होंने जांच पूरी करके रिपोर्ट दे दीए जिसके बाद कार्रवाई की गई है। मेवला भट्टी गांव के दो निवासियों देवेंद्र और सुमित कुमार ने ग्राम निधि के फंड में हेराफेरी करने और टेंडर का लाभ भी एक ही परिवार के व्यक्ति को देने की शिकायत की थी जिसके आधार पर जांच कराई गई थी। उनका यह भी आरोप था कि विधानसभा निर्वाचन 2022 के लिए आचार संहिता लगने के बाद भी टेंडर जारी किए गए और फर्मों को भुगतान किया गया है।

### गेमिंग जोन में महिला का हंगामा, डॉक्टर का काटा हाथ

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित गौर सिटी मॉल के गेमिंग जोन में अपने परिवार के साथ गए डॉक्टर के साथ एक महिला ने गाली गलौज की। डॉक्टर की पत्नी ने जब बीच बचाव की कोशिश की तो महिला ने उसके साथ मारपीट कर हाथ में काट लिया। पीड़ित डॉक्टर ने अज्ञात महिला के खिलाफ थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया है। शास्त्री नगर गाजियाबाद निवासी डॉक्टर पवन गौतम ने बताया कि वह गौर सिटी मॉल की तीसरी मंजिल पर बने टाइम जोन में अपने बच्चों के साथ गया था। वह तथा उसके बच्चे टाइम जोन में गेम खेल रहे थे। बराबर में एक अनजान महिला का गेम खत्म हो गया। उन्होंने अपना कार्ड लगाकर खेलने की कोशिश की। इस बात पर महिला भड़क उठी और उन्हें धक्का दे दिया और गाली गलौज करने लगी। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो महिला मारपीट पर उतारू हो गई। मामला बढ़ता देख उनकी पत्नी ने जब बीच बचाव करने की कोशिश की तो महिला ने उसके साथ मारपीट कर हाथ पर काट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी महिला की तलाश कर रही है।

# जिलाधिकारी कार्यालय पर आत्मदाह का प्रयास

- पुलिसकर्मियों ने छीनी पेट्रोल की बोतल, पहले आर्म्स एक्ट में जा चुका है जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जिलाधिकारी कार्यालय पर एक युवक ने पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक के हाथ से पेट्रोल की बोतल को छीन लिया। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है।

बताया जा रहा है कि वो नशे का आदी है। दरअसल मंगलवार को सूरजपुर थाना क्षेत्र में स्थित जिला अधिकारी कार्यालय पर एक युवक हाथ में पेट्रोल लेकर पहुंचा। उसने अपने ऊपर पेट्रोल को



छिड़क लिया। इससे पहले कि वह कुछ और कर पाता मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसको तत्परता से पकड़ लिया और उसके हाथ से उस बोतल को भी छीन लिया। पुलिस युवक को पकड़कर सूरजपुर थाने ले गई। इसके बाद पुलिस की तरफ से बताया गया कि युवक का नाम सचिन है। जो बादलपुर थाना क्षेत्र के सादोपुर गांव का रहने वाला है। सचिन नशे का आदी है। वह पहले भी आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया ने बताया कि 18 जून को सचिन गांव के ही शहाबुद्दीन के घर नशे की हालत में पहुंच गया था। उसने परिजनों से बदतमीजी भी की थी। इस मामले में पुलिस को सूचना भी दी गई थी। पुलिस ने धारा-151 के तहत कानूनी कार्रवाई करते हुए उसका चालान भी कर दिया था। उन्होंने आगे बताया कि सोमवार रात को सचिन ने देर रात गांव के ही रहने वाले जितेंद्र के नाबालिग बेटे से बदतमीजी की थी। जितेंद्र ने सचिन के पिता से इस बारे में शिकायत की थी। इसके बाद सचिन अपने घर चला गया था। परिजनों के द्वारा उसके द्वारा किए गए इस व्यवहार के लिए उसे डांटा गया। इसके बाद उसने अपनी मां के साथ मारपीट भी की थी।

# टैंक सफाई हादसा: मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी के वाटर टैंक में मारे गए तीन कर्मचारियों के शवों का पोस्टमार्टम कराने से परिजनों ने इंकार कर दिया है।

बताया जा रहा है अंकित के परिजनों ने उस शव को पोस्टमार्टम करने से मना किया है। आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा की आईटी कंपनी कोफोर्ज में सोमवार की शाम वॉटर टैंक की सफाई के दौरान अपनी जान गंवाने वाले तीन कर्मियों के परिजनों में इस घटना के बाद से खास रोष व्याप्त है। वहीं हादसे में मारे गए अंकित के परिजनों ने मुआवजा ना मिलने तक शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारी परिजनों से बात कर उन्हें समझाने में जुटे हुए हैं। वहीं अंकित के परिजनों का कहना है कि जब तक कंपनी प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ-साथ उन्हें मुआवजा नहीं मिलेगा तब तक वह पंचायतनामे पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। बता दें टैंक की सफाई के लिए उतरे तीन लोगों की मौत हो गई थी।

# बिजली के नंगे तारों की चपेट में आया युवक, मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा से दिल को कचौट करने वाला मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि ग्रेटर नोएडा में एक व्यक्ति करंट की चपेट में आ गया जिसके बाद उसकी दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और पूरे मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

मामला नोएडा के थाना ईकोटेक तीन क्षेत्र के कुलेसरा पुस्ता रोड का बताया जा रहा है। जहां एक व्यक्ति की करंट के चपेट में आने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान हरि सिंह के रूप में की गई है। कहा जा रहा है कि जिस दौरान हरि सिंह समरसेबल चलाने के लिए गया था उसी दौरान ये हादसा हुआ। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन आनन-फानन में हरि को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

इस मामले के परिजन सदमे में है वहीं पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक कुलेसरा पुस्ता रोड पर रहने वाला 45 वर्षीय हरि सिंह समरसेबल चलाने के लिए गया था। इस दौरान बिजली के नंगे तार से हाथ छू जाने के कारण उसे जोरदार करंट लगा और वह बेहोश होकर गिर गया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# मौतों की जानकारी देने से बच रहा स्वास्थ्य विभाग

- चार दिन में 70 मौत, डेथ ऑडिट महज दस का हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

भीषण गर्मी के कारण जिले में महज चार दिन में 70 के करीब लोगों की मौत हो गई थी। आलम यह था कि शवों का पोस्टमार्टम करने से लेकर अंतिम संस्कार करने के लिए भी वेटिंग शुरू हो गई थी। इतनी बडी संख्या में मौत होने के कारण प्रदेश शासन ने इस मामले में स्वास्थ्य विभाग से चार दिन में होने वाली मौतों की डेथ ऑडिट मांग लिया ताकि यह पता चल सके कि इतने बडे पैमाने पर मौतें किस कारण से हुई है।

समिति गठित हुए एक सप्ताह से अधिक का समय हो गया है लेकिन अभी तक महज दस लोगों का ही डेथ ऑडिट हो सका है जिसमें दो लोगों की लू से मौत होने की पुष्टि की गई है। लेकिन अभी




तक बाकी 60 शवों की डेथ ऑडिट को लेकर स्वास्थ्य विभाग से लेकर समिति भी कतरा रही है। बता दें कि भीषण गर्मी में जिले में बडी संख्या में मौतें हुई थी जिसमें करीब 35 मौत जिला अस्पताल और बाकी की मौतें जिला संयुक्त अस्पताल से लेकर अन्य अस्पतालों में हुई थी। एक के बाद एक इतनी संख्या में मौत होने के बाद शासन ने सभी का पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए। साथ ही डेथ ऑडिट समिति का गठन भी किया गया जिसमें डॉ.आलोक रंजन, डॉ.एके विश्वकर्मा, डॉ.शैलेंद्र सिंह शामिल थे। समिति ने पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों से रिपोर्ट भी तलब की। लेकिन ऑडिट समिति रिपोर्ट मिलने में ही आनाकानी हो रही है। दस लोगों की पोस्टमार्टम व पंचनामे की रिपोर्ट मिली।

इसके आधार पर उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी। मगर उसके बाद ना तो समिति को अन्य रिपोर्ट मिली, नाहीं पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने रिपोर्ट भेजी। इतना ही नहीं स्वास्थ्य विभाग ने भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कि आखिर समिति को रिपोर्ट मिलने में देरी क्यों हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी इस मामले में बोलने से कतरा रहे हैं। अगर विभाग का यही रवैया रहा तो इन मौतों की सटीक जानकारी मिल पाना मुमकिन नहीं होगा।

# प्राधिकरण ने अवैध रूप से लगाई रेहड़ी-पटरी हटाया

- अतिक्रमण को लेकर व्यापारी संगठन ने की थी शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के जगत फार्म में रेहड़ी और पटरी वालों ने अवैध रूप से जगह-जगह पर अतिक्रमण किया हुआ था। इसको लेकर व्यापारियों ने प्राधिकरण से शिकायत की। जिसके बाद प्राधिकरण का अतिक्रमण हटाने वाला दस्ता मौके पर पहुंचा और अवैध रूप से लगी हुई रेहड़ी और पटरी को हटा दिया गया। इस दौरान पूरे बाजार में भगदड़ मच गई। काफी लोग अपनी रेहड़ियों को लेकर भाग भी गए। जगत फार्म मार्केट ग्रेटर नोएडा की सबसे व्यस्त और पॉश



मार्केट है लेकिन अतिक्रमण होने की वजह से यहां पर रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। इसको लेकर व्यापार संगठन पुलिस और प्राधिकरण के अधिकारियों से कई बार शिकायत कर चुका है। जिसको लेकर आज ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का अतिक्रमण हटाओ दस्ता जगत फार्म में पहुंच गया।उन्होंने अवैध रूप से दुकानों के बाहर अवैध रूप से लगी हुई रेहड़ियों व पटरियों-होर्डिंगों को हटाना शुरू कर दिया। जगत फार्म में सैकड़ों से ज्यादा रेहड़ियां व पटरियां अवैध रूप से लगी हुई हैं। कुछ व्यापारी भी अपनी दुकानों के बाहर अवैध रूप से इस तरह की दुकानों को लगवा देते हैं। जिसकी वजह से रोड पर जाम लग जाता है। प्राधिकरण की टीम के द्वारा विशेष अभियान चलाकर सभी रेहड़ी व पटरियों को हटा दिया गया। जेसीबी की मदद से इन सभी को एक कैंटर में भरकर ले जाया गया। प्राधिकरण के द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद व्यापार संगठन से जुड़े हुए लोगों ने प्राधिकरण का आभार जताया। कहा कि समय-समय पर प्राधिकरण को इस तरह का अभियान चलाना चाहिए। अवैध रूप से लगने वाली रेहड़ी और पटरी को हटा देना चाहिए। इसी की वजह से जगत फार्म में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं प्राधिकरण के अधिकारियों ने रेहड़ी लगाने वालों को साफ तौर पर कहा कि अवैध रूप से अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर दोबारा से यहां पर अतिक्रमण किया जाता है तो उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान में अधिकारियों की जिम्मेदारी तय

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- सीडीओ ने कामों का किया आवंटन

एक जुलाई से शुरू होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए सीडीओ अभिनव गोपाल ने विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की है। हर विभाग को रोकथाम में सहयोग देने के साथ-साथ उनके बीच कामों का आंवटन भी किया गया है।

इसके लिए पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग सभी विकास खंडों में तालाबों की सफाई, झाडियों की कटाई का काम कराएगा। नगर निगम आरडब्ल्यू के साथ समन्व्य बैठक करेंगे। नगर निगम, नगर पालिका एवं जिला पंचायती राज विभाग को सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिडकाव, फॉगिंग की जिम्मेदारी दी गई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग साप्ताहिक बाजारों एवं खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थो व मिठाई की जांच करेंगे। कृषि, सिंचाई विभाग मच्छर प्रजनन स्थलों का चिन्हिकरण कर सोर्स रिडक्शन की कार्रवाई, मच्छर प्रजनन पर रोकथाम का काम करेंगे। उद्यान विभाग को मच्छर रोधी पौधे जैसे लेमनग्राम, तुलसी, नीम का पौधारोपण अधिक से अधिक कराएंगे।

जिला उद्योग केन्द्र को कंस्ट्रक्शन साइट पर कार्यरत एजेंसी, फर्म ठेकेदार,श्रमिकों की सूची जिला मलेरिया अधिकारी को उपलब्ध करानी होगी।

# आतिशी की तबीयत बिगड़ी, आईसीयू में भर्ती

## दिल्ली के लिए पानी बड़ा मुद्दा है, विपक्ष के साथ मिलकर संसद में इसे पुरजोर तरीके उठाएंगे : संजय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में पानी संकट को लेकर पिछले पांच दिनों से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठीं जल मंत्री आतिशी की तबीयत सोमवार देर रात बिगड़ी गई। उन्हें एलएनजेपी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है। आम आदमी पार्टी ने अतिशी के अनशन पर विराम लगाने का ऐलान किया है। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि अभी दिल्ली के लिए सबसे बड़ा मुद्दा पानी है और उनकी पार्टी विपक्ष के साथ मिलकर संसद में इसे पुरजोर तरीके उठाएंगे।

संजय सिंह ने कहा कि उनका ब्लड शुगर लेवल गिर 36 पर आ गया था। डॉक्टरों के उनकी जान को खतरा बताने पर उन्हें सोमवार रात ही एलएनजेपी अस्पताल लेकर आए। उन्हें आईसीयू में रखा गया है। आप नेता उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना करते हैं। उनका आरोप है कि पिछले 3 सप्ताह से हरियाणा सरकार दिल्ली के हक का 100 एमजीडी नहीं दे रही है, जिससे 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। आतिशी ने दिल्ली को उनके हक का पानी दिलाने के लिए तमाम प्रयास किए, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

इसलिए मजबूर होकर पिछले 5 दिनों से वह भूख हड़ताल पर थीं। उनकी तबियत बिगड़ रही थी, डॉक्टर उन्हें बार-बार सलाह दे रहे थे कि वह अपना अनशन खत्म कर दें। लेकिन आतिशी ने अनशन जारी रखने पर अड़ी थी। इसके चलते सोमवार रात को उनकी तबियत अचानक बिगड़ना शुरु हो गई।

पहले एलएनजेपी अस्पताल के डॉक्टर्स ने उनकी जांच की। बाद में अपोलो और एलएलजी अस्पताल में भी उनके ब्लड सेंपल की जांच हुई। जिसमें उनका ब्लड शुगर लेवल 43 आया और रात में ही एलएलजेपी के डॉक्टर्स को इसकी सूचना दी गई। डॉक्टरों ने तुरंत अस्पलात में भर्ती कराने की सलाह दी वरना उनके जीवन को खतरा हो सकता है।


अनशन के चौथे दिन आतिशी की तबियत बिगड़ गई, उन्हें एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया।

### सत्याग्रह हमेशा पवित्र मन से किया जाता है : मालीवाल



**नई दिल्ली।** आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन मंगलवार को पांचवें दिन समाप्त हो गया। जिसके बाद आप सांसद स्वाति मालीवाल ने जलमंत्री पर तंज भी कसा और जल्द ठीक होने की दुआ भी की। उन्होंने एक्स पर कहा कि गांधी जी ने अनशन की पवित्र विधि को सत्याग्रह का नाम दिया था। सत्याग्रह जो हमेशा सच्चे और पवित्र मन से किया जाता है। मालीवाल ने कहा कि मैंने दो बार अनशन किया। एक बार 10 दिन और एक बार 13 दिन। मेरे अनशन के बाद देश में बच्चों के बलात्कारियों को फाँसी की सजा हो, ऐसा कानून भी बना। संघर्ष की राह बहुत मुश्किल होती है। कई साल जमीन पे संघर्ष करके ही अनशन करने की शक्ति हासिल होती है। दूसरों के बारे में पूरा दिन झूठी और भ्रामक बातें करने से बचना चाहिए।

### मंत्री स्वस्थ व खुश रहें : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि वह चाहते हैं कि मंत्री आतिशी स्वस्थ रहें, खुश रहें बस जनता को गुमराह करना छोड़ दें। सचदेवा ने कहा है कि वह तो 21 जून से कह रहे थे सत्याग्रह आतिशी के बस की बात नहीं क्योंकि सत्य से उनका कोई रिश्ता नहीं है। सत्याग्रह की मूल भावना होती है सत्या के लिए लड़ना। महात्मा गांधी एवं लाला लाजपत राय से लेकर विनोबा भावे एवं अन्ना हजारे तक सत्याग्रही सत्य को उजागर करने के लिए अनशन करते थे। ना कि अपनी प्रशासनिक नाकामियों को छिपाने के लियें जैसा आतिशी ने करना चाहा था।**



उनका इलाज चल रहा है। हम सब ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि आतिशी जल्द स्वस्थ होकर बाहर आएं। एलएलजेपी के डॉक्टर्स उनकी देखभाल कर रहे हैं। आप सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को भी चिट्ठी लिख कर उसने अनुरोध कर रहे हैं कि वह दिल्ली को उसके हक का पानी दिलवाएं। आप मंत्रियों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने की गुहार लगाए हैं।

# सफदरजंग के आपात चिकित्सा भवन में आग

- दमकल कर्मियों ने तीसरी मंजिल से एक नर्स को सुरक्षित बाहर निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सफदरजंग अस्पताल में पुराने आपात चिकित्सा भवन के एक भंडार कक्ष में मंगलवार को आग लग गई। इस घटना में किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है। दमकल कर्मियों की बहादुरी से इस भवन की तीसरी मंजिल पर फंसी एक नर्स को सुरक्षित बाहर लाया गया। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि अब सब कुछ नियंत्रण में है। आग की वजह से किसी भी मरीज पर कोई असर नहीं पड़ा है।

दिल्ली फायर सर्विस के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि अग्निशमन विभाग को मंगलवार को सुबह करीब 10.40 बजे सफदरजंग अस्पताल के पुराने आपातकालीन चिकित्सा भवन के गेट नंबर छह पर आग लगने की जानकारी मिली थी। सूचना मिलते ही सात दमकल गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। दमकल कर्मी जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि आग इस भवन के गोदाम में लगी थी। घटना के समय अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ. आयुष ने बताया कि उन्हें और अन्य को करीब साढ़े 10 बजे आग लगने के बारे में पता चला। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि थाना सफदरजंग अस्पताल के समीप है और पुलिसकर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अग्निशमन कर्मियों के साथ तालमेल कायम किया जो मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने दावा किया कि भूतल पर शॉट सर्किट के कारण आग लगी और धुएं की वजह से एक नर्स तीसरी मंजिल पर फंस गई जिन्हें वहां से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

डीएफएस के संभागीय अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने कहा, फायर बाउजर समेत 11 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था। आग पर तत्काल काबू पा लिया तथा अस्पताल की एक खिड़की तोड़कर तीसरी मंजिल से एक बुजुर्ग नर्स को बचाया।

## प्रेमनगर आग मामला: पीड़ित परिजन से मिली सहरावत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

द्वारका जिले के छावला थाना इलाके स्थित प्रेम नगर में मंगलवार तड़के एक घर में आग लगने से चार लोगों की मौत की जानकारी मिलने पर पीड़ित परिवार से मिलने और उन्हें सहानुभूति देने के लिए भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत उनके घर पहुंची। सहरावत ने पीड़ित परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया और लोगों को सांत्वना दी। साथ ही भरसक मदद का भरोसा भी दिया। कमलजीत सहरावत ने अपने साथ परिवार से मिलने आये



निगम पार्षद अमित खड़खड़ी को परिजनों की हर संभव मदद करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की एक परिवार के चार सदस्यों की इस हादसे में मृत्यु दुखद है और हमें संदेश देती है की तेज गर्मी में बिजली उपकरणों का सावधानी से उपयोग करें।

# मंगोलपुरी में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

- धार्मिक स्थल का अवैध हिस्सा ध्वस्त, लोगों ने किया विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में मंगलवार को दिल्ली नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। निगम की टीम ने कथित अतिक्रमण के कारण एक धार्मिक स्थल के कुछ हिस्से को ध्वस्त कर दिया, जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। लोगों के विरोध को देखते हुए बड़ी संख्या में मौके पर दिल्लील पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती की गई थी।

इस कार्रवाई के बाद एमसीडी का दस्ता वापस लौट गया। पुलिस का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एमसीडी के कर्मी मंगोलपुरी के वाई ब्लॉक में स्थित एक धार्मिक स्थल के अवैध अतिक्रमण करने वाले हिस्सों को ध्वस्त करने के लिए स्थानीय पुलिस और अर्धसैनिक बलों की एक टुकड़ी के साथ सुबह वहां पहुंचे।

जैसे ही सुबह छह बजे तोड़फोड़ अभियान शुरू हुआ, स्थानीय लोग वहां एकत्र हो गए और उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। अतिक्रमण के खिलाफ इस अभियान के दौरान पथराव किए जाने की अपुष्ट सूचनाएं मिली हैं लेकिन पुलिस ने ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया है।

पुलिस उपायुक्त जिमी चिराम ने कहा कि कुछ लोगों ने पूजा स्थल के हिस्से ढहाए जाने का विरोध किया लेकिन स्थिति अब नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि कुछ दीवारें गिराए जाने के बाद अभियान को अस्थाई रूप से रोक दिया गया है, क्योंकि अतिक्रमण के कुछ हिस्सों को हटाने के लिए भारी मशीनरी की आवश्यकता है।

# आप सरकार ने दिल्ली वालों को बारिश भरोसे छोड़ा : देवेन्द्र यादव

- बोले, आप सीएम की रिहाई पर ध्यान केन्द्रित कर रही है, समस्याओं से कोई सरोकार नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी ने पानी के लिए तरस रही दिल्ली को पूरी तरह बारिश भरोसे छोड़ दिया है। केंद्र और दिल्ली सरकार जनता को राहत देने की बजाय एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप की राजनीति कर रही है।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी पिछले डेढ़ महीने से दिल्ली में पानी की भारी कमी के लिए लगातार संघर्ष कर रही है परंतु भाजपा ने आज तक हरियाणा से पानी छोड़ने की कार्यवाही नहीं की है।

उन्होंने कहा कि गरीब आदमी के घर का बजट बिगड़ गया है, पीने के पानी के लिए गरीब आदमी को प्रतिदिन 100 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे है जबकि केजरीवाल सरकार 10 वर्षों से मुफ्त पानी देने की खोखली बयानबाजी कर रही है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि धरने पर बैठी केजरीवाल सरकार की कैबिनेट के पास इस बात का जवाब नहीं है कि जब दिल्ली भारी जल संकट से जूझ रही है तब टैंकर माफिया कहां से लोगों तक पैसे के बलबूते पानी बेच रहा है। आप और भाजपा की मिलीभगत से पानी की कालाबाजारी और दिल्ली में टैंकर माफिया सक्रिय भूमिका निभा रहा है और भीषण गर्मी में संकट के समय दोनों मिलकर मुनाफा कमा रहे है। उन्होंने कहा कि जब हर वर्ष गर्मी में पानी की मांग बढ़ती है तो क्यों सरकार ने अप्रैल में पानी के उत्पादन में बढ़ोत्तरी के लिए पड़ोसी राज्यों को लिखा।

## हत्या की कोशिश के आरोप में युवक धरा

**नई दिल्ली।** भजनपुरा इलाके में एक युवक पर हत्या की कोशिश की वारदात में वांछित बदमाश शाहबाज उर्फ शादाब को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है।

2020 से आरोपी पुलिस ने बच रहा था और अपने ठिकाने बदलकर रह रहा था। वह तीन वारदातों में पहले भी शामिल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक पुख्ता जानकारी पर आरोपी को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन (कश्मीरी गेट की तरफ) के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ करने पर पता चला कि अक्टूबर 2020 में, उसके भाई सलमान का हेमंत कुमार और अन्य लोगों के साथ झगड़ा हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### एनबीसीसी को मिला सौ करोड़ का वर्क आर्डर

**नई दिल्ली।** एनबीसीसी को हैदराबाद स्थित आरईसी इंस्टीट्यूट ऑफ पावर मैनेजमेंट ट्रेनिंग के मौजूदा भवनों के नवीनीकरण एवं नए प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण का वर्क ऑर्डर प्राप्त हुआ है। परियोजना की कुल लागत लगभग 100 करोड़ रुपये आंकी गई है, जिसमें से 60 करोड़ रुपए नए प्रशिक्षण हॉल, छात्रावास, कक्षाएं, सभागार, रसोई/ भोजन कक्ष समेत सम्पूर्ण परिसर को संवारने में उपयोग किया जाएगा। शेष बचे 40 करोड़ रुपये से पुरानी हो चुकी/ असुरक्षित एलीवेटेड सर्विस रिजर्वायर को ढहाने एवं उसे नई आकृति/ क्षमता के साथ पुनः बनाने एवं कार्यालय भवन, कक्षाओं, छात्रावास एवं संबंधित भवनों सहित मौजूदा आरईसीआईपीएमटी भवनों का नवीनीकरण किया जाना है। एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा विक्रेता के रूप में जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा में प्रतिभाग कर प्राप्त की गयी यह अपने आप में पहली परियोजना है। एनबीसीसी ने जेम के माध्यम से अन्य बोलीदाताओं के साथ प्रतिस्पर्धा करने के बाद उच्चतम अंक प्राप्त करके गुणवत्ता लागत आधारित प्रणाली पद्धति पर यह निविदा हासिल की है।

### ऑटो मैकेनिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर

**नई दिल्ली, वाराणसी।** मोटुल इंडिया ने अपनी सीएसआर पहल, मोटुल सेहत की समृद्धि की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य ऑटो मैकेनिकों, उनके परिवार के लोगों और समुदाय के सदस्यों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाना है, जिसके तहत मंगलवार को वाराणसी में पहले शिविर की शुरूआत हुई। यह भारत के 20 शहरों में स्वास्थ्य जांच सेवाओं के लिए बड़े पैमाने पर आयोजित शिविरों की श्रृंखला का पहला शिविर है। मोटुल इंडिया की अगुवाई में स्माइल फाउंडेशन के साथ मिलकर शुरू की गई यह पहल जून 2024 से मार्च 2025 तक जारी रहेगी। चिकित्सा सेवाओं तक सीमित पहुंच वाले समुदायों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव को कम करने के उद्देश्य से इस पहल की शुरुआत की गई है। आने वाले 9 महीनों के दौरान 80 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### संपत्ति कर बिलों पर 30 जून तक 10 प्रशित की छूट



**नई दिल्ली।** नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने 30.06.2024 को या उससे पहले कर का भुगतान करने पर संपत्ति कर बिल पर 10 प्रतिशत छूट की घोषणा की है। एनडीएमसी ने पहले ही सभी मालिकों को संपत्ति कर बिल जारी कर दिए हैं और यदि किसी करदाता को अब तक बिल नहीं मिला है, तो डुप्लिकेट बिल लेखा अधिकारी (कर) के कार्यालय, 9वीं मंजिल, कमरा नंबर 9009, पालिका केंद्र से सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे के बीच प्राप्त किया जा सकता है। इससे पहले, सभी संबंधितों को सूचित करने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद अधिनियम-1994 की धारा - 70 के तहत आवश्यक एक सार्वजनिक सूचना 13 अप्रैल , 2024 को प्रकाशित की गई थी कि एनडीएमसी की सभी भूमि और भवनों के संबंध में वर्ष 2024-25 के लिए संपत्ति कर का निर्धारण किया जाएगा।

### पेड़ों की कटाई पर डीडीए ने बोला झूठ : भारद्वाज

**नई दिल्ली।** शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सतबड़ी वन्य क्षेत्र में गैरकानूनी तरीके से काटे गए 1100 पेड़ों के संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत किये। उन्होंने डीडीए द्वारा की गई ईमेल की प्रतियाँ मीडिया के सामने पेश करे हुए कहा कि इस ईमेल को पढ़ते ही प्रथम दृश्या यह स्पष्ट हो जाता है, कि 3 फरवरी को उपराज्यपाल सतवड़ी वन्य क्षेत्र का दौरा करने गए थे और इन 1100 वृक्षों को गैर कानूनी तरीके से काटने का आदेश दिया गया था। कल सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच के समक्ष इन 1100 वृक्षों को गैरकानूनी तरीके से काटने के मामले में आपराधिक अवमानना के मामले की सुनवाई की गई और इस सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के वकीलों ने एक बार फिर सर्वोच्च अदालत के समक्ष झूठ बोला। भारद्वाज ने कहा कि डीडीए को एक झूठ छुपाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दोबारा झूठ बोलना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई का हवाला देते हुए भारद्वाज ने कहा कि पहला झूठ तो डीडीए ने यह बोला कि लॉ ऑफिसर को इस बात की जानकारी नहीं थी।

# केजरीवाल की जमानत रद्द होने का भाजपा ने किया स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने हाई कोर्ट के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निचली अदालत से मिली जमानत पर स्थायी स्थगन देने के आदेश का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि शराब नीति घोटाले में केजरीवाल मुख्य आरोपी है और उनकी इसमें संलिप्तता है। यह भी स्थापित हो चुका है। सचदेवा ने कहा कि स्वयं हाईकोर्ट ने 9 अप्रैल को सुनवाई की थी जिसमें कहा था केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी रूप से वैद्य है जांच एजेंसी के पास इसके सबूत है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है स्थिति स्पष्ट होती जा रही है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं की शराब घोटाले में क्या भूमिका है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि यह केजरीवाल की इच्छा है कि वह अब सुप्रीम कोर्ट जाना चाहते हैं क्योंकि इस देश के कानून की खूबी यही है कि यहां हर अपराधी को बार-बार कोर्ट जाने का मौका मिलता है। जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल आप नेता कर रहे हैं कि वह सीधे तौर पर कोर्ट की अवमानना है। किसी विषय पर आपकी असहमति हो सकती है लेकिन अगर कोर्ट के फैसले को ना मानना मतलब अवमानना है।

# पानी की समस्या दूर करे जलबोर्ड : चंदोलिया

- सांसद ने डीजेबी के अधिकारियों संग बैठकर दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जल संकट से दिल्ली वाले परेशान हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए आज उत्तर पश्चिम दिल्ली से सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने दिल्ली जलबोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक कर पूरे मुद्दे पर चर्चा की और पानी की समस्याओं को दूर करने के लिए जरुरी कदम उठाने का निर्देश दिया।

चंदोलिया ने किराड़ी में यूजीआर के लिए दिल्ली जलबोर्ड के सीईओ को पत्र लिखकर इस बात की मांग की है कि वह तुरंत डीडीए से बात करें और जमीन लेकर भूमिगत जलाशय का काम शुरु करें। उन्होंने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में पानी की कमी का तुरंत पता लगाकर उसका समाधान करने का काम करें ताकि इलाके लोगों को पानी मिलने में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन की लीकेज, टैंकर माफियाओं पर लगाम लगाने के साथ ही इस बात को भी सुनिश्चित किया जाए कि हर किसी को समय पर पानी मिल सके। चंदोलिया ने जानकारी देते हुए कहा कि एक यूजीआर के पास 68 टैंकर है जिसमें से 34 टैंकर जलबोर्ड के और 34 टैंकर प्राइवेट है। प्राइवेट टैंकरों के माध्यम से पानी बेचने की शिकायत मिली है। इसी प्रकार हैदरपुर प्लांट के पास 20 टैंकर जलबोर्ड के और 99 टैंकर प्राइवेट है, जिसपर लगाम लगाना सबसे जरुरी है क्योंकि इनके कमान आम आदमी पार्टी के नेताओं के पास रहती है। इसलिए अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगर किसी भी प्रकार की शिकायत आती है तो तुरंत उसपर कार्रवाई हो।


जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ सांसद योगेंद्र चंदोलिया।

# सुपरिंटेंडेंट व सफाईकर्मी को घूस लेते पकड़ा

- महिला कर्मचारी को नियमित करने के लिए मांगे थे 20 हजार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने शाहदरा (उत्तर) जोन, एमसीडी के एक श्रम कल्याण अधीक्षक और एक सफाई कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

एसीबी अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को एसीबी को राजेश नामक व्यक्ति ने अधिकारियों से मिलकर शिकायत दी। राजेश ने बताया कि वह एमसीडी से सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारी है। उसने अपनी पत्नी की सफाई कर्मचारी के रूप में सेवाओं के नियमितीकरण के लिए आवेदन किया है, जो वर्तमान में शाहदरा (उत्तर) जोन, एमसीडी में दैनिक वेतन पर काम कर रही है। श्रम कल्याण अधीक्षक के रूप में तैनात रितेश कुमार नामक एक व्यक्ति अपनी पत्नी की सेवाओं के नियमितीकरण के संबंध में अनुमोदन के बदले में जल सिंह नामक एक सफाई कर्मचारी के माध्यम से 20 हजार रुपये रिश्वत मांग रहा है।

एसीपी श्री जरनैल सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर इंस्पेक्टर अजीत झा, आरएन पाठक के निर्देशन में एसआई नरेश, हेड कांस्टेबल विवेक, कृष्ण, आशीष और छोटे लाल को आरोपियों को पकड़ने का जिम्मा सौंपा गया।

दोपहर एक बजे टीम शिकायतकर्ता के साथ मीटिंग प्वाइंट यानी शाहदरा (उत्तर) जोन, एमसीडी, दिल्ली में श्रम कल्याण अधीक्षक के कार्यालय में पहुंची। सफाई कर्मचारी जल सिंह वहां आया और शिकायतकर्ता से मिला। उन्होंने शिकायतकर्ता को श्रम कल्याण अधीक्षक के सामने पेश किया। जांच टीम ने श्रम कल्याण अधीक्षक रितेश कुमार और उनके सहायक सफाई कर्मचारी जल सिंह को शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

# खतरनाक भवनों का सर्वे कराए निगम : भाजपा

- निगम आयुक्त अश्वनी को दुर्घटना से अवगत करवाया : कपूर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पुरानी दिल्ली में एक सप्ताह में तीसरे खतरनाक भवन के गिरने के बाद प्रदेश भाजपा ने ऐसे भवनों का सर्वे करने का मुद्दा उठाया है ताकि जनहानि से बचा जा सके। पार्टी ने निगमायुक्त से एक सप्ताह में पूरी पुरानी दिल्ली का व्यापक सर्वे करवा कर खतरनाक भवनों पर कार्रवाई की मांग की है। नगर निगम द्वारा खतरनाक भवन विभाग बंद कर खतरनाक भवन सर्वे एवं कार्रवाई का काम मेंटेनेंस विभाग को देने से सर्वे लापरवाही एवं दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि पूरी दिल्ली में हजारों जर्जर मकान हैं जो रखरखाव के अभाव में खतरनाक स्थिती में पहुंच गये हैं चिंता की बात यह है की हजारों मकान जर्जर हालत में खड़े हैं या तो उनमें लोग परिवार के साथ रह रहे हैं। गत 17 जून से 25 जून के बीच पुरानी दिल्ली के सीताराम बाजार वार्ड 75 में दो मकानों के जर्जर हिस्से अचानक गिरने के बाद मंगलवार को लोहे वाली, चरखेवालान में एक इमारत का बड़ा हिस्सा भरभरा कर गिर गया। इस भवन में परिवार रहता है। कपूर ने बताया उन्होंने कई बार महापौर शैली ओबरॉय से खतरनाक भवनों के सर्वे के साथ उनपर कार्रवाई और मरम्मत कराने की मांग कर रहे है। आज निगमायुक्त अश्वनी कुमार को दुर्घटना से अवगत करवाया है। निगमायुक्त ने तुरंत मकान को खाली करने एवं खतरनाक हिस्से को तोड़कर मरम्मत करने के निर्देश जारी किए हैं। भाजपा नेता ने निगमायुक्त को बताया की पुराने चूने से या हल्की सिमेंट से बने मकानों में इस वर्ष की अभूतपूर्व गर्मी के चलते दरारें बढ़ी हैं और आगामी मानसून में अनेक और मकान ढह सकते हैं।



पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 26 जून, 2024



# दस से पचास रुपये तक में तैयार कर देते थे पार्किंग, टैक्स व टोल की फर्जी रसीदें, दबोचे

● सूचना मिलने पर सीएम फ्लाईंग ने आरटीओ कार्यालय के साथ मिलकर की कई स्थानों पर छापेमारी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

सरकार को चूना लगाकर खुद पैसा कमाने के लिए यहां एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन व मॉल की पार्किंग के साथ-साथ टोल की फर्जी रसीदें बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। गुप्त सूचना के आधार पर सीएम फ्लाईंग व आरटीओ अधिकारियों ने छापेमारी की और इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। मौके से टीम ने कम्प्यूटर व रसीदें बरामद की हैं।

सीएम फ्लाईंग को सूचना मिली थी कि गुरुग्राम के थाना सेक्टर-40 क्षेत्र में सिग्नेचर टावर, सैनी खेड़ा गांव में राम मंदिर के पास, थाना पालम विहार क्षेत्र के शहीद लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक से पुराना दिल्ली रोड पर एयरफोर्स स्टेशन के सामने में कॉमर्शियल गाड़ियों की फर्जी टैक्स की रसीदें तैयार की जाती हैं। उन रसीदों के माध्यम से टैक्सी ड्राईवर आसानी से टोल क्रॉस कर जाते हैं। यहीं पर एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, मॉल की पार्किंग की भी फर्जी रसीदें तैयार की जाती थीं। ऐसा करके सरकार व निजी एजेंसियों को लाखों रुपये का चूना लगाया जा रहा था। गुरुग्राम में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता गुरुग्राम व आरटीओ कार्यालय गुरुग्राम की साझा टीम द्वारा छापेमारी की गई। सेक्टर-40 में अजीत वर्मा पुत्र महिपाल वर्मा निवासी उत्तर प्रदेश मिला। पालम विहार में शुभम यादव पुत्र कन्हैया लाल यादव निवासी उत्तरप्रदेश मिले।

कंप्यूटर व प्रिंटर भी मौके से बरामद किए गए। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि हम राममूर्ति यादव निवासी उत्तर प्रदेश के लिए कार्य करते हैं। फर्जी रसीद से जितने पैसे मिलते हैं, वो सभी राममूर्ति यादव ही लेता है। यह कार्य काफी दिनों से किराये पर कमरे लेकर कर रहे थे। आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-40 व थाना पालम विहार गुरुग्राम में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



गुरुग्राम में कम्प्यूटर पर इस तरह से तैयार की जाती थी फर्जी रसीदें।


सेक्टर-40 में फर्जी रसीदें तैयार करने वाले स्थान पर जांच करती सीएम फ्लाईंग।

### आसानी से टोल क्रॉस कर जाते थे वाहन चालक

पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपी टैक्सी ड्राइवरों के लिये हरियाणा, राजस्थान, यूपी व अन्य राज्यों की कॉमर्शियल गाड़ियों के टैक्स, किसी भी पार्किंग जैसे मॉल, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन आदि की पार्किंग व किसी भी टोल प्लाजा की रसीद 10 रुपये से 50 रुपये तक में निकालकर कम्प्यूटर में एडिट करके देते हैं। जांच करने पर दोनों आरोपियों के पास काफी मात्रा में राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश आदि की कई गाड़ियों की टैक्स की फर्जी रसीदें मिलीं। उन रसीदों के माध्यम से टैक्सी ड्राईवर आसानी से टोल क्रॉस कर जाते हैं।


मंगलवार को प्रदर्शन करके एनईईटी परीक्षा में हुई धांधली का विरोध करते यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता।

## 100 से ज्यादा चालान नहीं भरने वाले 19 वाहन किए गए जब्त

**गुरुग्राम।** यातायात पुलिस के अधिकारियों और जेडओ ने आईसीसीसी की सहायता से पिछले 10 दिनों में 19 ऐसे वाहनों को इंपाउंड किया है, जिनके 100 से अधिक चालान जारी किए जा चुके थे तथा वाहन मालिकों ने इनका भुगतान नहीं किया था। यातायात पुलिस द्वारा जब्त किए गए वाहनों में 13 ऑटो और 6 बाइक शामिल हैं। उपरोक्त इन सभी इंपाउंड किए गए वाहनों को सेक्टर-29 पार्किंग और राजीव चौक पार्किंग में यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा खड़ा कराया गया है।

## नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

● शिक्षा मंत्री के इस्तीफे व मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से कराने की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

एनईईटी परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में यूथ कांग्रेस ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने देश के शिक्षा मंत्री से इस्तीफा दिए जाने की मांग की। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं योगेश कुमार, अमरजीत, प्रदीप आदि ने कहा कि गत 10 सालों के दौरान भाजपा राज में 40 से अधिक पेपर लीक हुए हैं, जो कि देश की शिक्षा प्रणाली की पोल खोलते हैं।

मोदी सरकार पेपर लीक होने से नही रोक पा रही है। यह युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है। युवा दिन रात मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करते हैं। जब परीक्षा देते हैं तो पेपर लीक हो जाता है।

## अलीगढ़ रोड से लावारिस हालत में मिली आठ महीने की बच्ची

**पलवल।** चौधरी होटल के पास अलीगढ़ रोड के नजदीक गड्ढे में लगभग 8 महीने की बच्ची लावारिस अवस्था में रोती हुई मिली है। जिला बाल कल्याण अधिकारी सत्येंद्र तेवतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्ची ने हरे रंग की शर्ट और निक्कर डाल रखी है। लावारिस हालत में बच्ची मिलने की रिपोर्ट कैंट थाने में दर्ज करवाई गई है। इस बच्ची को जिला बाल संरक्षक कार्यालय पलवल के मध्यम से बाल कल्याण समिति द्वारा बाल घर में रखा गया है। जिस किसी परिजन की यह बच्ची है वह जिला कल्याण विभाग के कार्यालय में संपर्क करके बच्चे के बारे में जानकारी ले सकता है। इसके अलावा मोबाइल नंबर-8930322698, 9813260380 पर भी कॉल करके बच्ची के बारे में जानकारी ले सकता है।

## निगमायुक्त मोना ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

● एक्सईन को दिए निर्देश, ओल्ड फरीदाबाद डिवीजन तीन के सभी नालों को कराएं साफ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

समूचे नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर निगम आयुक्त मोना ए श्रीनिवासन ने क्षेत्र का दौरा कर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया।

निगमायुक्त ने ओल्ड फरीदाबाद डिवीजन तीन 3 के एक्सईएन सुशील ठाकरान को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र के अन्तर्गत पडने् वाले सभी बड़े नालों व नालियों की सफाई व्यवस्था को मानसून शुरू होने से पूर्व साफ किया जाए, ताकि बरसाती सीजन में लोगों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े। इस मौके पर एक्सईएन ने बताया कि क्षेत्र के अन्तर्गत नाले व नालियों की सफाई के लिए 11 जेसबी, 17 डम्फर व 23 ट्रैक्टर-ट्रालियों मलबा उठाने के लिए लगाई गई है। साथ ही सभी ओल्ड फरीदाबाद डिवीजन तीन 3 के सफाई निरीक्षक, उपनिरीक्षकों व अन्य कर्मचारियों को भी कार्य में तेजी लाने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके है।

उधर, निगम के एसीएमसी गौरव अंतिल ने सफाई व्यवस्था को लेकर समूचे नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत वार्डों में कार्य कर रहे एक्सईएन व अन्य अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए निर्देश दिए कि इसी माह के अन्त तक सफाई नाले नालियों को साफ कर जलभराव से लोगों को निजात दिलाने का काम करें।

## केंद्रीय मंत्री ने की सफाई व्यवस्था व जलभराव निकासी की समीक्षा

### बोले, गुरुग्राम एक वैश्विक शहर, यहां गंदगी व जलभराव की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाना जरूरी

● निगम आयुक्त व उपायुक्त से विकास कार्यों की रिपोर्ट मांगी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हॉउस के मीटिंग हॉल में प्रशासनिक अधिकारियों संग बैठक कर गुरुग्राम शहर से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था सहित बरसात के समय होने वाले जलभराव के लिए किए जा रहे इंतजामों की समीक्षा की।

केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान जीएमडीए के सीईओ ए. श्रीनिवास, नगर निगम के कमिश्नर नरहरि सिंह बांगड़ व डीसी निशांत कुमार यादव से गुरुग्राम में किए जा रहे विकास कार्यों की रिपोर्ट भी मांगी। इस दौरान बैठक में मण्डलायुक्त रमेश चंद्र बिधान भी मौजूद रहे।

राव इंद्रजीत सिंह ने समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुग्राम एक वैश्विक शहर है। ऐसे में शहरी क्षेत्र में स्थित लोगों को स्वच्छ वातावरण मुहैया कराते हुए अधिकारियों के स्तर पर गंभीरता से प्रयास करते हुए कूड़े व जलभराव की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने समयबद्धता के साथ शहर के व्यस्ततम इलाकों से कूड़ा उठा लिये जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विस्तारित क्षेत्रों के सफाई व्यवस्था, सीवर व्यवस्था को ठीक करने हेतु कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया।


अधिकारियों के साथ बैठक करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

## फर्रुखनगर को उपमंडल बनाने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हैरीटेज सिटी फर्रूखनगर उपमंडल बनाने की मांग को लेकर मंगलवार को क्षेत्र का एक प्रतिनिधि मंडल हरियाणा पुलिस के पूर्व अधिकारी बाबूलाल काटीवाल के नेतृत्व में केन्द्रीय राज्य मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह से मिला। उन्हें मांग पत्र सौंपकर इलाके को उपमंडल का दर्जा दिलाने की पुरजोर मांग की।

केंद्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने प्रतिनिधि मडंल को आश्वासन देते हुए कहा कि उप मंडल का दर्जा मिलना चाहिए। वह इसके लिए हमेशा से वकालत करते रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बारे में बात करेंगे। जिससे एतिहासिक शहर फर्रूखनगर को उप मंडल का दर्जा मिल सके। सौंपे गए पत्र में हरियाणा पुलिस के पूर्व अधिकारी बाबू लाल काटीवाल, नन्द किशोर यादव, समाजसेवी राधे श्याम सैनी, नरेश शर्मा आदि ने बताया कि हरियाणा जैसे प्रगतिशील राज्य के जिला गुरूग्राम जैसे विश्यस्तरीय जिले का हिस्सा होने के बावजूद भी फर्रुखनगर जैसे ऐतिहासिक ब्लॉक आज भी विकास की मुख्यधारा से अछुता है। फर्रूखनगर ब्लॉक का आजादी, जिले व प्रदेश के विकास में अहम किरदार रहा है। जिला गुरुग्राम में चार ब्लॉक फर्रूखनगर, सोहना, गुरुग्राम, पटौदी आते है। सरकार द्वारा जिला गुरुग्राम में ब्लॉक पटौदी, सोहना, गुरुग्राम यहां तक कि गांव बादशाहपुर व मानेसर को उपमंडल तथा निगम का दर्जा दिया जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार


पंजाब एंड सिंध बैंक द्वारा लगाए रक्तदान शिविर में खून देता रक्तदाता।

### पंजाब एंड सिंध बैंक ने दान किए वाटर कूलर

**गुरुग्राम।** पंजाब एंड सिंध बैंक आंचलिक कार्यालय गुरुग्राम ने सामुदायिक कल्याण के लिए अपनी चल रही प्रतिबद्धता के तहत और 24 जून को अपने 117वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में, 19 जून को रक्तदान शिविर तथा 21 जून को स्कूलों और अस्पतालों को वाटर कूलर दान की प्रभावशाली पहल की एक श्रृंखला की मेजबानी की। दर्पण अग्रवाल, जोनल मैनेजर जोन गुरुग्राम ने इन पहलों के लिए उत्साह व्यक्त किया। सकारात्मक प्रभाव को बढ़ावा देने और सामुदायिक संबंधों को मजबूत करने में उनके महत्व पर जोर दिया।

### स्पा में अवैध रूप से शराब परोसने पर 2 काबू

**गुरुग्राम।** थाना सेक्टर-50 के अंतर्गत पुलिस ने एक मॉल में बने स्पा सेंटर में छापेमारी की। पुलिस को सूचना थी कि वहां पर अवैध रूप से शराब परोसी जाती है। मुखबिर की पुख्ता था, पुलिस ने मौके पर दबिश देकर इसका भंडाफोड़ किया। थाना सेक्टर-50 गुरुग्राम की पुलिस टीम को अपने विश्वसनीय सूत्रों से एक सूचना ओमेक्स मॉल में गोल्डन सपा में अवैध रूप से/बिना परमिट शराब परोसे/पिलाए जाने के संबंध में प्राप्त हुई। सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना सेक्टर-50 की पुलिस टीम ओमेक्स सिटी सेंटर में गोल्डन सपा में पहुंची जहां पर पुलिस टीम द्वारा अवैध रूप से शराब परोसते हुए 2 आरोपियों को काबू किया गया, जिनकी पहचान गुडु निवासी गांव मंगवा जिला मुंगेर (बिहार) वर्ष व कुलदीप निवासी होडल के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त आरोपियों द्वारा अवैध रूप से/बिना परमिट के शराब परोसने/पिलाया जाना पाए जाने पर इनके खिलाफ थाना सेक्टर-50 में एक्साईज एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

### डेरा प्रेमियों ने गरीब को दी रसोई व शौचालय की सौगात

**गुरुग्राम।** निस्वार्थ भाव से काम करने की समाज में प्रेरणा बने हुए हैं एमएसजी मानवता भलाई केंद्र के सेवादार। दीन-दुखियों, बीमारों की दवा, राशन, खाना आदि देकर नियमित तौर पर सेवा तो ये सेवादार कर ही रहे हैं। साथ में अति गरीबों को आशियाने बनाकर देने की भी बड़ी सेवा ये सेवादार करने में पीछे नहीं रहते। ऐसे ही एक गरीब परिवार को शाह सतनाम ग्रीन एस. वेलफेयर विंग के सेवादारों ने किचन व शौचालय बनाकर दिया। गुरूजी संत डा. राम रहीम सिंह इंसा की पावन शिक्षाओं पर चलते हुए बोहड़ाकलां ब्लॉक की साध-संगत को एक अति जरूरतमंद बहन सुनीता पुत्री टेकचंद निवासी गांव बोहड़ाकलां के घर रसोई व शौचालय ना होने के बारे में पता चला। संगत की ओर से चर्चा करके उनकी मदद करने का निर्णय लिया गया। बोहड़ाकलां ब्लॉक प्रेमी सेवक जगदीश इंसा के नेतृत्व में काफी संख्या में संगत सुनीता के घर पहुंची और उनके घर रसोई व शौचालय बनाने का काम शुरू किया।

## कैरम प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिरिक्त आयुक्त ने प्रदान कीं ट्रॉफी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा कैरम संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय हरियाणा स्टेट व अंतर जिला कैरम प्रतियोगिता का समापन बड़े उत्साह व अच्छी वातावरण में संपन्न हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ टाउन प्लानर देवेंद्र पाल ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। पुरस्कार 10 विभिन्न वर्गों के प्रथम तीन-तीन विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की गई। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने विजेताओं को बधाई दी व सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा किसी भी प्रतिभागी को हार से निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि प्रतियोगिता में भाग लेना ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया की कैरम का खेल एकाग्रता का खेल है और कैरम के खिलाड़ी इस खेल को पेशेवर खेल के रूप में भी अपना सकते हैं। हरियाणा कैरम संघ के महासचिव एस के शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कैरम के खेल को खिलाड़ी कैरम के खेल को पेशेवर खेल के रूप में अपना सकते हैं। उन्होंने कैरम के खेल से विद्यार्थियों को अध्ययन में कैसे मदद मिल सकती है ये भी समझाया। एस के शर्मा ने कैरम खेल खेलने को लेकर प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरणादायक बातें समझाई।

आयोजन सचिव गौरव शर्मा ने बताया की हरियाणा स्टेट व अंतर जिला कैरम प्रतियोगिता की मेजबानी एचलोन टेक्नोलॉजी संस्थान ने की।



## व्यापारियों के मुद्दों को लेकर होगा सम्मेलन: नवीन

● भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ कोर समिति बैठक में लिया निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की कोर समिति की बैठक कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा, हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने की। इस बैठक में आगामी कार्य योजना की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही व्यापारी वर्ग के हितों के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ छोटी टोली का आगे का रोड-प्लान तय किया गया।

इस अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल को गुरुग्राम, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, पलवल, फरीदाबाद, मेवात का प्रभारी बनाया गया। प्रदेश सह-संयोजक रामनिवास गर्ग को पंचकुला, अंबाला, यमुनानगर का प्रभारी बनाया गया। प्रदेश सह-संयोजक धीरज वालिया को कुरुक्षेत्र, भिवानी, दादरी, झज्जर, रोहतक, सोनीपत का प्रभारी बनाया गया। प्रदेश सह-संयोजक सौरभ चौधरी को जींद, सिरसा, फतेहाबाद, कैथल, हिसार, करनाल, पानीपत का प्रभारी बनाया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने बहुत ही कम समय में हरियाणा में प्रदेश के व्यापारियों तक पहुंच बनाई है। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके समाधान के प्रयास किए हैं। व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश की अनाज मंडियों, सब्जी मंडियों में व्यापारियों के बीच, बाजारों में व्यापारियों, दुकानदारों के बीच पहुंचकर निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन के क्रियाकलापों और सरकार की ओर से योजनाओं को व्यापारी वर्ग तक पहुंचाने में व्यापार प्रकोष्ठ सक्रिय और अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा एक-एक व्यापारी से संपर्क करेगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में व्यापारी भाइयों के मुद्दों को लेकर बड़े स्तर पर व्यापारी सम्मेलन किया जाएगा।


भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की कोर समिति की बैठक में व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा, हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल का स्वागत करते कुरुक्षेत्र के पदाधिकारी।

## एससी-ओबीसी विरोधी मानसिकता से पीड़ित है भाजपा: राज बब्बर

● बोले, बीजेपी ने क्रीमी लेयर सीमा घटाकर लाखों ओबीसी से छीना आरक्षण, शिक्षा व नौकरी से करना चाहती है वंचित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

रिष्ठ कांग्रेस नेता राज बब्बर का कहना है कि बीजेपी पूरी तरह एससी और ओबीसी विरोधी मानसिकता से पीड़ित है। इसलिए जब से प्रदेश की सत्ता में भाजपा आई है, वो लगातार दलित और पिछड़ों के आरक्षण व अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। यह बात उन्होंने मंगलवार को जारी बयान में कही।

राज बब्बर ने कहा कि बीजेपी ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की क्रीमी लेयर को 8 लाख से घटकर 6 लाख किया था। साथ ही इसमें बीजेपी ने कृषि और वेतन की आय को भी जोड़ दिया। जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान 27 मई 2013 को क्रीमी लेयर की आय सीमा को निर्धारित करते हुए इससे कृषि और वेतन की आय को अलग कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि आज केंद्र की क्रीमी लेयर लिमिट भी 8 लाख रुपये है, लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार ने इसे घटाकर 6 लाख कर दिया और इसमें कृषि व वेतन की आय भी जोड़ दी। इसके चलते पिछड़ा वर्ग के लाखों लोग आरक्षण के अधिकार से वंचित हो गए। अब पिछड़ा वर्ग के सामने बीजेपी की सच्चाई उजागर हो गई तो बीजेपी की तरफ से ये लिमिट को बढ़ाकर वापस 8 लाख करने की बात कही जा रही है। जबकि इसको लेकर अभी तक कोई सरकारी दस्तावेज सामने नहीं आया है। इसके बारे में सीएमओ की तरफ से की गई सोशल मीडिया पोस्ट को भी डिलीट कर दिया गया है। राज बब्बर ने कहा कि प्रदेश की नौकरियों में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं। लेकिन बीजेपी जान-बूझकर इन पदों को नहीं भर रही। क्योंकि पक्की भर्तियां होंगी तो एससी और ओबीसी को आरक्षण देना पड़ेगा। लेकिन बीजेपी ऐसा नहीं चाहती। इसलिए पिछड़ा वर्ग के हजारों पद खाली पड़े हुए हैं और एक बड़ा बैकलॉग प्रदेश की नौकरियों में इकट्ठा हो गया है। इसके विपरीत कांग्रेस कार्यकाल के दौरान पिछड़ा वर्ग की सभी जातियों को आरक्षण का उचित लाभ देने के लिए कई कदम उठाए गए।

ग्रुप-ए और ग्रुप-बी की अलग-अलग कैटेगरी बनाकर उनको आरक्षण को 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया गया था। ग्रुप-ए को 10 प्रतिशत और ग्रुप-बी को 5 प्रतिशत आरक्षण दिया था, जबकि उससे पहले कुल मिलाकर ओबीसी आरक्षण सिर्फ 10 प्रतिशत था। राज बब्बर ने कहा कि बीजेपी कभी भी दलित और पिछड़ा समाज की भलाई के बारे में नहीं सोच सकती। सभी को इस सरकार की नीयत और विचारधारा का पता चल चुका है। इसीलिए दलित-पिछड़ा वर्ग ने मिलकर लोकसभा चुनाव में बीजेपी को सबक सिखाया। उसी का बदला लेने के लिए बीजेपी प्रदेश से सरकारी नौकरियों और सरकारी शिक्षा तंत्र को खत्म कर रही है।



## 'किसानों की आय बढ़ाने में मददगार है मत्स्य संपदा योजना'

● मछली पालन के लिए दी जा रही सब्सिडी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा ने बताया कि किसानों की आय में वृद्धि के लिए सरकार द्वारा ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत किसानों को खेती के साथ साथ मछली पालन करने के लिए सब्सिडी मिल रही है।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा ने कहा कि जिला में किसानों को प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना वर्ष 2024-25 के तहत तालाब खुदाई, खाद-खुराक, रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम, बायोफलोक, थ्री व्हीलर विद आइस बॉक्स, मोटर साइकिल विद आइस बॉक्स, साइकिल विद आइस बॉक्स पर सरकार द्वारा वित्तीय सहायता दी जाती हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि किसानों को नए तालाब की खुदाई के लिए अनुमानित राशि 7.00 लाख रुपये खर्चा आएगा जिसके लिए सामान्य वर्ग को अनुमानित राशि पर 40 प्रतिशत तथा एससी, एसटी व महिलाओं को 60 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। वहीं मछलियों की खाद-खुराक के लिए अनुमानित राशि 4 लाख रुपये का खर्चा आएगा जिसके लिए सामान्य वर्ग को 40 प्रतिशत और एससी, एसटी व महिलाओं को 60 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। वहीं बायोफ्लॉक यूनिट के लिए अनुमानित राशि 50 लाख रुपए का खर्चा आएगा जिसके लिए सामान्य वर्ग को 40 प्रतिशत तथा एससी, एसटी व महिलाओं को 60 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 26 जून, 2024



## हज त्रासदी

### तैयारी जरूरी

**हज यात्रा** में तीर्थयात्रियों की दु:खद मौतों के बाद बेहतर तैयारियों तथा सऊदी अरब सरकार की बेहतर प्रतिक्रिया की आवश्यकता उजागर होती है। यह वर्ष सर्वाधिक दु:खद हज यात्राओं में से एक रहा है जब 98 भारतीय हाजियों की मौत की पुष्टि हो गई है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इन मौतों का कारण सऊदी अरब के मक्का में चलने वाली अभूतपूर्व लू थी। यह त्रासदी हालिया वर्षों में सर्वाधिक भयानक गर्मी के कारण हुई जिसमें तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया जिससे विभिन्न देशों के 1,000 से अधिक हज यात्रियों की मृत्यु हो गई। उच्च तापमान और अत्यधिक नमी के कारण अनेक तीर्थयात्रियों में गर्मी के कारण बीमारियां पैदा हो गईं। इनका असर खासकर पहले से बीमारियों का शिकार व वृद्ध लोग हुए। लू लगने तथा निर्जलीकरण के कारण चिकित्सा सुविधाओं पर बहुत बोझ पड़ा जिसके कारण बड़ी संख्या में लोग बीमार हुए या मर गए। पीड़ितों में मिस्र, इंडोनेशिया व जार्डन के नागरिक बड़ी संख्या में थे। इससे इस त्रासदी का व्यापक वैश्विक प्रभाव पता चलता है और हज यात्रियों के लिए बेहतर सुरक्षा व्यवस्थाओं की आवश्यकता उजागर होती है। हज यात्रा में हर साल लाखों मुसलमान मक्का आते हैं। हालांकि, सऊदी अरब हज यात्रियों की सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करता है, पर इसके बावजूद अनेक त्रासद घटनायें हो जाती हैं। तीर्थयात्रियों की मौतों के पीछे स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे बड़ा कारण हैं जिनमें गर्मी के कारण पैदा बीमारियां भी शामिल हैं। भयानक गर्मी और शारीरिक थकान के कारण निर्जलीकरण हो जाता है, लू लग जाती है तथा अन्य समस्यायें पैदा होती हैं। 2018 में भी दर्जनों



हज यात्री भयानक गर्मी के कारण मर गए थे जो इस मौसम में सऊदी अरब में सामान्य बात है।

लू के विनाशकारी प्रभाव के कई कारण हैं। पहला, जलवायु परिवर्तन निरंतर स्पष्ट होता जा रहा है। इसके कारण अक्सर वैश्विक तापमान बढ़ने की घटनायें होती हैं तथा भयानक लू चलती है। इससे खासकर मध्यपूर्व में मौसम बहुत खराब हो जाता है तथा ऐसे आयोजन जानलेवा साबित हो सकते हैं। दूसरा, बड़ी संख्या में हज यात्रियों को सुविधायें देने के लिए ढांचागत संरचना में भारी निवेश के बावजूद मौसम का बहुत खराब होना इन सुविधाओं पर भारी पड़ता है। इससे उपयुक्त चिकित्सा देखभाल तथा शीतलन समाधान प्रदान करने में बाधा आती है। इसके साथ ही बहुत से हज यात्री भयानक गर्मी से निपटने के लिए ठीक से तैयार नहीं होते हैं। बहुत से लोगों को इसके बारे में समुचित जानकारी नहीं थी या वे इतने खराब मौसम से निपटने में अक्षम थे। उनको समुचित मात्रा में निर्जलीकरण से बचाने तथा अन्य रक्षात्मक उपायों की कमी थी जिसके कारण बड़ी संख्या में हज यात्रियों की मौत हुई। भविष्य में ऐसी त्रासदियों से बचने के लिए अनेक उपाय करने की आवश्यकता है। मौसम की पूरी सतर्कता से निगरानी की जानी चाहिए तथा सही समय पर लू संबंधी जानकारी से हज यात्रियों व अधिकारियों को बेहतर तैयारी करने का अवसर मिलेगा। लू की चेतावनियों की जीवन्त व्यवस्था तथा आवश्यक सावधानियों के बारे में महत्वपूर्ण सूचनायें देने से भविष्य में जोखिम को घटाया जा सकता है। इसके साथ ही ढांचागत संरचना में व्यापक स्तर पर सुधार की जरूरत है। इसमें ज्यादा छायादार क्षेत्रों तथा 'कूलिंग सेंटरों' की स्थापना शामिल है। इसके साथ ही इस बात के प्रयास आवश्यक हैं कि हज यात्रियों में निर्जलीकरण न होने पाए, उनको समुचित मात्रा में पानी और द्रव पदार्थ दिए जाएं ताकि उनको गर्मी संबंधी स्वास्थ्य मुद्दों से सुरक्षा दी जा सके।

# भ्रष्टाचार का विकास पर प्रभाव

**वैश्विक स्तर पर भ्रष्टाचार-उन्मूलन के अनेक प्रयासों के बावजूद व्यवस्था में भ्रष्टाचार बना हुआ है। इससे भारत में लोकतंत्र का भविष्य तथा उसका सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य प्रभावित होता है।**

**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



वैश्विक स्तर पर भ्रष्टाचार-उन्मूलन के अनेक प्रयासों के बावजूद व्यवस्था में भ्रष्टाचार बना हुआ है। इससे भारत में लोकतंत्र का भविष्य तथा उसका सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य प्रभावित होता है। कुछ दिन पहले मेरे एक अमेरिकन परिचित कोलकाता जाने के रास्ते पर दिल्ली से गुजर रहे थे। उन्होंने पिछले दस साल में भारत द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने स्वीकार किया कि भारत का विकास और प्रगति किसी भी दृष्टिकोण से आश्चर्यजनक है। लेकिन वे इस बात से बहुत परेशान थे कि यही भारतीय इतने अधिक भ्रष्टाचार को कैसे सहन करते हैं। भारत में भ्रष्टाचार बहुत व्यापक है और इसका व्यापक स्तर पर लोगों की सोच पर प्रभाव पड़ता है। उनको पता लगा कि भारत में कई राज्यों के मुख्यमंत्री वर्तमान समय में जेलों में बंद हैं। उन्होंने मुझे बताया, अमेरिका में लोग इस बात पर आश्चर्य करते हैं कि भारतीय जनता इतने बड़े स्तर पर दुर्व्यवहार कैसे सहन करती है और इसके कारण दुनिया भर में उसका सम्मान गिरता है। इसकी तुलना में दूसरे देशों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि कुछ साल पहले जापान के एक प्रधानमंत्री को जेल जाना पड़ा था। लेकिन इस घटना से जापानी जनता बहुत व्यथित हुई और इसके बाद से, जहां तक हमें पता है ऐसी घटना फिर दुहराई नहीं गई। मेरे अमेरिकन परिचित एक तथ्य पर जोर दे रहे थे कि भारत में भ्रष्टाचार लगातार जारी रहने और इसकी व्यापक स्तर पर उपस्थिति के बावजूद आम जनता में इसके प्रति कोई शर्म या परेशानी की भावना नहीं है।




ऐसा नहीं कि दुनिया में कहीं और भ्रष्टाचार नहीं है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति तथा एक बार फिर 2024 में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को न्यूयार्क की एक अदालत ने 'फेलोनी' या झूठ बोलने का दोषी पाया है। यह कदाचार से ज्यादा गंभीर अपराध है। कुछ दिनों पहले वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन के पुत्र हंटर बाइडेन को नशीले पदार्थों के उपयोग के बारे में तथ्य छिपाने का दोषी पाया गया है। इसकी तुलना में भारत का रिकार्ड न केवल सहन सीमा में है, बल्कि यहां दागी मुख्यमंत्रियों और राजनेताओं को 'सजा' भी मिली है जो अपने आप में अत्यधिक उल्लेखनीय है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को जानवरों के लिए निर्धारित सरकारी बजट से 600 करोड़ रुपये गबन का दोषी पाया गया। यह ऐसे देश में हुआ जहां लोग गाय को माता मान कर उसकी पूजा करते हैं। तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय जयललिता एक समय सिनेमा की लोकप्रिय नायिका थीं, पर उनको भी भ्रष्टाचार के मामले में जेल जाना पड़ा। हाल ही में भ्रष्टाचार के आरोपों में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा दिल्ली के वर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल जाना पड़ा।

हेमंत सोरेन तथा अरविंद केजरीवाल पर हजारों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोप हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या इन नेताओं को अपना अस्तित्व बचाए रखने, अपनी सरकारें चलाने या चुनाव लड़ने के लिए पैसे की आवश्यकता के कारण भ्रष्टाचार करना पड़ा? इसका जवाब निश्चित रूप से 'नहीं' है। लगता है कि उन्होंने लालच के कारण हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार किया। आश्चर्यजनक है कि इन लोगों को अपने किए पर कोई पछतावा तक नहीं है, जैसे कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया हो।

पिछले वर्षों में मुझे अनेक सजा प्राप्त चोरों और अपराधियों से मिलने का मौका मिला। इनमें से कुछ ने विरोध प्रकट करते हुए कहा कि उनको 'जरूरत से ज्यादा दंड मिला'। लेकिन इनमें से किसी ने पश्चाताप की जरा भी भावना नहीं व्यक्त की, न ही उन्होंने इस बात पर कोई अफ्सोस किया कि उनको ऐसा काम नहीं करना चाहिए था। विडंबना है कि भारत में भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए या इसके आरोपित लोग बार-बार न केवल चुनाव लड़ते रहे, बल्कि जोश के साथ चुनाव प्रचार भी करते रहे। अक्सर इनमें से अनेक प्रबल बहुमत से चुनाव जीतने में भी सफल हुए। इस परिघटना से यह संदेश भी गया कि शायद मतदाताओं को उनके 'भ्रष्टाचारी कृत्यों' की जरा भी चिन्ता नहीं है। ऐसे में यह सवाल भी स्वाभाविक रूप से उठता है कि जनता में भ्रष्टाचार की इस परोक्ष या प्रत्यक्ष स्वीकार्यता के प्रति समाज विज्ञानी क्या कहते हैं? आखिर ऐसी परिघटना का क्या कारण है? अधिकांश मतदाताओं के ईमानदार होने की संभावना है या कम से कम वे दूसरे लोगों से जीवन में ईमानदारी के व्यवहार की उम्मीद करते हैं। लेकिन आश्चर्य है कि फिर वे ऐसे नेताओं को कैसे सहन करते हैं जो सार्वजनिक धन का बड़ा हिस्सा हड़प कर उसे निजी उपयोग में लाते हैं? क्या मतदाता यह समझ नहीं पाते कि भ्रष्टाचारी नेता जो पैसा हड़प लेते हैं वह स्वयं उनकी कठोर परिश्रम से कमाई गई संपत्ति है?

स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भ्रष्टाचार को यह कह कर सही ठहराने का प्रयास किया था कि यह 'वैश्विक परिघटना' है। उन्होंने पूछा था, 'दुनिया का कौन सा देश भ्रष्टाचार से मुक्त है?' इंदिरा गांधी के समय के अनेक नेताओं ने इसे बेलगाम होकर सार्वजनिक संपत्ति हड़पने के लिए उनकी अनुमति मान लिया। इंदिरा गांधी के बड़े बेटे राजीव गांधी जब प्रधानमंत्री थे तब उनके ऊपर बोफोर्स तोपें खरीदने के मामले में भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप लगा था। इसके बाद डा. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में बनी कांग्रेस नीत संप्रग सरकार पर कार्यकाल के दस साल में भयानक भ्रष्टाचार के अनेकों आरोप लगे थे।

मनमोहन सरकार की पहचान भ्रष्टाचार तथा एक खास धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय का अंतहीन तुष्टीकरण बन गई थी। यदि उनके किसी मंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध होता या उसे जेल जाना पड़ता तो मनमोहन सिंह यह कह कर अपना बचाव करते थे कि उसका संबंध उनके गठबंधन साझीदारों से है और वह उनकी पार्टी का नहीं है। भले ऐसे में वे क्या कर सकते थे? इसके साथ ही उनको यह सार्वजनिक घोषणा करने में कोई तकलीफ नहीं हुई थी कि 'देश के संसाधनों पर मुसलमानों का पहला हक है और इस प्रकार स्वाभाविक रूप से उनको 15 प्रतिशत संसाधन आबंटित कर दिए जाने चाहिए।' भले ही उनका यह कृत्य 'भ्रष्टाचार' के दायरे में न आता हो, पर निश्चित रूप से यह नैतिक पतन की पराकाष्ठा है।

इन सबका खासकर भारत में लोकतंत्र के भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है? सौभाग्य से पिछले दस साल से भारत को एक ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जिसने 'भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान' में कभी रियायत नहीं बरती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह कथन बहुत लोकप्रिय हुआ, 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा।' प्रधानमंत्री मोदी अपने इस कथन के प्रकाशवान प्रतीक बने हुए हैं। उनके द्वारा पिछले दस साल में उठाए गए अनेक कदमों और उपायों से भ्रष्ट राजनेताओं और अधिकारियों का जीना हराम हो गया है। उनके इन उपायों और कदमों में नोटबंदी, फर्जी कंपनियों की पहचान और उनको समाप्त करना, अस्तित्वहीन फर्जी एनजीओ समाप्त करना तथा वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी के माध्यम से देश की कर व्यवस्था को सुचारु बनाना शामिल है। उनके सतत प्रयासों से अनेक भ्रष्टाचारी नेता और अधिकारी जेल भेजे गए हैं। इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'वैश्विक नेता' के रूप में स्वीकार्यता बढ़ी है और उनका सभी सम्मान करते हैं।

यह कोई संयोग नहीं है कि आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है और यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। इसका सीधा संबंध भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी के लगातार और अथक युद्ध से है। लेकिन यह भी सच है कि पहले की सरकारों में गहराई तक व्याप्त भ्रष्टाचार का आदी रहा जनता का एक हिस्सा आजकल बहुत दु:खी है। पहले ऐसे तत्वों बिना प्रयास के पैसे बनाने, बिना किसी जवाबदेही के पद या शक्ति का लाभ उठाने का अवसर मिलता था और उनको दंड का भी कोई भय नहीं था। ऐसे लोगों को अचानक ऐसी दुनिया का सामना करना पड़ रहा है जिसके वे आदी नहीं थे। वे इसे पसंद नहीं करते हैं और स्वयं को उत्पीड़ित अनुभव कर रहे हैं। इस चुनाव में भाजपा की सीटें घटना इसी प्रतिक्रिया का भी परिणाम है।श के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होगा।

# आध्यात्मिक क्रियाओं की शक्ति

> हम आध्यात्मिक गतिविधियों के प्रभावों का अनुभव कर सकते हैं, यदि हम उन्हें करते हैं। ऐसी कई गतिविधियां हैं।

**अजीत बिश्नोई**
(लेखक आध्यात्मिक शिक्षक हैं)



हमें आश्चर्य होता है या होना चाहिए कि क्या हम आध्यात्मिक गतिविधियों के प्रभावों का अनुभव कर सकते हैं, यदि हम उन्हें करते हैं। ऐसी कई गतिविधियां हैं। मैंने दस सबसे प्रमुख गतिविधियों को चुना है ताकि यह विस्तार से बता सकूं कि वे हमारे लिए क्या करती हैं। इसके अतिरिक्त, मैं यह बताने का प्रयास करूँगा कि वे समग्र रूप से क्या करती हैं, भले ही हम उनमें से कुछ को ही चुनें, यह इस बात पर निर्भर करता है कि वे हमारे लिए उपयुक्त हैं या नहीं। उन्हें चुनने और उन्हें लंबे समय तक करने की हमारी क्षमता दोनों में हमारी प्रकृति निर्णायक कारक हैं। आखिरकार, उनका प्रभाव मीठा खाने और उसके स्वाद का आनंद लेने जैसा स्थूल नहीं है। सभी आध्यात्मिक गतिविधियाँ हम पर सूक्ष्म प्रभाव छोड़ती हैं, लेकिन उनका अनुभव किया जा सकता है। केवल एक शर्त है खुले दिमाग का होना। नकारात्मक या आलोचनात्मक रवैया उनके प्रभावों को महसूस करने से रोकेगा।

प्रार्थना से शुरू करें, ऐसा करना सबसे स्वाभाविक है, बच्चे भी परेशान होने पर या किसी चीज की जरूरत होने पर प्रार्थना करते हैं। क्या भगवान जवाब देते हैं? वे निश्चित रूप से जवाब देते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि हम जिस तरह से चाहते हैं, वैसा ही हो, क्योंकि हमें वह मिलना चाहिए जो हम चाहते हैं।

हमारा प्रयास व्यर्थ नहीं जाएगा। अगला है याद रखना, हम सभी करते हैं। यह बहुत स्वाभाविक है; भगवान हमारे जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा हैं, कम से कम हम भारतीयों के लिए - जो धन्य हैं। क्यों? क्योंकि बचपन से ही आध्यात्मिकता हमसे दूर नहीं होती; यह हमारे खून में है। इसका इनाम प्रार्थना करने जैसा ही होगा। तीसरा है मंदिर में देवता के दर्शन करना। हममें से बहुत से लोगों के घर में पूजा घर है, जहाँ



हम आसानी से दर्शन कर सकते हैं। हममें से बाकी लोगों के पास, कम से कम हममें से ज़्यादातर के पास भगवान के अवतारों की तस्वीरों वाले कैलेंडर हैं। इसका तुरंत फ़ायदा यह होता है कि हम अच्छा और आशावान महसूस करते हैं। भगवान को देखना इतना अद्भुत है। चौथी सबसे आम आध्यात्मिक गतिविधि भगवान के नाम या सिर्फ़ ओम का जाप करना है। इसका इतना असर होता है कि एक बार शुरू करने के बाद, व्यक्ति राम जैसे नामों को दोहराता रहता है। हम भारतीय लगभग हमेशा 'नमन' करते हैं, ख़ास तौर पर, जब हम किसी देवता के सामने होते हैं। यह क्या करता है? सबसे बढ़िया चीज़ जो यह करता है, वह है हमारे अंदर विनम्रता पैदा करना, जिससे हमारा अहंकार नियंत्रित रहता है। हममें से बहुत से लोग भगवान का शुक्रिया अदा करते हैं अगर हमारे जीवन में कुछ अच्छा होता है। यह हमें और अच्छे समय का हकदार बनाता है, और वे निश्चित रूप से आते हैं। शास्त्रों को पढ़ना इतना आम नहीं है, लेकिन इतना दुर्लभ भी नहीं है। हनुमान चालीसा बहुत लोकप्रिय है; मैंने हनुमान चालीसा को याद करके इस जीवन में अपनी आध्यात्मिक यात्रा शुरू की।

एक और लोकप्रिय आध्यात्मिक गतिविधि मंदिरों या अन्य स्थानों पर सुनना (उपदेश) है। वे हमें समझदार बनाते हैं। अंतिम है 'ध्यान' करना। इसके लाभ व्यापक रूप से ज्ञात हैं और उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं है। अब आध्यात्मिक गतिविधियों को करने के समग्र लाभों की ओर मुड़ते हैं। जब हम उन्हें करते हैं, तो हम ईश्वर की संगति प्राप्त करते हैं। क्या हम उनसे जुड़ नहीं रहे हैं? आध्यात्मिक ऊर्जा हमारे अंदर प्रवाहित होगी। यह बहुत खास है, क्योंकि यह हमारी 'आत्मबल' (आंतरिक शक्ति) को बढ़ाता है।

इसके अलावा, ईश्वर हम पर ध्यान देते हैं, जैसे एक प्रिंसिपल एक प्रतिभाशाली छात्र पर ध्यान देता है। अगर हम इस मार्ग पर आगे बढ़ने में ईमानदार हैं, तो हम उनकी निगरानी में रहते हैं। भगवान हमें बढ़ावा देना शुरू करते हैं, जैसा कि उन्होंने मेरे मामले में किया। बड़ी तस्वीर की अवधारणा जड़ पकड़ रही थी। ईश्वर में आस्था बढ़ने लगी, साथ ही 'कर्मफल सिद्धांत' में भी आस्था बढ़ने लगी। मैं समझने लगा कि भाग्य क्या होता है, यानी पिछले जन्मों के संचित कर्मफल, जिनका फल अभी मिलना बाकी है। मुझे यह भी एहसास हुआ कि ईश्वर उनके आने में हस्तक्षेप नहीं करते, बल्कि उनसे सफलतापूर्वक निपटने में हमारी मदद कर सकते हैं। माया का प्रभाव कम होने लगा और 'धुंध' (अज्ञान) इतना प्रबल नहीं रहा। मैं अपने कार्यों को मनमाने ढंग से तय करने के बजाय ईश्वर से मार्गदर्शन लेने के लिए प्रोत्साहित हुआ कि मुझे क्या करना चाहिए। धर्म मेरे अंदर स्वाभाविक रूप से आने लगा, साथ ही मदद के लिए ईमानदारी से प्रार्थना करने लगा। मैं अपने दिल में जानता था कि मैं बहुत छोटा, असहाय, अज्ञानी और असुरक्षित था। केवल ईश्वर ही मदद कर सकते हैं, और उन्होंने मेरी देखभाल करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने मुझे अपने 'निमित्त' (साधन) के रूप में उपयोग करना शुरू कर दिया। मुझे आध्यात्मिक ग्रंथ लिखने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिसके बारे में मेरे भगवान ने मार्गदर्शन करना शुरू किया।

## आप की बात

### कांग्रेस का ड्रामा

**2024** के लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने एक बेहद झूठे विमर्श का प्रचार कर थोड़ी-बहुत सफलता अवश्य पाई, पर वह मोदी को प्रधानमंत्री बनने से नहीं रोक पाया। कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष अभी भी संविधान की प्रतियां हाथों में लेकर संसद परिसर में संविधान बचाओ और लोकतन्त्र बचाओ के नारे लगाकर देश को भ्रमित कर रहा है। जिनके पूर्वजों ने 25 जून 1975 को अपनी सत्ता बचाने के लिए देश पर आपातकाल थोपा था आज वही निर्लज्जता के साथ गला फाड़कर संविधान और लोकतन्त्र बचाने निकले हैं। इन्दिरा गांधी द्वारा थोपे गए आपातकाल में प्रेस का गला घोटा गया था, सभी मानवाधिकार छीन लिये गये थे तथा विरोधियों को जेलों में ठूंस दिया गया था। विरोधियों के नाखून तक उखड़वा दिये थे। मीसा जैसे कानून की स्मृति में लालू यादव ने अपनी एक बेटी का नाम ही मीसा रख दिया था। आज वही मीसा राहुल के साथ है। आज उसी प्रधानमंत्री का पौत्र संविधान बचाने निकला है। कांग्रेस 2019 के चुनाव को अंतिम चुनाव कहकर मतदाता को बहका रही थी। 2024 के चुनाव को भी कांग्रेस ने अन्तिम चुनाव कहा, पर वह सैकड़े तक नहीं पहुंच सकी। वास्तव में लोकतंत्र व संविधान के बजाय विपक्ष अपने अस्तित्व पर खतरा महसूस करते हुए यह नौटंकी कर रहा है।

– **नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

### थोथी विपक्षी मानसिकता

**संसद** में विपक्ष का नया नजारा जनता को देखने को मिला। सारे विपक्षी संविधान की प्रति लेकर संसद भवन में शपथ के दौरान दिखे। यह उनकी थोथी मानसिकता ही दर्शाती है। उनसे ही पूछा जाए कि क्या पिछले 10 वर्षों तक देश संविधान के तहत नहीं चला? अगर संविधान के अनुकूल नहीं चलता तो उन्हें याद कर लेना चाहिए 50 वर्ष पूर्व के आपातकाल को जहाँ संविधान को ताक पर रखकर सत्ता चलाई गई। सबको याद रखना चाहिए कि देश में भ्रष्टाचार गहरी जड़ें जमा चुका है। इसे संवैधानिक विधि से कम करने के प्रयास किये गए तथा आरक्षण यथावत रहा और है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में पद पर आने के बाद से देश को हर प्रकार से मजबूत करने के प्रयास किए। सवाल है कि विपक्षियों के हाथों में संविधान की प्रति मात्र दिखावे के रूप में रखी गई या वे संविधान के अनुरूप क्या संसद को पूर्णकालीन रूप से चलने में सत्ता को मदद करेंगे। भले ही संविधान, लोकतंत्र व आरक्षण खतरे में का शोर मचाने से विपक्ष को चुनावी लाभ मिला हो, पर वह संविधान के पीछे अपना भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण व परिवारवाद छिपा नहीं सकता है। देश की जनता बहुत गौर से उसका यह ड्रामा देख रही है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### नायडू से उम्मीदें

**चंद्रबाबू नायडू** के भारी बहुमत से राज्य की सत्ता में वापस आने और केंद्र सरकार में साझेदारी से अमरावती को नए अत्याधुनिक विकसित शहर और राजधानी के रूप में विकसित करने के सभी अवसर उपलब्ध हैं। केंद्र सरकार भी देश के सभी राज्यों में आधुनिकतम सेवाओं वाली राजधानियां बनाने में तत्पर रहती है। नरेन्द्र मोदी एक राजनीतिज्ञ होने के साथ व्यापार व वाणिज्य को बढ़ावा देने का महत्व भी समझते हैं। वे जानते हैं कि यदि अमरावती को सिंगापुर की तर्ज पर विकसित कर दिया जाए तो देश के भीतर ही पर्यटन का एक नया केंद्र बन जाएगा और कुछ ही वर्षों में बढ़ी हुई आमदनी वहां के नागरिकों के लिए वरदान साबित होगी। स्वयं को मुख्यमंत्री के बजाय राज्य का सीईओ कहने और दशकों पहले हैदराबाद को साइबराबाद बनाने में सफल चंद्रबाबू नायडू को सुनहरा अवसर मिला है। उम्मीद करनी चाहिए कि वे प्रचंड बहुमत देने वाली राज्य की जनता को निराश नहीं करेंगे। नायडू पर आरोप था कि शहरीकरण की दौड़ में उन्होंने ग्रामीण व कृषि अर्थव्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया था। उम्मीद है कि वे इस बार शहरी विकास तथा ग्रामीण विकास में संतुलन बनाते हुए राज्य को देश में पहले स्थान पर लाने में सफल होंगे।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### सूडान में गृहयुद्ध

**सूडान** में जारी मानवीय त्रासदी पर मीडिया का ध्यान बहुत कम है। गृहयुद्ध के कारण सिर्फ इस साल सूडान में 15 हज़ार लोग मारे जा चुके हैं। यह देश आज दुनिया का सबसे बड़ा बाल विस्थापन संकट झेल रहा है, जहाँ अप्रैल 2023 से 46 लाख से अधिक बच्चे अपने घरों से भाग चुके हैं। इनमें लगभग 10 लाख बच्चे सीमा पार चाड, मिस्र और दक्षिण सूडान में जाने को मजबूर हुए हैं। बच्चे आठ महीने तक अनिश्चितता, आघात और हिंसा झेलने के बाद पलायन को मजबूर हुए हैं। वहां के स्कूलों में बच्चे अब नहीं के बराबर है। इस प्रकार सूडान की एक पूरी भावी पीढ़ी अनपढ़ होकर अपने साथ ही देश-दुनिया को विकृत करेगी। यूनिसेफ प्रमुख के अनुसार, सूडान बच्चों के लिए दुनिया का सबसे खराब स्थान बन गया है। यहां चारों तरफ अकाल, विस्थापन, कुपोषण एवं बीमारी का बोलबाला है। सूडान के इस गृहयुद्ध और बच्चों पर आई विपदा के समाधान के प्रयास के बजाय विश्व शक्तियां अपनी राजनीति चमकाने में लगी हैं। सूडान जैसी त्रासदी ऐसे समय मानवता के लिए सबसे बदनुमा धब्बा है, जब सुख समृद्धि के नए रास्ते खुल रहे हैं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 26 जून, 2024



# इमरजेंसी लगाकर संविधान नष्ट करने वाली कांग्रेस में आज चेहरे बदले पर चरित्र नहीं: योगी

● इमरजेंसी के 50वें वर्ष में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर किया जमकर प्रहार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान लगाई गई इमरजेंसी के 50 वें वर्ष में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर जमकर प्रहार किया। अपने सरकारी आवास पर प्रेस वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज जब 50 वर्ष के उपरांत हम इमरजेंसी की उन यादों को स्मरण करते हैं तो स्वाभाविक रूप से कांग्रेस में चेहरे बदले होंगे, लेकिन उसका चरित्र और उसके हाव भाव आज भी वही है जो 1975 में था। उस समय कांग्रेस का एक बर्बर चेहरा हम सभी को देखने को मिला था। कैसे उन्होंने संविधान की मूल आत्मा कही जाने वाली प्रियंबल (प्रस्तावना) में संशोधन करके उसकी आत्मा को नष्ट करने का प्रयास किया था। कैसे कांग्रेस ने उस समय देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया था। कैसे न्यायालय के अधिकारों को कांग्रेस ने उस समय बंधक बनाकर रख दिया था। और आज भी कांग्रेस पार्टी में भले ही नेतृत्व बदला हो, चेहरा बदला हो, लेकिन उसका चरित्र वही है।

सीएम योगी ने कहा कि 50 वर्ष पूर्व आज के ही दिन देर रात्रि एक काला अध्याय लिखा गया था, जब कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने भारत के संविधान का गला घोंटते हुए लोकतंत्र को पूरी तरह समाप्त करने की साजिश रची थी। 25 जून 1975 को रात के अंधेरे में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने कैसे भारत के लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास किया था। उस समय अटल बिहारी वाजपेई, मोरारजी देसाई, जय प्रकाश नारायण, लाल कृष्ण आडवाणी समेत विपक्ष के सभी नेताओं को जेल में बंद करके लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास किया था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह तानाशाही पूर्ण रवैया आज या 1975 में ही नहीं, बल्कि आजादी के तत्काल बाद भी देखने को मिला था, जब संविधान को अंगीकार करने के मात्र दो वर्ष के अंदर ही उसने संविधान संशोधन करके धारा 370 को उसमें जबरन डालकर देश की अखंडता को चुनौती देने का प्रयास किया था। इसके उपरांत भी उसने समय-समय पर, कभी मीडिया को प्रतिबंधित करके, कभी अन्य तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लोकतंत्र के सभी स्तंभों को कमजोर करने का प्रयास किया था। 25 जून 1975 उसकी पराकाष्ठा के रूप में देश और दुनिया ने देखा है। सीएम योगी ने कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग आज लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, लेकिन भारत के बाहर जाकर भारत के लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करते हैं और भारत की चुनाव प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं। ये लोग भारत के बाहर जाकर भारत को और उसके लोकतंत्र को कोसते हैं। यही नहीं, भारत के अंदर भी हर चुनाव की प्रक्रिया में बाधा पैदा करके ईवीएम पर अपनी अकर्मण्यता का दोष थोपने का प्रयास करते हैं। 1975 में संविधान को नष्ट करने का प्रयास करने वाली कांग्रेस आज भी उसी रास्ते पर चल रही है। जहां भी कांग्रेस नेतृत्व की सरकारें हैं, उनका रवैया, उनकी कार्यप्रणाली और उनके कृत्य इस बात के उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। सीएम योगी ने कांग्रेस के सहयोगी दलों को भी कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि 1975 में देश के लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए जिन लोगों ने जेल की यातनाओं को सहा था, जिन लोगों ने उस कालखंड में लोकतंत्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया था, आश्चर्य होता है कि उनकी वर्तमान पीढ़ी उसी कांग्रेस की गोद में बैठकर देश को फिर से कांग्रेस की तानाशाही, लोकतंत्र विरोधी और संविधान विरोधी नीतियों की ओर धकेलने का कुत्सित प्रयास कर रही है।

## यूपी में ईको टूरिज्म पर 'संवाद' कार्यक्रम का आयोजन आज, मुख्यमंत्री करेंगे संबोधित

● ईको पर्यटन की संभावनाओं पर परिचर्चा और समझौता ज्ञापन पर होंगे हस्ताक्षर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में ईको टूरिज्म पर आधारित 'संवाद' कार्यक्रम का आयोजन 26 जून, 2024 को लखनऊ के गोमती नगर स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरक्यूरी हॉल में होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ , डॉ. अरुण कुमार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन और पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ.प्र. और राज्य मंत्री कृष्णपाल मलिक, आयुष विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र 'दयालु' की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में इको पर्यटन के प्रतिभागियों और स्टेकहोल्डर्स के साथ विभिन्न राज्यों के जाने-माने वक्ता और विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ईको पर्यटन की संभावनाओं पर गम्भीर विचार मंथन किया जायेगा। गंगा नदी बेसिन में ईको टूरिज्म के विकास हेतु उ.प्र. ईको टूरिज्म विकास बोर्ड एवं के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होंगे। अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि उप्र में ईको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। उप्र में विकास तथा आए हुए बदलाव की चर्चा पूरे विश्व में है। पूरे प्रदेश में उच्च स्तर की कानून व्यवस्था तथा कनेक्टिविटी होने से देशी-विदेशी पर्यटक भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए उप्र इको टूरिज्म बोर्ड और इज माय ट्रिप के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होगा। तदुपरांत, राज्यमंत्री पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष विभाग, उप्र. सहित अन्य का संबोधन होगा। कार्यक्रम में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह अपना संबोधन देंगे।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सलखन जीवाश्म पार्क को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में बढ़ावा देने के संयुक्त प्रयासों हेतु उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड एवं बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान लखनऊ के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी होंगे। इस दौरान प्रदेश में स्थानीय स्थापित नई ईको पर्यटन इकाइयों का सम्मान होगा। तत्पश्चात समापन सत्र में उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन होगा।

## उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए मनरेगा कार्यों में प्रयुक्त सामग्री: केशव मौर्य

● सामग्री की गुणवत्ता की जांच हर हाल में की जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा कार्यों में प्रयुक्त सामग्री उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए। निर्माण कार्यों में प्रयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जांच हर हाल में की जाए। मुख्य विकास अधिकारी व स्टेट क्वालिटी मैनेजर इस सम्बन्ध में पूरी सजगता व नियम संगत कार्य करें। कहीं पर भी अनियमितता या गड़बड़ी पायी जाय, तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाय।समस्त मुख्य विकास अधिकारी/ अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयकों को पूर्व में ही जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि मनरेगा योजनान्तर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन परिसम्पत्तियों की गुणवत्ता पूर्वक जांच हेतु प्रदेश में स्टेट क्वॉलिटी मॉनीटर हैं। कार्यों में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता का परीक्षण हेतु शासन स्तर से शासनादेश पूर्व में निर्गत किया गया है।मुख्य विकास अधिकारियों को पूर्व में ही निर्देशित किया गया है कि इस सम्बन्ध में जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। इस सम्बन्ध में समस्त परियोजना निदेशक / उपायुक्त (श्रम रोजगार) व उपायुक्त, मनरेगा ग्राम्य विकास को भी नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कांग्रेस व उसके सहयोगी आज भी लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा: भूपेन्द्र

● भाजपा ने आपातकाल को प्रदेश भर में काला दिवस के रूप में मनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी ने 25 जून 1975 में कांग्रेस द्वारा आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की हत्या करने और देशवासियों पर विभिन्न प्रकार के अत्याचार किये जाने के विरोध में 25 जून मंगलवार को आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक लखनऊ में आपातकाल के विरोध में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। पार्टी ने पूरे प्रदेश में आपातकाल के विरोध में जिला स्तर पर संगोष्ठियां व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए।

राजधानी लखनऊ में सहकारिता भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की तानाशाही और संविधान के प्रति उसकी सोच का पर्दाफाश करने का आज यह दिन है। जब कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने भारत की आम जनता पर इंमरजेंसी थोपी थी। आपातकाल भारत के महान लोकतंत्र का वह काला अध्याय है जिसे कभी भी देश के लोगों के द्वारा भुलाया नहीं जा सकता। कांग्रेस सरकार द्वारा देश में लोकतंत्र का गला घोंटते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश पर' आपातकाल थोप दिया था। उन्होंने कहा कि आज संविधान दुहाई देने वाली कांग्रेस की निर्मम सरकार ने 21 महीनों तक देश के लोकतंत्र तथा भारत के संविधान को बंधक बनाए रखा तथा इन 21 महीनों में देश की जनता पर, मीडिया पर और विपक्ष के नेताओं पर अनगिनत जुल्म ढाए जो कांग्रेस के एकतरफा अत्याचारों का पर्याय बन गया। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस स्वयं को सबसे पुरानी पार्टी बताती है। लेकिन उसके अंदर सत्ता का लालच और सत्ता की लालसा देश के विनाश का कारण बनी रही। आज देश के अंदर लोकतंत्र की दुहाई देने वाले भूल गये हैं कि किस तरह से इन्होंने ही 50 साल पहले उन्होंने लोकतंत्र का गला घोंटा था। ऐसे परिवार के लोग आज देश की मासूम जनता के सामने संविधान के टूटने का झूठा षडयंत्र रचकर अपना भला करने की कोशिशों में लगातार जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों कारस्तानियां आज भी हमारे लोकतंत्र के लिए उतना ही बड़ा खतरा है जितना 1975 में था।

## मोदी सरकार ने राजनैतिक लाभ के लिए भगवान श्रीराम के मंदिर को भी नहीं बख्शा: प्रमोद तिवारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा से सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि लोक सभा चुनाव में राजनैतिक लाभ लेने के लिये आनन फानन में अधूरे राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करा दी गयी, और इसीलिये समस्त शंकराचार्यो ने तथा बहुत से राजनैतिक/ धार्मिक लोग इसमें सम्मिलित नहीं हुए थे। मैने स्वयं राज्य सभा में प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 22 जनवरी पर स्थिति स्पष्ट करते हुये कहा था कि अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा नहीं होनी चाहिए, बल्कि मंदिर के पूरी तरह निर्मित हो जाने तक प्रतीक्षा करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि श्रीरामलला के प्रधान पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने बयान दिया है कि गर्भ गृह की छत से पानी के रिसाव की समस्या आ गयी है, और पानी टपक रहा है, गर्भ गृह के बाहर वीआईपी दर्षन स्थल पर भी तेजी के साथ छत से पानी टपक रहा है। तिवारी ने कहा है कि 22 जनवरी को मंदिर में श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। अभी 5 माह भी पूरे नहीं हुए है, और बरसात भी बहुत हल्की हुई है, तथा अभी मानसून की बरसात बाकी है।

## पक्ष और विपक्ष थैली के चट्टे-बट्टे: मायावती



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एक** दिन पूर्व लोकसभा सत्र की शुरूआत के दौरान विपक्षी सांसदों द्वारा संसद के अंदर संविधान दिखाये जाने पर बसपा प्रमुख मायावती मंगलवार को तीखी प्रतिक्रिया दी है। मायावती ने कहा कि इसमे कोई सन्देह नहीं है कि केन्द्र में सत्ता व विपक्ष द्वारा अब संसद के अन्दर व बाहर भी संविधान की कापी दिखाने की होड में ये लोग सभी एक ही थैली के चट्टे-बट्टे लग रहे है। तथा इनकी सोच भी लगभग एक जैसी ही लग रही है। इन दोनों ने अन्दर-अन्दर मिलकर अब इस संविधान को अनेकों संशोधनों के जरिये इसे काफी हद तक जातिवादी, साम्प्रदायिक एवं पूंजीवादी संविधान बना दिया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि इन दोनों की अन्दरूनी मिली-भगत होने की बात मैं इसलिए कह रही हूं क्योंकि इन दोनों की भी खासकर कांग्रेस, बीजेपी व अन्य पार्टियों की भी जिन-जिन राज्यों में सरकारें चल रही है। तो वे सभी राज्य सरकारे वहाँ के लोगों की खासकर गरीबी, बेरोजगारी व मंहगाई आदि को दूर करने में बुरी तरह से विफल हो गई है। और अब उन पर से जनता का ध्यान बांटने के लिए इन दोनों की अर्थात् सत्ता व विपक्ष की अन्दरूणी मिली-भगत से ही, जबरदस्ती संविधान बचाने का नाटक किया जा रहा है, जिससे देश की जनता को जरूर सावधान रहना है। और अब ये लोग यानि की सत्ता व विपक्ष अपने-अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिए, यहां भारतीय संविधान के साथ जो खिलवाड़ कर रहे है। तो यह कतई भी उचित नहीं है। अब यह बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की मंसा वाला समतामूलक, धर्म-निरपेक्ष एवं बहुजन हिताय वाला संविधान नहीं रहा है।

## प्रधानमंत्री से मिले औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी

● लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई, पुत्र के वैवाहिक समारोह के लिए किया आमंत्रित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश सरकार के औद्योगिक मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने मंगलवार को नई दिल्ली में अपनी पत्नी प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री नन्दी और पूर्व महापौर ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश की बागडोर सम्भालने के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। मंत्री नन्दी ने कहा कि यह जनादेश माननीय प्रधानमंत्री जी के बहुआयामी नेतृत्व, अभूतपूर्व निर्णयों एवं जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता की मुहर है। मुलाकात के दौरान मंत्री नन्दी ने विभिन्न राजनैतिक विषयों पर प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया। अलग-अलग महत्वपूर्ण विषयों पर उन्होंने चर्चा की। मंत्री नन्दी और पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने आगामी महीने में अपने पुत्र के विवाह समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया। मंत्री नंदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि आज राजनैतिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए प्रेरणास्रोत, 140 करोड़ भारतीयों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए निरन्तर श्रमशील, समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के शिल्पकार देश के यशस्वी प्रधानमन्त्री परम आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी से अपनी धर्मपत्नी प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा जी के साथ भेंट का सौभाग्य प्राप्त हुआ!

प्रधानमंत्री को लगातार तीसरी बार देश की बागडोर सम्भालने के लिए बधाई व शुभकामना दी! यह जनादेश माननीय प्रधानमंत्री जी के बहुआयामी नेतृत्व, अभूतपूर्व निर्णयों एवं जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता की मुहर है!

## यात्रियों के लिए शीघ्र उपलब्ध होगा मार्गदर्शी व मास्टर एप: परिवहन मंत्री

**लखनऊ।** परिवहन निगम द्वारा मार्गदर्शी एप शीघ्र ही लॉन्च किया जाएगा। इसके माध्यम से यात्री अपने निकटतम बस स्टॉप की जानकारी ले सकते हैं या किसी भी दो बस स्टॉप के बीच में चलने वाली बसों की लाइव जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस ऐप से बसों का लोकेशन उनकी स्पीड, कितने बजे वह किस स्थान से पास हुई है, यह सारी जानकारी मिल सकती है। इसमें डिजिटल पैनिक बटन भी लगा हुआ है, जिसका इंटीग्रेशन डायल 112 से किया जा चुका है। परिवहन मंत्री ने बताया कि इस ऐप के द्वारा यात्री विभाग को फीडबैक भी दे सकते हैं या अपने शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यात्री किसी भी बस की लाइव ट्रैकिंग कर सकते हैं। विभाग ने इसके पूर्व 4 मार्च, 2023 को यूपी राही ऐप का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया गया था।

## सपा छात्रसभा ने नीट परीक्षा में धांधली के खिलाफ किया प्रदर्शन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● भाजपा सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर दी गिरफ्तारी

**समाजवादी** छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष इं. विनीत कुशवाहा के नेतृत्व में मंगलवार को सैकड़ो नौजवानों ने नीट परीक्षा को निरस्त कर दूसरी एजेन्सी से परीक्षा कराने और पेपर लीक वाली भाजपा सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस से नोकझोंक के बाद युवाओ को गिरफ्तार कर ईको गार्डन ले जाया गया। सपा प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने इस दौरान दुर्व्यवहार भी किया जिसमें एक नौजवान का हाथ भी टूट गया।

प्रदेश अध्यक्ष इं. विनीत कुशवाहा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नौजवान समाजवादी पार्टी कार्यालय से जब विधान सभा की ओर चलने लगे तो पुलिस ने गौतमपल्ली थाने के पास बैरीकेटिंग लगाकर उन्हे रोक लिया। विरोध में नौजवान धरने पर बैठ गए। पुलिस ने धरने से उठाने के लिए दुर्व्यवहार किया। यहां तक कि विधान सभा की पूर्व प्रत्याशी पूजा शुक्ला से भी अभद्रता की। पुलिस से नोकझोंक के बाद धरना दे रहे युवाओं को जबरन पुलिस ने पुलिस की बसों में भरकर इको गार्डन ले गए।

राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में सपा छात्रसभा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नौजवानों में नीट परीक्षा में धांधली को लेकर काफी आक्रोश है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी परीक्षा में धांधली पर विरोध जता चुके है। ज्ञापन में कहा गया है कि नीट परीक्षा से 24 लाख बच्चों का भविष्य जुडा हुआ है। जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से हर एक भर्ती का पेपर लीक हुआ है और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। ज्ञापन में नीट परीक्षा में पेपर लीक के लिए भाजपा सरकार को बर्खास्त करने की मांग की गई है।

समाजवादी छात्र सभा के प्रदर्शन में गिरफ्तार प्रमुख युवाओं के नाम हैं पूजा शुक्ला, अनिल यादव मास्टर, अवनीश यादव, इमरान चौधरी, विक्रम परिहार, वैभव सैनी, विक्रम यादव, माधुर्य सिंह मधुर, शिवांशु तिवारी, राज साहनी, ममता शर्मा, कांची सिंह, सुनिधि यादव, कान्हा, शिवम सिंह, जाहिद, शुभम यादव, योगेश वर्मा, आयुष यादव, अखिलेश भारती, अभय यादव, राम प्रकाश मौर्य, अयाज अली, परवान आलम आदि।

## राम नगरी अयोध्या में पर्यटन थाना स्थापित करने का प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राम** नगरी अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए उनकी सुरक्षा, मार्गदर्शन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सहयोग एवं असमाजिक तत्वों से बचाव के लिए अयोध्या में राम मंदिर के आस-पास एक पर्यटन पुलिस थाना स्थापित करने के लिए पर्यटन निदेशालय को प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। इस प्रस्ताव का परीक्षण करके गृह विभाग तथा अन्य शासकीय विभागों से आवश्यकतानुसार सहमति प्राप्त की जायेगी। इसके पश्चात इस दिशा में अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन थाना अयोध्या स्थित पर्यटन शाखा केन्द्र के लिए सुझाव दिया गया है। इस पर्यटन थाने में कम से कम 10 आरक्षी पुरूष तथा 02 महिला आरक्षी पर्यटन पुलिस एवं 01 सब-इंस्पेक्टर की तैनाती प्रस्तावित की गयी है। यह प्रस्ताव उप निदेशक पर्यटन अयोध्या द्वारा दिया गया है। जयवीर सिंह ने बताया कि इस प्रस्ताव को विधिवत परीक्षण करके एवं अन्य संबंधित विभागों से परामर्श करके सहमति की दशा में अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस थाने की स्थापना से पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को काफी मदद मिलेगी।

## गोरखपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की सड़क हादसे में मौत

● कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार राय ने जताया गहरा शोक, श्रद्धांजलि अर्पित की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**गोरखपुर** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की 24 जून को रात्रि के लगभग 12 बजे हुए सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। राय ने इस दुर्घटना में घायल उनकी पत्नी एवं बेटी के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है।

गाजीपुर टोल के पास हुए सड़क दुर्घटना में गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की मौके पर दुखद मृत्यु हो गई एवं इस हादसे में उनकी पत्नी व बेटी भी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें इलाज हेतु जनपद वाराणसी के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे की सूचना मिलते ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय गाजीपुर के जिला चिकित्सालय के पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पार्टी का झण्डा एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष इसके उपरांत वाराणसी जिला चिकित्सालय पहुंचकर स्व. आशुतोष तिवारी की घायल पत्नी एवं बेटी के स्वास्थ्य का कुशल क्षेम लिया व चिकित्सकों से मिलकर समुचित इलाज हेतु आग्रह किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने स्व. आशुतोष तिवारी के दुखद निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि स्व. तिवारी कांग्रेस पार्टी के निष्ठावान सिपाही थे। उनके निधन से कांग्रेस संगठन की अपूर्णीय क्षति हुई है। दुख की इस घड़ी में कांग्रेस परिवार उनके परिजनों के साथ खड़ा है।

## 2735 कृषि फीडर के जरिए किसानों को 10 घंटे दी जा रही मुफ्त बिजली

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने और कृषि कार्यों में उनकी मदद के लिए प्रतिबद्धता से जुटी प्रदेश सरकार

**अन्नदाता** किसान सीएम योगी की प्राथमिकता में हैं। किसानों से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन व उन्हें लागू करने पर उनका विशेष जोर रहता है। मार्च में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुई कैबिनेट मीटिंग में ट्यूबवेल से सिंचाई व कृषि कार्यों के लिए मुफ्त बिजली के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी।

वहीं बजट में भी योगी सरकार की ओर से मुफ्त सिंचाई के लिए 1100 करोड़ रुपये बजट की व्यवस्था की गई थी। इसे देखते हुए अप्रैल से किसानों को मुफ्त सिंचाई की सुविधा मिलने लगी है। योगी सरकार की ओर से कृषि कार्यों के लिए 2735 फीडर से 10 घंटे नि:शुल्क बिजली दी जा रही है। जल्द ही कृषि फीडरों की संख्या 5 हजार से पार पहुंच जाएगी। गौरतलब है कि 14.21 लाख ट्यूबवेल धारक किसानों को फ्री बिजली दी जाती है।

उत्तर प्रदेश में कुल 23226 विद्युत फीडर हैं। इसमें से 5433 से अधिक फीडर को कृषि कार्यों के लिए पृथक किया जाना प्रस्वावित है। इसमें से 2735 फीडर ऐसे हैं, जिन्हें कृषि कार्यों के लिए अलग किया जा चुका है और इनके माध्यम से सिंचाई व अन्य कृषि कार्यों के लिए किसानों को 10 घंटे निशुल्क विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। शेष 20491 फीडरों को बिना अलग किए फीडरों से 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। भीषण गर्मी में भी यूपी में 24 घंटे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई। सभी 75 जनपदों में समान रूप से बिजली देकर नागरिकों को सुविधाओं से पूर्ण रखा गया। वहीं आमजन को बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने के अतिरिक्त कृषि कार्यों के लिए किसानों को भी योगी सरकार की तरफ से 10 घंटे बिजली दी जा रही है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप भीषण गर्मी के बावजूद पूरे प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

# ठगी पीड़ितों का धन वापस दिलवाने की प्रशासन करें पहल

**● बड्स एक्ट 2019 की सुनवाई आरंभ करने की मांग**



**फतेहपुर।** चिटफंड कम्पनियों द्वारा निवेशकों का पैसा हड़प कर फरार होने के बाद जमा पीड़ित अपना धन वापस पाने के लिये दर दर भटकने को मजबूर है। पीड़ितों ने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन से सरकार द्वारा ठगी पीड़ितों के लिए सरकार द्वारा बनाये गए कानून बड्स एक्ट के तहत कार्रवाई आरम्भ करने की मांग किया। मंगलवार को ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के बैनर तले ठगी पीड़ितों ने नहर कालोनी परिसर में धरना प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाध्यक्ष मातादीन पाल की अगुवाई में पीड़ितों ने डीएम को संबोधित मांग पत्र देते हुए ठगी पीड़ितों को उनकी मेहनत की कमाई वापस दिलाने की दिशा में कार्रवाई करने की मांग किया। डीएम को दिये शिकायती पत्र में बताया कि जनपद में लाखों लोग ठगी से पीड़ित है जिनका पैसा विभिन्न चिटफंड कम्पनियों द्वारा ठगा गया है जिससे लाखों परिवार है। सरकार द्वारा ठगी पीड़ितों को राहत दिलाने के लिए बड्स एक्ट 2019 कानून लागू किया गया जिसमें ठगी से पीड़ितों को उनकी जमा राशि ब्याज सहित लौटाने का प्रावधान है। उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि ठगी पीड़ितों के लिए भुगतान पटल की स्थापना की गई थी जिसमे पीड़ितों से आवेदन लिया जाता था उन पटल को बंद कर दिया गया हैं साथ ही कहा कि ठगी पीड़ितों के भुगतान के लिए सक्षम या सहायक सक्षम अधिकारी की नियुक्ति कर सुनवाई की जाती है। जो कि जंनपद के शुरू नही हो सकी। प्रशानिक स्तर से कार्रवाई न होने से निवेशक व एजेंटों के मध्य तनाव बना हुआ है। उन्होंने कहा कि लाखो परिवारों की पूंजी ठगों व प्रशासनिक लापरवाही के कारण अटकी हुई है। जिससे परिवारों के सामने भूखों मरने की स्थिति है। उन्होंने एजेंटों वे ऊपर अनावश्यक कार्रवाई न करने व बचे हुए निवेशकों को बड्स एक्ट के तहत आवदेन करने के लिये पटल दोबारा खोले जाने की मांग किया। राकेश कुमार साहू, संयोजक मदन लाल आज़ाद, अमृत लाल, अम्बिका प्रसाद, राम औतार, अशोक कुमार, विनोद मौर्या, प्रेम कुमार, श्रवण कुमार, राजकुमार गुप्ता, बिन्दा प्रसाद, राम प्रकाश साहू, जितेंद्र सिंह, जगमोहन, संजय विश्वकर्मा, महेश कुमार समेत बड़ी संख्या में निवेशक व ठगी पीड़ितों के परिवार मौजूद रहें।

## शिक्षिका ने शिक्षक पति समेत ससुरालीजनों पर दर्ज करायी दहेद उत्पीड़न की रिपोर्ट

**मौदहा हमीरपुर।** नगर की एकपरिषदीय विद्यालय में कार्यरत अध्यापिका ने अपने अध्यापक पति समेत ससुराली जनों के खिलाफदहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज होने के बाद घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नगर के उपरौस निवासी अध्यापक का प्रीति द्विवेदी पुत्री नरेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि कि 9 मई 2022 को उसके पिता ने वाई ब्लॉक किदवई नगर कानपुर निवासी नारायण उर्फ मोनू द्विवेदी के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ विवाह किया था जिसमें उन्होंने अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज देकर उसे ससुराल के लिए विदा किया था। वह वर्तमान में हरदोई जनपद में सहायक अध्यापिका का पद पर तैनात है जबकि उसका पति भी लखीमपुर खीरी में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत है। शादी के बाद से ही उसका पति व उसके ससुरालीजन दहेज को लेकर संतुष्ट नहीं थे।

# राम प्रकाश त्रिपाठी के आदर्शों से प्रेरणा लें युवाः मयंक गुप्ता

**● भाजपा पूर्व जिला महामंत्री ने पूर्व सहकारिता मंत्री को दी श्रद्धांजलि**



स्व. रामप्रकाश त्रिपाठी स्मृति में दिव्यागों को उपहार व पौधरोपण करते मयंक गुप्ता।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** स्व. राम प्रकाश त्रिपाठी गरीबों के सामाजिक उत्थान के लिये कार्य करनें बाले प्रखर राजनीति के पुरोधा थे। उन्होने हर वर्ग, जाति, धर्म के लोगों को साथ लेकर चलना सिखाया। आज हम सभी युवा उनके बताये मार्ग पर चलकर राजनीति में आगे बढ रहे हैं। उनका मार्गदर्शन और आदर्श आज भी लोगों के बीच जीवंत है।

यह बात पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वर्गीय राम प्रकाश त्रिपाठी की 16 वीं पुण्यतिथि पर दिव्यांग बच्चों को मिष्ठान व उपहार भेंट करनें एवं उनकी स्मृति में पौधरोपण करनें के उपरान्त कही। भाजपा पिछडा मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा नें कहा कि युवाओं को स्व. त्रिपाठी के बताये गये मार्ग पर चलनें की आवश्यकता है। सुमित सक्सेना नें कहा कि उन्होनें क्षेत्र के विकास के लिये सहकारिता के क्षेत्र में रात दिन कार्य करके जनपद को एक अलग पहचान दिलाई थी। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर नें समर्थकों के साथ छिबरामऊ में स्व. राम प्रकाश त्रिपाठी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया और श्रद्धांजलि देनें के उपरान्त कहा कि उनके विचारों व मार्गदर्शन से हम सभी को सदैव आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। वह हम सभी युवाओं के प्रेरणा श्रोत हैं। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भाजपा पिछडा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमित सक्सेना, विहिप नेता नीरज मिश्रा, अमरदीप मिश्रा, सुगम दुवे, मोनू गुप्ता, नीलेश गुप्ता, नवल गुप्ता, आकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में पांच घायल, मचा हड़कंप

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** चार अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में कुल पांच लोग घायल हो गए। दुर्घटनाओं के बाद हड़कंप मचा रहा। मौके पर भारी भीड़ लग गई। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जिनमें तीन की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जोनिहा कस्बे के निकट चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार शत्रुघ्न 40 वर्ष पुत्र विष्णु निवासी ग्राम पुरईया खेड़ा थाना जाफरगंज घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसी प्रकार नगर के ललौली चौराहे के समीप दयानंद इंटर कॉलेज के पास बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार प्रकाश सैनी पुत्र सुशील सैनी निवासी मोहल्ला जहानपुर कस्बा बिंदकी घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए शानदार विश्वास केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तीसरी दुर्घटना बिंदकी कस्बे के कुंवरपुर रोड में प्राइवेट बस स्टैंड के समीप हुई। साइकिल सवार छात्रा को बचाने में बाइक सवार अवधेश 40 वर्ष पुत्र गंगाराम निषाद निवासी ग्राम जहगीराबाद थाना जहानाबाद घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाइक सवार घायल अवधेश अपनी पुत्री अनामिका को बाइक में लेकर गांव से फतेहपुर जा रहा था। तभी रास्ते में दुर्घटना हो गई चौथी दुर्घटना कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत दरबेशाबाद गांव के समीप हुई। जहां पर चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार दीपक कुमार तथा नरेश कुमार दोनों निवासी रारी बुजुर्ग कोतवाली बिंदकी घायल हो गए।

# लोकतंत्र व राजनीति में 25 जून सबसे दुखद व काला दिनः मुखलाल

**● लोकतंत्र सेनानियों को माल्यार्पण कर किया सम्मानित**



**फतेहपुर।** भाजपा कार्यालय में 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल पर काला दिवस मनाया गया। जिले के लोकतंत्र सेनानियों का माल्यार्पण व अभिनंदन किया गया। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने उपस्थित लोगों को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के तानाशाही व यातनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि अपने युवाओं को आपातकाल में मीसा कानून की जानकारी जरुर देनी चाहिए। वह भी जाने कि आज जो संविधान मिटाने का झूठ व भ्रम फैला रहे हैं। उनकी सरकारों में किस तरह से संविधान को तार-तार किया जाता था। प्रेस मीडिया पर पूर्ण पाबंदी लगाई गई थी। लोकतंत्र सेनानी संगठन के जिलाध्यक्ष मूलचंद्र सिंह पटेल द्वारा आपातकाल की यातनाओं को साझा किया गया। पटेल ने कहा कि गांव में हमारी छोटी सी कच्ची छत के नीचे किराना की दुकान थी पुलिस पहले हमें पकड़कर ले गयी और 18 जुलाई 1975 को दुकान की छत में सुराग करके बारिश के पानी से दुकान को बर्बाद कर दिया गया। वह यह सब कहते हुए भावुक हो गए। जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय ने कहा कि जिसने वह दौर जिया और भुगता है वही उस दुख दर्द को समझ सकता है। पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला ने कहा कि वह तत्कालीन सरकार के विरोध में पोस्टर मित्रों के साथ लगा रहे थे तभी पुलिस द्वारा जेल भेजा गया पर नाबालिग होने के कारण 14 दिनों में रिहाई हो गई थी। पूर्व मंत्री रणवेंन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस के आपातकाल जैसे काले को कभी नहीं भूलना चाहिए। कार्यक्रम में शैलेन्द्र रघुवंशी, उदय लोधी, कार्यक्रम संचालिका व जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह जितेंद्र सिंह पप्पू, विनोद गौतम उपस्थित रहे।

## पैसा लेने के बाद भी जमीन की रजिस्ट्री न करने पर मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर उनवा गांव स्थित जमीन का दो खातों में 56 लाख व 46 लाख रूपए नगद दिए जाने के बावजूद जमीन मालिकों द्वारा रजिस्ट्री न किए जाने पर पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पुलिस के साथ-साथ मुख्यमंत्री को जरिए रजिस्ट्री शिकायत की, जिस पर पुलिस ने जमीन मालिकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। थरियांव थाना क्षेत्र के बिलंदा कस्बा निवासी फरहान मिर्जा पुत्र मिर्जा इब्राहिम ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसने राजापुर चंद्र मेडिकल स्टोर के पास थाना कैंट प्रयागराज निवासी सै. सऊद अली व सगूफी सईद से उनकी शेखपुर उनवा गांव स्थित गाटा संख्या 141 क ख का सौदा 20 लाख रूपये प्रति बीघा तय किया था। सऊद के कहने पर उसने 56 लाख रूपए उसके व उसकी पत्नी सगूफी के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से भेजा था।

## क्विक न्यूज

### महिला के साथ मारपीट व छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** महिला ने दो सगे भाइयों पर घर में घुसकर मारपीट कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस से लिखित शिकायत की है। कोतवाली के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि सोमवार की शाम चार बजे वह घर पर थी। तभी गांव का एक युवक अपने भाई व एक साथी के साथ हाथ में तमंचा लेकर घर में घुस आए। युवक ने अपने भाई के साथ उसे पकड़कर बाहर खींच कर ले जाने लगे। जब उसने अपना हाथ खींचा तो युवक ने उसे जमीन पर गिरा दिया और बुरी नियत से कपड़े खींचने लगे। चिल्लाने पर जब उसका पुत्र प्रीतम बचाने के लिए आया तो उक्त युवक पुत्र को सीने में तमंचा लगाकर बाहर ले गए। आरोप लगाया कि पुत्र के साथ मारपीट कर उसे घर छोड़ गए। शिकायत करने पर उक्त युवक जान से मारने की धमकी दे गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख उक्त आरोपित भाग खड़े हुए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दहेज में बाइक व एक लाख रुपये न देने पर घर से निकाला

**राठ (हमीरपुर)।** महिला ने ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज में बाइक व एक लाख रुपए की मांग पूरी न होने मारपीट कर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। मझगवां थाने के गिरवर गांव निवासी अर्पिता पत्नी धीरेन्द्र सेन ने बताया कि उसकी शादी 21 मई 23 को हुई थी। शादी में उसके पिता ने अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के एक माह से पति सहित सास, ससुर, जेठ, जेठानी, देवर मारपीट कर उसका उत्पीड़न करने लगे थे। बताया कि ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में बाइक और एक लाख रुपए की मांग करने लगे। सोमवार की दोपहर करीब दो बजे पति सहित ससुरालियों ने जेवरात छीनकर उसे मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी दी। बताया कि उसने अपने मायके में सूचना दी। दो घंटे बाद उसके पिता, भाई व रिश्तेदार गिरवर आ गये।

### करंट की चपेट आकर युवक की मौत

**खखरेरू (फतेहपुर)।** थाना क्षेत्र के नगर पंचायत खखरेरू के वार्ड नंबर 04 जोधा सिंह नगर (सलवन) में एक युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जोधा सिंह नगर में रहने वाला संदीप कुमार पुत्र अमरनाथ 20 वर्ष आज सुबह लगभग 8 बजे घर पर स्टेबलाइजर में करंट न आने के कारण उसको चेक कर रहा था तभी अचानक स्टेबलाइजर में करंट आने से युवक की मृत्यु हो गई। घरेलू कार्य में लगे परिजनों को जैसे ही जानकारी हुई युवक को लेकर प्राइवेट चिकित्सक के पास गए जहां पर प्राइवेट चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दो भाई बहनों में सबसे छोटा था। खखरेरू थानाध्यक्ष प्रमोद राव ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं मिली है।

### किशोरी को भगाने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** एक नावालिग किशोरी को एक युवक अपनी मॉ के सहयोग से कही बहला फुसला कर भगा ले गया है। किशोरी के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीडित भाई द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि बीती रात उसकी नावालिग बहन को गावं का ही प्रशांत लोधी पुत्र रामजीत लोधी अपनी माता विनीता के सहयोग से कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणए नई दिल्ली एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लक्ष्मीकान्त शुक्ल के निर्देश पर 13 जुलाई द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय और तहसील स्तर पर किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका आदि के संबंधित मामलों एवं बैंक मामले धारा.138 परकाम्य लिखित अधि. के वाद विद्युत एवं जल विवाद (चोरी से संबंधित विवाद) राजस्व वाद, पारिवारिक वाद, व्यवहारिक वाद, उत्तराधिकार के वाद तथा अन्य वाद/प्रकरण अधिकाधिक संख्या में निस्तारित किये जायेंगे।

### सीएचओ ने छेड़छाड़ करने की दर्ज कराई रिपोर्ट

**राठ (हमीरपुर)।** सरीला सीएचसी में तैनात सीएचओ ने गांव के एक व्यक्ति पर रास्ते में रोककर गाली गलौज कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। जरिया थाने के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि वह सरीला सीएचसी में सीएचओ के पद पर कार्यरत हैं। रविवार की शाम करीब चार बजे उसे फोन आया कि उसकी मां मिथलेश को गांव के राजू ने शराब पीकर गाली गलौज कर मारपीट की है। जब वह आईं तो गांव के बाहर उक्त युवक ने रोक कर गाली गलौज करने अश्लील हरकतें की और बुरी नियत से देखा। जरिया थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

## सेवायोजन कार्यालय परिसर में आज लगेगा रोजगार मेला, करें प्रतिभाग

**कानपुर देहात।** जिला सेवायोजन कार्यालय, कानपुर देहात द्वारा पुरुष ध् महिला बेरोजगारों के लिए 26.06.2024, स्थान जिला सेवायोजन कार्यालय परिसरए कानपुर देहात में प्रातः 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें कम्प्यूटर आपरेटर, हेल्थ एसोसिएट इत्यादि पदों हेतु विभिन्न कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। इस रोजगार मेले में आईटीआई, नान आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक उर्तीण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। मेले में आए अभ्यर्थियों का कार्यालय में रोजगार संगम पोर्टल पर पंजियन भी किया जायेगा। अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण.पत्र तथा जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति ले आयेगें। सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित नवीन पोर्टल पर जॉब सीकर नियोजक एवं संस्थान के पंजीयन की व्यवस्था है। कानपुर देहात के समस्त टेक्निकल/ नॉन टेक्निकल शिक्षण संस्थान, स्नातकोत्तर महाविद्यालय अपना पंजीयन इंस्ट्रीटयूट रजिस्ट्रेशन में कराए।

# चोरी की घटना का खुलासाः अभियुक्त को चोरी की बाइक के साथ किया गिरफ्तार

**● अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमन्चा व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये**

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**अपराध** नियन्त्रण की दिशा में चोरी की घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान श्जागते रहोश् के क्रम में बरौर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त अनिकेत कुशवाहा पुत्र शिशपाल सिंह निवासी बरौली थाना देवराहट कानपुर देहात को मय चोरी की मोटर साइकिल नं0. 77 ड 3682 डिस्कवर रंग काला जिसकी असली नम्बर प्लेट को अभियुक्त द्वारा बदल दिया गया था व 01 अवैध देशी तमन्चा, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ ग्राम मुरादपुर से 200 मीटर बरौर की तरफ भट्टे के सामने से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना बरौर पर मुअस. 45/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

## बैंक कर्मचारी पर रुपए लेकर भाग जाने की पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**राठ ( हमीरपुर )।** शाखा प्रबंधक मिडलैंड माइक्रोफिन लिमिटेड बैंक के शाखा प्रबंधक ने बैंक कर्मचारी पर समूह की वसूली कर रुपए लेकर फरार हो जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। शाखा प्रबंधक उमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शाखा में समूह की महिलाओं व पुरुषों को ऋण दिया जाता है। हर महीने किस्त वसूल की जाती है। शाखा में कुलदीप पुत्र तेज सिंह निवासी मौठ जिला झांसी कर्मचारी के पद पर हैं और किस्त वसूली का कार्य करता था। 28 अगस्त 23 को कुलदीप ने गांव में जाकर बसेला गांव की जयंती, तस्लीम, सीमा, राजा, कंचन, शिवकुमारी, नगीना, पुष्पा, माया देवी, नूरजहां, मीरा, अनीसा, रामरती, सीमा आदि महिलाओं से किस्त वसूली के 57890 लेकर भाग गया है। कई बार उसे फोन कर संपर्क किया। लेकिन कुलदीप ने फोन बंद कर दिया। कई बार कोतवाली में तहरीर दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अदालत में न्याय की गुहार लगाई।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सहयोग करें नागरिक



पालिका में बैठक लेते जिला मलेरिया अधिकारी।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** शासन के निर्देश पर स्थानीय नगर पालिका सभागार में जिला मलेरिया अधिकारी की अध्यक्षता में 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पालिका कर्मियों व सभासदों के साथ अभियान की सफलता के लिये रणनीति बनाई गई। मंगलवार को स्थानीय पालिका सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल संचालन के लिये जिला मलेरिया अधिकारी की अध्यक्षता में निकाय स्तरीय बैठक एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा कर्मचारियों को कीटनाशक, एंटीलारवा छिडकाव, फॉगिंग आदि गतिविधियों को संपन्न कराये जाने के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, मोहसिन खान चिकित्सक, नसीबा खान बीएमसी, राजन बाबू, अशोक कुमार, आकाश सक्सेना, सभासद निर्मल श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# पुलिस चौकी में अपराधियों का प्रवेश वर्जितः रवीन्द्र सोनकर



**लखीमपुर।** पुलिस चौकी में दलालों और अपराधियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। पीड़ित व्यक्ति स्वयं निःसंकोच होकर आकर अपनी समस्या बताए उसकी समस्या का समाधान त्वरित किया जाएगा। यह संदेश मंगलवार सुबह ढखेरवा पुलिस चौकी में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान नवागत चौकी प्रभारी रवीन्द्र सोनकर ने दिए। नवागत चौकी प्रभारी सोनकर ने स्थानीय पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि निष्पक्ष न्याय दिलाना उनका परम कर्तव्य है। पीड़ित व्यक्ति स्वयं निःसंकोच होकर पुलिस चौकी आए और अपनी समस्या बताए उसकी समस्या का समाधान किया जाएगा। कुछ पत्रकारों ने पूर्व में रहे इंचार्जो पर दलाल और अपराधियों की मिली भगत का सवाल उठाया। जिस पर चौकी प्रभारी सोनकर ने दो टूक में कहा कि पूर्व में क्या हुआ इससे उनका कोई मतलब नहीं है। उनके कार्यकाल में पुलिस चौकी के अंदर दलालों और अपराधियों का प्रवेश पूर्णतयः वर्जित रहेगा। प्रेस वार्ता के दौरान बिजेंदर शुक्ला, अमित अवस्थी, शंकर चक्रवर्ती, राजीव वर्मा, माधव कुमार, राजीव मिश्रा तथा मो. शाहिद आदि पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## ओडीओपी में प्रशिक्षण लेने के लिए करें आवेदन

**लखीमपुर खीरी।** एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) कार्यक्रम के तहत दक्षता, कौशल विकास, उद्यमिता विकास प्रशिक्षण व टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024.25 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना संचालित है। योजनान्तर्गत गुड उत्पाद एवं जनजातीय शिल्प (थारू कपट) से सम्बन्धित 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन बेबसाइट पर यथा ट्रेड.गुड उत्पाद एवं जनजातीय शिल्प (थारू काफ्ट) से सम्बन्धित कारीगरों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि 05 जुलाई तक निर्धारित हैं। उक्त जानकारी उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि आवेदन ऑनलाईन ही मान्य होगा। आफलाईन आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेगें। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्रए लखीमपुर खीरी से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

# लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई न होने पर सेवानिवृत्त फौजियों ने दिया धरना



राठ तहसील में नारेबाजी करते सेवानिवृत्त फौजी

**राठ ( हमीरपुर )।** प्लाट के दाखिल खारिज के लिए सुविधा शुल्क मांगने पर पूर्व सैनिक और लेखपाल के बीच मारपीट हुई थी। पूर्व सैनिकों ने तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। कस्बा निवासी रिटायर्ड फौजी शिवमंगल अपनी पत्नी बीनू देवी के नाम प्लाट में दाखिल खारिज करने के लिए लेखपाल शिवपाल से कई बार मिन्नत की। सुविधा शुल्क की मांग को लेकर लेखपाल पूर्व फौजी को रजिस्ट्री में अखियां लगवाने के टरकाता रहा। 20 जून को शिवमंगल रजिस्ट्री फॉर्म में आख्या लगवाने के लिए लेखपाल के पास तहसील पहुंचा। दोनों में विवाद हुआ और मारपीट हो गई। लेखपाल की तहरीर पर रिटायर्ड फौजी के खिलाफमुकदमा हुआ। फौजी की तहरीर पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज न करने से नाराज पूर्व सैनिकों ने तहसील परिसर में मंगलवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सीओ दिलीप सिंह और इंस्पेक्टर उमेश कुमार सिंह वार्ता करने पहुंचे। पूर्व फौजियों का कहना है जब तक लेखपाल के खिलाफकड़ी कार्रवाई न होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# जांच में पांच पैथालाजी व क्लीनिक के खिलाफ नोटिस जारी कर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश

**● कई बार नोटिस के बाद भी नही कराया रजिस्ट्रेशन, अठारह आयुर्वेद क्लीनिकों के खिलाफ कार्यवाही की संस्तुति**

**हमीरपुर।** लंबे अर्से से सीएमओ कार्यालय में बिना रजिस्ट्रेशन के ही संचालित हो रहे पैथालांजी व क्लीनिकों के खिलाफस्वास्थ्य विभाग ने शिंकजा कसा है। सुमेरपुर व राठ में संचालित पांच प्रायवेट पैथालांजी व क्लीनिकों के खिलाफनोटिस जारी कर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिये है। अठारह आयुर्वेद क्लीनकों के खिलाफकार्यवाही करने के लिये जिला आयुर्वेद अधिकारी को कड़ा पत्र सीएमओ ने लिखा है।

डिप्टी सीएमओ संजय कुमार ने बताया कि जिले में संचालित प्रायवेट पैथालाजी व क्लीनकों का सीएमओ कार्यालय में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य होता है। नीरज पैथालांजी सुमरेपुर, कौशल डेंटल क्लीनिक राठ, न्यू लाइट पैथालाजी राठ, बैष्णोदेवी पैथालाजी राठ का सीएमओ कार्यालय में विना रजिस्ट्रेशन कराये ही कई महीनों से संचालित है। इनको कई मर्तवा नोटिस भी जारी की गयी है मगर कोई ध्यान नही दिया गया है। इसलिये इनकी जांच पड़ताल कर फिर से नोटिस जारी की गयी है और संबंधित थानों में पुलिस को इनके खिलाफरिपोर्ट दर्ज करने को कहा गया है। जांच मे अठारह आयुर्वेद चिकित्सालय बिना रजिस्ट्रेशन कराये संचालित पाये गये है जो गैर कानूनी है। जिले में जो बड़े नर्सिंग होम है उनका तो पंजीकरण करा लिया गया है मगर छोटे क्लीनिक पंजीकरण नही कराये है इसके लिये अभियान चलाया जा रहा। जिला आयुर्वेद यूनानी चिकित्साधिकारी डा.बलभद्र सिंह को पत्र लिखकर कार्यवाही करने को कहा गया है ताकि ये लोग पंजीकरण कराये।

## दो जगह बिना जांच के हो रहे है रजिसट्रेशनः आयुर्वेद अधिकारी

**हमीरपुर।** जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डा.बलभद्र सिंह का कहना है कि रजिस्ट्रेशन को लेकर बड़े ही असमंजस की स्थिति बनी हुई है। क्लीनिकों का रजिस्ट्रेशन कराने के बाद संचालक सीएमओ के यहां रजिस्ट्रेशन कराने के बाद नर्सिंग होम संचालित करने लगता है जब कि नियमानुसार जिस क्लीनिक का आयुर्वेद से रजिस्ट्रेशन हो चुका है तब सीएमओ कार्यालय से उसका रजिट्रेशन नही होना चाहिये मगर सब कुछ धड़ाधड़ हो रहे है। इस प्रकार के कई मामले उनके संज्ञान में है। जिससे कुछ स्पष्ट नही हो पा रहा है। जब सीएमओ की चिट्ठी उनके पास आयेगी तो इस पर वह जवाब देगे उनका कहना है कि यह मामला कई मर्तवा उच्चाधिकारियों के सामने उठ चुका है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने कजाकिस्तान के राष्ट्रपति से बात की

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकाएव के साथ बातचीत की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के मुताबिक तोकाएव ने मोदी से फोन पर बातचीत की और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी प्रक्रिया के सफल संचालन और लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए उनके फिर से चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी।

बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री ने उन्हें हार्दिक बधाई के लिए धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री ने अस्ताना में आगामी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए भारत के पूर्ण समर्थन से अवगत कराया और विश्वास व्यक्त किया कि कजाकिस्तान का नेतृत्व क्षेत्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने में काफी योगदान देगा। बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने संपर्क में रहने पर सहमति व्यक्त की।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकाएव के साथ अच्छी बातचीत हुई। चुनाव में सफलता की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। कजाकिस्तान के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, आगामी एससीओ शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए भारत के पूर्ण समर्थन से अवगत कराया। शिखर सम्मेलन में मोदी के भाग लेने के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन राजनयिक सूत्रों ने कहा कि वह इसमें शिरकत नहीं कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर के भारत का प्रतिनिधित्व करने की संभावना है।

एससीओ में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं और यह एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह है। यह सबसे बड़े अंतरक्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है। कजाकिस्तान समूह के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। भारत ने पिछले साल एससीओ की अध्यक्षता की थी। पिछले साल जुलाई में वर्चुअल प्रारूप में एससीओ शिखर सम्मेलन हुआ था जिसकी भारत ने मेजबानी की थी।

## मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से मुलाकात की और इस दौरान दोनों ने राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एम वेंकैया नायडू से मुलाकात की। मुझे दशकों तक उनके साथ काम करने का अवसर मिला है और भारत की प्रगति के लिए उनके ज्ञान और जुनून की हमेशा प्रशंसा की है। उन्होंने मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, वेंकैया नायडू ने हमारे तीसरे कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। नायडू ने भी एक्स पर मुलाकात के बारे में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी ने उनसे त्यागराज मार्ग स्थित आवास पर मुलाकात की। उन्होंने कहा, मैंने उन्हें भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने पर हार्दिक बधाई दी। नायडू ने बैठक की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, हमारी बातचीत में, हमने राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। पूर्व उपराष्ट्रपति ने लिखा, मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों में उनके नेतृत्व में भारत गौरव की नई उंचाइयों को छुएगा। नायडू भारत के 13वें उपराष्ट्रपति के रूप में 11 अगस्त, 2017 से 10 अगस्त, 2022 तक इस पद पर रहे हैं।

# बिहार में पिछली सरकार के कार्यकाल में दिए गए 826 करोड़ के अनुबंध रद्द किए

भाषा। पटना

**बिहार की** राजग सरकार ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत पिछली महागठबंधन सरकार के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के सिलसिले में दिए गए 826 करोड़ रुपए के अनुबंधों को रद्द कर दिया है। राज्य सरकार का लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) ने ठेकेदारों की चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं का हवाला देते हुए 826 करोड़ रुपए के 350 अनुबंध रद्द कर दिए हैं। विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है। बिहार के पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा, विभाग की जांच से पता चला है कि राज्य में राजद के नेतृत्व वाली पिछली महागठबंधन सरकार के दौरान ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्था से जुड़े 350 ठेकों (826 करोड़ रुपए के) के आवंटन में उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था। ए ठेके हैंडपंप, मिनी जलापूर्ति व्यवस्था आदि की स्थापना से संबंधित थे। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद मैंने हाल में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई थी...जिसके बाद इन ठेकों को रद्द करने का आदेश जारी किया गया। मंत्री ने कहा, विभाग ने इन ठेकों से जुड़ी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट भी राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी को सौंप दी है, ताकि गहन जांच हो सके...जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। पिछली महागठबंधन सरकार के दौरान राजद नेता ललित यादव पीएचईडी मंत्री थे। सिंह ने कहा, 17 महीनों में पिछली सरकार ने पीएचईडी विभाग के 4600 करोड़ रुपए के कुल 1160 ठेके दिए थे। हमने अब तक 350 अनुबंध रद्द कर दिए हैं, शेष की जांच की जा रही है। मंत्री ने विभाग के अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई अनियमितताओं का ब्यौरा देने से इनकार कर दिया और कहा, "इनके बारे में बताने का यह उचित समय नहीं है क्योंकि मामले की जांच एक सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जा रही है। दस्तावेजों के अनुसार, बांका जिला इस सूची में सबसे ऊपर है, जहां ग्रामीण जलापूर्ति प्रणाली से संबंधित अधिकतम 106 अनुबंध रद्द किए गए हैं। जमुई में 73, लखीसराय में 20 , औरंगाबाद में 18 और आरा में 11 अनुबंध रद्द किए गए हैं। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस साल जनवरी में राजद से नाता तोड़कर राजग में वापस आ गए थे। सत्ता संभालने के तुरंत बाद फरवरी 2024 में राजग सरकार ने पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव और पिछली महागठबंधन सरकार में राजद कोटे से उनके दो तत्कालीन मंत्रियों ललित यादव और रामानंद यादव के प्रभार वाले विभागों द्वारा लिए गए सभी निर्णयों की समीक्षा का आदेश दिया था।

# सपा विधायक रमाकांत यादव की जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2022 में आजमगढ़ में जहरीली शराब से नौ लोगों की मौत के मामले में सपा के विधायक रमाकांत यादव की जमानत याचिका पर विचार करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की अवकाशकालीन पीठ ने यादव को जमानत देने से इनकार करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। पीठ द्वारा इस पर विचार करने की अनिच्छा जताए जाने के बाद यादव के वकील ने याचिका वापस ले ली।

यादव ने उच्च न्यायालय के 14 मई के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी और अधीनस्थ अदालत को निर्देश दिया गया था कि वह चार महीने के भीतर शेष गवाहों के बयान का परीक्षण करे। उच्च न्यायालय ने कहा था, रिकॉर्ड के अवलोकन से पता चलता है कि याचिकाकर्ता की पहली जमानत याचिका को इस अदालत के छह सितबंर 2023 के आदेश द्वारा खारिज कर दिया गया था और अधीनस्थ अदालत को निर्देश दिया गया था कि वह मुकदमे में तेजी लाए और इसे यथाशीघ्र, अधिमानतः छह महीने की अवधि के भीतर निपटारा करे, हालांकि अब तक केवल छह गवाहों के बयान का ही परीक्षण किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा था, रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री से ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ महत्वपूर्ण गवाहों के बयान का परीक्षण हो चुका है, लेकिन कुछ गवाहों के बयान का परीक्षण होना बाकी है। मामले के तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, सुनवाई के इस चरण में याचिकाकर्ता-आरोपी को जमानत पर रिहा करना उचित नहीं होगा। फरवरी 2022 में आजमगढ़ के अहरौला थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से नौ लोगों की मौत हो गई थी। प्राथमिकी में यादव का नाम नहीं था, लेकिन सितंबर 2022 में इसे जोड़ा गया था।

## झारखंड के मुख्यमंत्री ने आदिवासी रेजिमेंट के गठन की इच्छा जताई

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने मंगलवार को भारतीय सेना में जाट, बिहार और सिख रेजिमेंट की तर्ज पर आदिवासी रेजिमेंट के गठन की मंशा जाहिर की। सेना की पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राम चंद्र तिवारी द्वारा राज्य सचिवालय में शिष्टाचार भेंट के दौरान, मुख्यमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि आदिवासी रेजिमेंट के गठन से सेना में देशभर के आदिवासियों को अलग पहचान मिलेगी। सोरेन ने सेना में झारखंड के आदिवासी युवाओं के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला और स्थानीय लोगों के लिए भर्ती में अवसर बढ़ाने की वकालत की। लेफ्टिनेंट जनरल तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से झारखंड में एक पारिस्थितिक प्रांतीय सेना के गठन का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि इस पहल को लेकर सेना की ओर से औपचारिक प्रस्ताव मिलने पर पूरा सहयोग किया जाएगा।

# परीक्षा सुधारों पर केन्द्र की शिक्षा मंत्रालय समिति अभिभावकों छात्रों के साथ बातचीत करेगी

**नई दिल्ली।** प्रतियोगी परीक्षाएं नीट और नेट में कथित गड़बड़ी को लेकर उपजे विवाद के बीच, परीक्षा सुधारों पर शिक्षा मंत्रालय की समिति परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी चिंताओं और चुनौतियों को समझने के लिए अभिभावकों एवं छात्रों के साथ बातचीत करेगी। इसरो के पूर्व प्रमुख आर. राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली सात सदस्ईय समिति ने अपनी पहली बैठक सोमवार शाम को की। राधाकृष्णन ने संवाददाताओं से कहा, हमारी पहली प्राथमिकता देशभर के छात्रों और अभिभावकों से उनकी चिंताओं और सुझावों को जानना है। जहां तक संभव हो व्यक्तिगत रूप से या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से उनसे जुड़ने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा, हमारे लिए अगली प्राथमिकता परीक्षा शुरू करने के लिए शीघ्रता से एक मजबूत प्रणाली बनाना है। हम भविष्य को ध्यान में रख रहे हैं। विशेष रूप से देश में एक मजबूत प्रणाली, त्रुटिरहित प्रणाली और एक ऐसी प्रणाली विकसित करने पर गौर कर रहे हैं जो छात्रों की परेशानी और तनाव को कम करेगा। बैठक में मौजूद रहे सूत्रों के अनुसार, समिति मौजूदा स्थिति और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों का जायजा लेगी।

समिति को एजेंसी की मौजूदा प्रक्रियाओं और कामकाज से अवगत कराया गया। समिति ने एनटीए द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं और प्रत्एक परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की संख्या के बारे में उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर भी गौर किया। समिति ने इस बात पर भी गौर किया कि कौन सी परीक्षा कागज और कलम के जरिए और कौन सी परीक्षा कंप्यूटर के जरिए कराई जाए। ऐसा माना जा रहा है कि बैठक के दौरान समिति ने साइबर सुरक्षा के मुद्दों और डार्कनेट द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर भी चर्चा की, जहां यूजीसी-नेट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हुआ था।

नेट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद इसके अगले ही दिन शिक्षा मंत्रालय ने इस परीक्षा को रद्द कर दिया था। समिति द्वारा सुझाए गए सुधारों को अगले सत्र की परीक्षा में लागू किए जाने की संभावना है। एक अधिकारी ने कहा, इस काम को पूरी तैयारी के साथ करना होगा ताकि कोई खामी न रहे। समिति दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंप देगी और हम अगले सत्र की परीक्षा तक सुधारों को लागू करने के लिए एक कार्य योजना तैयार करेंगे। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) और पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षा नेट में कथित गड़बड़ी के बीच, केंद्र ने एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को एक समिति गठित की थी।

# राम मंदिर भवन निर्माण समिति ने गर्भगृह में बारिश का पानी भरने के आरोप नकारे

भाषा। अयोध्या

**उत्तर प्रदेश** के अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंदिर के गर्भगृह में बारिश का पानी भरने के आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहा कि मंदिर निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कोई भी कमी नहीं है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट राम मंदिर का निर्माण करा रहा है। राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्एंद्र दास ने आरोप लगाया था कि शनिवार आधी रात को हुई बारिश के कारण गर्भगृह में मंदिर की छत से तेजी से पानी टपक रहा था और रविवार सुबह फर्श पर पानी भरा हुआ था। दास ने कहा कि काफी मशक्कत के बाद मंदिर परिसर से पानी निकाला गया हालांकि नृपेंद्र मिश्रा ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया। मिश्रा ने यहां संवाददाताओं से कहा, पहले मैं आपको एक बात स्पष्ट करना चाहूंगा। समाचार पत्रों में यह बात छपी है कि मंदिर की छत से बारिश का पानी टपका, जिस वजह से गर्भगृह में या अन्य स्थानों पर पानी भरा। ऐसा कुछ भी नहीं है। मैंने स्वयं निरीक्षण किया। मिश्रा ने कहा, गुरु मंडप की जो छत और गुंबद है, उसका निर्माण कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। वह तो द्वितीय तल पर जाकर पूरा होगा। उसके बाद ही वहां का पानी रुकेगा, इसीलिए आपने देखा होगा कि जब श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं तो उस छत पर हम लोगों ने अस्थाई निर्माण करके एक प्रोटेक्शन लेयर बनाई है। उन्होंने कहा, वह भी जब मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा तो हटा दिया जाएगा। लोगों ने उसके प्रति एक भ्रम पैदा किया कि वहां से पानी आया। मिश्रा ने कहा, प्रथम तल पर बिजली के तार डाले जाने हैं, जिसके लिए लगाए गए पाइप खुले हुए हैं।

# पेज 1 का शेष

## स्पीकर के..

कटुता में समाप्त हो गया। दोनों विपक्षी नेता बाहर चले गए, वेणुगोपाल ने सरकार पर उप सभापति पद के लिए एक विपक्षी उम्मीदवार के प्रस्ताव का पालन नहीं करने का आरोप लगाया और बिड़ला के खिलाफ एक उम्मीदवार खड़ा करने के फैसले की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री भाजपा के पीयूष गोयल और जदयू के ललन सिंह ने विपक्ष पर दबाव की राजनीति करने और वरिष्ठ मंत्रियों के आश्वासन के बावजूद पूर्व शर्तें रखने का आरोप लगाया कि उपसभापति चुनने का समय आने पर उनकी मांग पर विचार किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री और जदयू नेता ललन सिंह ने संवाददाताओं से कहा, कोई दबाव की राजनीति नहीं हो सकती, जबकि गोयल ने कहा कि लोकतंत्र को पूर्व शर्तों पर नहीं चलाया जा सकता है। एनडीए के पास 293 सांसद हैं और इंडिया ब्लॉक के पास 233, संख्या स्पष्ट रूप से लोकसभा में बिड़ला के पक्ष में है, जिसमें राहुल गांधी द्वारा निर्वाचित दो सीटों में से एक से इस्तीफा देने के बाद वर्तमान में 542 सदस्य हैं। कम से कम तीन स्वतंत्र सदस्य भी विपक्ष का समर्थन करते हैं। भाजपा सूत्रों ने दावा किया कि कांग्रेस इस मुद्दे पर मुख्य हमलावर रही है और इंडिया ब्लॉक के कुछ अन्य सदस्य मुकाबले के लिए बहुत उत्सुक नहीं हैं। यदि कोटा से भाजपा सांसद बिड़ला निर्वाचित होते हैं, तो यह पांचवीं बार होगा कि कोई अध्यक्ष एक लोकसभा के कार्यकाल से अधिक समय तक काम करेगा। हालांकि कांग्रेस नेता बलराम जाखड़ एकमात्र ऐसे पीठासीन अधिकारी हैं जिन्होंने सातवीं और आठवीं लोकसभा तक दो पूर्ण कार्यकाल पूरे किए हैं। तीसरी बार के सांसद, बिड़ला राजस्थान के तीन बार के पूर्व विधायक भी हैं और भाजपा में रैंकों के माध्यम से उभरे हैं। अध्यक्ष पद के लिए उनके प्रतिद्वंद्वी सुरेश केरल से आठवीं बार सांसद हैं और दलित समुदाय से आते हैं। सूत्रों ने कहा कि यदि बुधवार को लोकसभा में मतों का विभाजन होता है, तो कागजी पर्चियों का उपयोग किया जाएगा क्योंकि नई लोकसभा में इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली अभी तक चालू नहीं है, जहां सदस्यों को अभी भी अपनी सीटें आवंटित करने की प्रक्रिया चल रही है। अनुभवी भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने इस मुद्दे पर विपक्षी दलों तक पहुंचने का बीड़ा उठाया था क्योंकि बिड़ला एनडीए की सर्वसम्मत पसंद के रूप में उभरे थे और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अपने वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की थी। सुरेश ने कहा कि यह जीत या हार के बारे में नहीं है, बल्कि एक परंपरा के बारे में है कि अध्यक्ष सत्ता पक्ष का होगा और उपाध्यक्ष विपक्ष का होगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, पिछली दो लोकसभाओं में उन्होंने हमें डिप्टी स्पीकर का पद देने से इनकार कर दिया क्योंकि उन्होंने कहा कि आप विपक्ष के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं हैं। अब हम विपक्ष के रूप में मान्यता प्राप्त हैं, (और) डिप्टी स्पीकर का पद हमारा अधिकार है। लेकिन वे हमें देने के लिए तैयार नहीं हैं। सूत्रों ने कहा कि बिड़ला की उम्मीदवारी के समर्थन में नामांकन के 10 से अधिक सेट (जिन्हें प्रस्ताव के लिए नोटिस कहा जाता है) दाखिल किए गए थे, जिनमें प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री शाह, सिंह और नड्डा और टीडीपी, जेडी (यू), जेडी (एस) और एलजेपी (आर)जैसे भाजपा सहयोगियों के सदस्य शामिल हैं। सुरेश के समर्थन में नामांकन के तीन सेट दाखिल किये गये। कांग्रेस ने अपने सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी कर बुधवार को अध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान सुबह 11 बजे लोकसभा में उपस्थित रहने को कहा है।

## कोर्ट ने....

ईडी ने अगले दिन उच्च न्यायालय का रुख किया और दलील दी कि निचली अदालत का आदेश त्रुटिपूर्ण, एकतरफा और गलत था तथा उसे मामले पर बहस करने का पर्याप्त अवसर दिए बिना पारित कर दिया गया। जमानत आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की ईडी की अर्जी पर 34 पृष्ठों के आदेश में न्यायमूर्ति जैन ने कहा कि प्रत्येक अदालत का यह दायित्व है कि वह पक्षों को अपना-अपना मामला प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त अवसर दे और इस मामले में भी ईडी को केजरीवाल की जमानत याचिका पर दलीलें पेश करने का पर्याप्त अवसर दिया जाना चाहिए था। न्यायमूर्ति जैन ने कहा कि निचली अदालत ने ईडी द्वारा लिखित दलीलों सहित दी गई अन्य दलीलों पर चर्चा और विचार नहीं किया और न ही जमानत देते समय धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 45 के तहत दोहरी शर्त की आवश्यकता के संबंध में भी चर्चा की। पीएमएलए की धारा 45 के तहत किसी आरोपी को दोहरी शर्त के मद्देनजर जमानत दी जा सकती है, यानी अदालत को प्रथम दृष्टया यह विश्वास हो कि वह ऐसे अपराध का दोषी नहीं है तथा अभियोजक को जमानत आवेदन का विरोध करने का अवसर दिया गया है। अदालत ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख के रूप में केजरीवाल की जिम्मेदारी के मुद्दे को भी जमानत आदेश में कोई जगह नहीं मिली। अदालत ने कहा कि इस स्तर पर, यह नहीं कहा जा सकता कि केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड कानून के अनुसार नहीं थी और कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन किए बिना उनकी निजी स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया था। इसने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री को उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई अंतरिम जमानत लोकसभा चुनावों की पृष्ठभूमि में दी गई थी और इसलिए उनकी यह दलील कि उन्होंने इसका दुरुपयोग नहीं किया, ज्यादा मददगार नहीं है। अवकाशकालीन न्यायाधीश के रूप में विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने 20 जून को धनशोधन मामले में केजरीवाल को जमानत दे दी थी और कहा था कि ईडी धनशोधन मामले में अपराध की आय से उन्हें जोड़ने वाले प्रत्यक्ष साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रहा है। इक्कीस जून को, उच्च न्यायालय ने स्थगन के मुद्दे पर फैसला सुनाए जाने तक जमानत आदेश के क्रियान्वयन को स्थगित कर दिया था। केजरीवाल ने अपनी जमानत पर अंतरिम रोक के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। सोमवार को शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई के लिए 26 जून की तारीख तय की और कहा कि वह इस मुद्दे पर उच्च न्यायालय के आदेश की घोषणा की प्रतीक्षा करना चाहेगी। दिल्ली आबकारी नीति तैयार करने और इसके क्रियान्वयन से जुड़ी कथित अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की उपराज्यपाल ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का आदेश दिया था, जिसके बाद 2022 में आबकारी नीति को रद्द कर दिया गया था। सीबीआई और ईडी के अनुसार, आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

## सेंसेक्स...

उच्चस्तर पर पहुंचा था। निफ्टी 183.45 अंक या 0.78 प्रतिशत बढ़कर 23,721.30 के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 216.3 अंक या 0.91 प्रतिशत चढ़कर 23,754.15 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, नेस्ले, मारुति और जेएसडब्ल्यू स्टील में गिरावट आई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, बैंकिंग शेयरों में तेजी ने निफ्टी को इस साल 34वीं बार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा दिया, हालांकि कई अन्य क्षेत्र गिरकर बंद हुए। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.26 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि स्मॉलकैप 0.03 प्रतिशत टूट गया। क्षेत्रवार बात करें तो बैंक में 1.87 प्रतिशत, वित्तीय सेवाओं में 1.45 प्रतिशत, आईटी में 0.53 प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 0.28 प्रतिशत और प्रौद्योगिकी शेयरों में 0.43 प्रतिशत की तेजी हुई। दूसरी ओर रियल्टी में 1.82 प्रतिशत, बिजली में 1.05 प्रतिशत, यूटिलिटी में 0.95 प्रतिशत, धातु में 0.84 प्रतिशत और दूरसंचार में 0.28 प्रतिशत की गिरावट हुई।

## रामनगरी....

जाने वाली धनराशि की भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अयोध्या आने वाले पर्यटकों का मुख्य आकर्षण श्रीराम जन्मभूमि परिसर और समीपवर्ती कनक भवन, हनुमान गढ़ी व अन्य धार्मिक स्थल हैं। यहां पर्यटक प्रायः धार्मिक पूजा-अर्चना और श्रद्धाभाव से आते हैं। नई पीढ़ी के युवाओं, विदेशी पर्यटकों, भारतीय सभ्यता और संस्कृति में रुचि रखने वाले अन्य पर्यटकों को अयोध्या के प्रति आकर्षित करने के लिए आवश्यक पर्यटक गंतव्य द्वारा अयोध्या में एक तरह का अभाव है।

## बुंदेलखंड..

यातायात प्रबंधन नियंत्रण (टीएमसी) यूनिट को 360 टेराबाइट रिकॉर्डिंग सर्वर स्टोरेज से युक्त किया जाएगा। बैकअप रिकॉर्डिंग के लिए भी 240 टेराबाइट की रिकॉर्डिंग स्टोरेज सर्वर युक्त होगा। टीएमसी यूनिट को फैसिलिटी मॉनिटरिंग सिस्टम कंट्रोलर, ग्राफिक डिस्पले, इंटरनेट व एसएमएस सर्वर, फाइबर चैनल होस्ट व यूएसबी जॉयस्टिक कंट्रोल्ड पीटीजेड कैमरों से युक्त किया जाएगा। इमरजेंसी टेलिफोन हेल्पलाइन कंसोल, स्टाफ के लिए आधार आधारित बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट स्कैनर मशीन, सर्ज प्रोटेक्शन डिवाइस, लाइटनिंग प्रोटेक्शन यूनिट, एडवांस्ड ड्राइवर एडवायजरी सिस्टम, जीपीएस ट्रैकर समेत 890 कैमरों के संचालन के लिए वीएएमस लाइसेंस से युक्त किया जाएगा। मौजूदा प्रक्रिया में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को एटीएमएस अनुकूल बनाने के लिए अलग-अलग 50 स्थलों पर 150 वीआईडीएस आधारित कैमरे स्थापित किए जाएंगे। यह कैमरे विशिष्ट होंगे और सौर ऊर्जा से चलने के साथ ही इनकी एक चार्ज में 96 घंटे तक की परिचालन की क्षमता होगी। योजना के अंतर्गत सीसीटीवी कंट्रोलर युक्त पीटीजेड कैमरों को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर लगाया जाएगा।

## इनवर्टर...

देखा कि चार लोग पहली मंजिल पर बेसुध पड़े हुए थे। कमरे में धुआं से भरे था। उन्हें निकालकर अस्पताल में भेजा गया, लेकिन चारों को मृत घोषित कर दिया गया। शुरुआती जांच में पता लगा है कि इनवर्टर में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। जो सोफा तक पहुंच गई और फिर पूरा धुआं फैल गया और दम घुटने से सभी की मौत हो गई।

## नीट विवाद...

मेडिकल प्रवेश परीक्षा एनईईटी और पीएचडी प्रवेश नेट में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्र ने शनिवार को एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पैनल को अधिसूचित किया था। जबकि नीट कथित लीक सहित कई अनियमितताओं को लेकर सवालों के घेरे में है, यूजीसी-नेट को रद्द कर दिया गया था क्योंकि मंत्रालय को इनपुट मिला था कि परीक्षा की अखंडता से समझौता किया गया था। दो अन्य परीक्षाएं - सीएसआईआर-यूजीसी नेट और एनईईटी पीजी - एहतियाती कदम के रूप में रद्द कर दी गईं। पैनल परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना और कार्यप्रणाली पर सिफारिशें करेगा। पैनल में एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति बी जे राव, आईआईटी मद्रास में सिविल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर एमेरिटस के राममूर्ति, पीपल स्ट्रॉन्ग के सह-संस्थापक और कर्मयोगी भारत बोर्ड के सदस्य पंकज बंसल, आईआईटी दिल्ली छात्र मामलों के डीन आदित्य मित्तल और शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जयसवाल शामिल हैं।

## रूस यात्रा...

मैं एक बार फिर जोर देकर कहना चाहता हूं कि यह दौरा होगा। राजनयिक सूत्रों ने बताया कि आठ जुलाई के आसपास भारत के प्रधानमंत्री की एक दिवसीय यात्रा की योजना बनाई जा रही है लेकिन तरीख अबतक तय नहीं है और विभिन्न विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। अगर मोदी रूस जाते हैं तो वह और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तीन वर्षों के अंतराल के बाद भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन करेंगे। भारत के प्रधानमंत्री और रूस के राष्ट्रपति के बीच यह वार्षिक शिखर सम्मेलन दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में उच्च स्तरीय संस्थागत संवाद तंत्र है। अब तक भारत और रूस के बीच क्रमशः एक दूसरे के देशों में 21 वार्षिक शिखर सम्मेलन हुए हैं। पिछला शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में छह दिसंबर 2021 को आयोजित किया गया था। राष्ट्रपति पुतिन शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आए थे।
क्रेमलिन के अधिकारी का रूस द्वारा मोदी के दौरे की तैयारी किए जाने को लेकर बयान ऐसे समय आया है जब प्रधानमंत्री ने तीन और चार जुलाई को कजाखिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। रूस इस साल अक्टूबर में ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है और उसे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी भी इसमें शामिल होंगे।

## अफगानिस्तान...

इस टीम ने मंगलवार को बांग्लादेश को रौंदने से पहले ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। निस्संदेह राशिद खान के नेतृत्व में अफगानिस्तान ने बारिश से प्रभावित सुपर 8 मैच में बांग्लादेश पर आठ रनों की जीत के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जिससे उनके क्रिकेट इतिहास में एक सुनहरा अध्याय जुड़ गया, जो युद्ध, राजनीतिक बहिष्कार और यहां तक ??कि आधार की कमी से भी बचा रहा। इस प्रक्रिया में, राशिद की मनमौजी टीम ने 2021 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को अपने पिछले सुपर 8 मैच में पराजित करने के बाद बाहर कर दिया। अब 27 जून को अंतिम चार चरण में अफगानों का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। राशिद ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, यह अविश्वसनीय है, मेरे पास अपनी भावनाओं को बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं। घर वापस आकर, हर कोई इस बड़ी उपलब्धि से बहुत खुश है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की बल्लेबाजी लड़खड़ाकर 115/5 के स्कोर पर पहुंच गई, क्योंकि बांग्लादेश के गेंदबाजों ने मुश्किल पिच का फायदा उठाते हुए 66 डॉट गेंदें फेंकी। लेग स्पिनर ऋषद हुसैन ने 26 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि अफगानिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज़ ने 55 गेंदों में 43 रन बनाए। बार-बार बारिश के व्यवधान के कारण मैच अंततः 19-ओवर का कर दिया गया और बांग्लादेश को 114 का संशोधित लक्ष्य दिया गया। इसके बाद अफगानिस्तान ने दिखाया कि क्यों और कैसे वे राशिद (4/23) और तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक (4/26) की अगुवाई में शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन करके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इतनी दूर तक आने में कामयाब रहे हैं। उनकी वीरता ने कम स्कोर का सफल और ऐतिहासिक बचाव सुनिश्चित किया क्योंकि बांग्लादेश 17.5 ओवर में 105 रन पर आउट हो गया। लिटन दास (नाबाद 54) खेल में बांग्लादेश के लिए एकमात्र योद्धा थे, जिसमें अफगानों द्वारा डीएलएस बराबर स्कोर पर आगे होने पर देरी करने की कुछ संदिग्ध रणनीति भी शामिल थी। अफगानों का काम भारत ने आसान कर दिया, जिसने कल रात ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हरा दिया। यह कहना गलत नहीं होगा कि आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भारत और एक ऐसी टीम ने टूर्नामेंट से वापस भेज दिया है जो अपने संघर्षग्रस्त देश में सुविधाओं की कमी के कारण भारत को अपना घरेलू आधार मानती है। अफगानिस्तान ने अपनी जीत के लिए बल्ले और गेंदबाजी से अपनी सलामी जोड़ी पर भरोसा किया है और मंगलवार को भी पटकथा कुछ अलग नहीं थी। जहां गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने बल्ले से 59 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की, वहीं फजलहक फारूकी और नवीन ने पहले विकेट लिए। शुरुआती विकेट झटकने की आदत रखने वाले फारूकी ने ठीक वैसा ही किया, उन्होंने दूसरे ओवर में तंजीद हसन (0) को पवेलियन भेजा, जिसके बाद नवीन का शानदार ओवर आया, जिसमें तेज गेंदबाज ने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (5) और शाकिब अल-हसन (0)का विकेट लिया। जब बारिश के कारण खेल रुका तब बांग्लादेश का स्कोर 31/3 था। उन्होंने आक्रामक तरीके से खेल फिर से शुरू किया और छह ओवर के स्कोर पर अपना स्कोर 46/3 कर लिया। फिर रशीद ने अपना परिचय दिया और अपना अनोखा जादू चलाया। उन्होंने अपने लगातार ओवरों में दो विकेट लिए लेकिन बांग्लादेश ने अपना निडर रवैया जारी रखा और डीएलएस बराबर स्कोर पर आगे रहे। हालाँकि, अफगानी कप्तान के पास कुछ भी नहीं था और उन्होंने लगातार गेंदों पर दो विकेट लिए और न्यूजीलैंड के टिम साउदी को पीछे छोड़ते हुए सबसे तेज 150 टी20 विकेट लेने वाले खिलाड़ी भी बन गए। जब अनगिनत बार बारिश होने लगी और बांग्लादेश डीएलएस बराबर स्कोर पर पीछे चल रहा था। अफगान कोच जोनाथन ट्रॉट को अपने खिलाड़ियों को डगआउट से धीमी गति से चलने के लिए कहते हुए देखा गया और ऑलराउंडर गुलबदीन नैब स्पष्ट रूप से ऐंठन की शिकायत करते हुए नीचे चले गए। अचानक ब्रेकडाउन को देरी की रणनीति के रूप में देखा गया और ऑन-एयर कमेंटेटर ने उन्हें गेंदबाजी शुरू करने के कुछ ही मिनटों के भीतर ठीक होने के लिए दुनिया का आठवां अजूबा कहा। दास अफगानिस्तान की टीम के लिए कांटा बने रहे, मजबूती से खड़े रहे और गेंद को स्क्वायर लेग के ऊपर से मारकर अपना अर्धशतक पूरा किया। हालाँकि, दूसरे छोर पर विकेट गिरने के कारण, दास अकेले रह गए क्योंकि नवीन ने बांग्लादेश के नंबर 9 और 10 को हटा दिया। जैसे ही खिलाड़ियों ने अपना भावनात्मक जश्न मनाना शुरू किया, इसने टीम के लिए एक नए युग की शुरुआत को चिह्नित किया, जो तालिबान के अधिग्रहण और देश में महिला अधिकारों की खराब स्थिति का हवाला देते हुए ऑस्ट्रेलिया द्वारा मेजबानी से इनकार करने के कारण महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन से चूक गई थी। इससे पहले, बल्लेबाजी करने का फैसला करने वाले अफगानिस्तान के बल्लेबाजों को पिच की टर्न और लेटरल मूवमेंट के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा।

# कांग्रेस ने संविधान की भावना को कई बार कुचला: शाह

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में आपातकाल लगाने के लिए मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी दल ने एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए संविधान की भावना को कई बार कुचला। साल 1975 में देश में लगाए गए आपातकाल के 49 साल पूरे होने के मौके पर शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें पार्टी का युवराज करार दिया और कहा कि वह भूल गए हैं कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था और उनके पिता राजीव गांधी ने संसद में 23 जुलाई 1985 को कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं था। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए कांग्रेस ने हमारे संविधान की भावना को कई बार कुचला। इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान भारत के लोगों पर निर्मम अत्याचार किए। उन्होंने कहा, राजीव गांधी ने तो यहां तक कहा था, अगर इस देश का कोई प्रधानमंत्री जो यह महसूस करता है कि इन परिस्थितियों में आपातकाल जरूरी है और फिर वह आपातकाल लागू नहीं करता है, तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने के योग्य नहीं है। तानाशाही कृत्य पर गर्व करना यह दिखाता है कि कांग्रेस के लिए परिवार और सत्ता के अलावा कुछ भी प्रिय नहीं है। शाह ने इससे पहले एक अलग पोस्ट में कहा, देश में लोकतंत्र की हत्या और उस पर बार-बार आघात करने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। साल 1975 में आज के ही दिन कांग्रेस द्वारा लगाया गया आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अहंकार में डूबी, निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक परिवार के सत्ता सुख के लिए 21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे, मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव किए और न्यायालय तक के हाथ बांध दिए थे।उन्होंने कहा, आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को नमन करता हूं। शाह के अलावा भाजपा के अन्य सभी वरिष्ठ नेताओं ने भी देश में आपातकाल लगाए जाने के 49 साल पूरे होने पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा कि विपक्षी दल द्वारा लोकतंत्र की हत्या करने और उसे बार-बार नुकसान पहुंचाने के लंबे इतिहास में यह सबसे बड़ा उदाहरण है।भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जो लोग आज भारतीय लोकतंत्र के संरक्षक होने का दावा करते हैं, उन्होंने संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए उठाई गई आवाजों को दबाने का कोई मौका नहीं छोड़ा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 1975 में लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र में एक काला अध्याय है, जिसे चाह कर भी भुलाया नहीं जा सकता। सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सत्ता के दुरुपयोग और तानाशाही का जिस तरह खुला खेल उस दौरान खेला गया, वह कई राजनीतिक दलों की लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता पर बहुत बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि यदि आज इस देश में लोकतंत्र जीवित है तो उसका श्रेय उन लोगों को जाता है जिन्होंने लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष किया, जेल गए और न जाने कितनी शारीरिक और मानसिक यातना से उन्हें गुज़रना पड़ा।उन्होंने कहा, भारत की आने वाली पीढ़ियां उनके संघर्ष और लोकतंत्र की रक्षा के लिए उनके योगदान को याद रखेंगी। भाजपा ने कांग्रेस की तीखी आलोचना ऐसे समय की है जब विपक्षी दल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर संविधान के खिलाफ काम करने का आरोप लगा रहे हैं।18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू होने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्य संसद में संविधान की प्रतियां लेकर गए थे।

## महिला ने पति पर भाजपा का समर्थन करने पर तीन तलाक का आरोप लगाया

**भाषा।** छिंदवाड़ा (मप्र)

**मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा** जिले में 26 वर्षीय एक महिला ने दावा किया है कि उसके पति ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन करने एवं अन्य कारणों से नाराज होकर उसे तीन बार तलाक कह कर उससे संबंध विच्छेद कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। महिला के पति ने इस आरोप से इनकार किया है और पत्नी पर विवाहेत्तर संबंध रखने का आरोप लगाया है।कोतवाली थाने के प्रभारी उमेश गोलहानी ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि महिला ने पुलिस से शिकायत की है कि आठ साल पहले शादी होने के बाद उन दोनों के बीच कुछ समय तक संबंध सामान्य रहे लेकिन बाद में पति, सास और ननद किसी न किसी बात को लेकर ताना मारने लगे एवं मारपीट करने लगे। गोलहानी ने बताया कि महिला का दावा है कि करीब डेढ़ साल पहले उसे घर से निकाल दिया गया और वह पति के साथ किराए के मकान में रहने लगी।शिकायत का हवाला देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि महिला एक राजनीतिक दल का समर्थन करती है और उसने उसके पक्ष में वोट डाला जिससे और अधिक नाराज हो कर उसके पति ने उसे तीन बार तलाक कह कर उससे संबंध विच्छेद कर लिया।उन्होंने बताया कि महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति, सास और चार ननदों के खिलाफ के दहेज निषेध अधिनियम, मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता का बयान दर्ज कर आगे के कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं। महिला ने कहा कि उसके पति ने उसे तलाक का नोटिस भेजा है जिसमें उसने उसपर चरित्रहीन होने और अवैध संबंध बनाने का आरोप लगाया है।

## आरएसएस नेता हत्या मामले में 17 पीएफआई सदस्यों को जमानत मिली

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने पलक्कड़ जिले में 2022 में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या के मामले में आरोपी 17 पीएफआई सदस्यों को मंगलवार को जमानत दे दी। आरोपी कथित तौर पर राज्य और देश के विभिन्न हिस्सों में संप्रादायिक हिंसा भड़काने के आरोपों का भी सामना कर रहे हैं। न्यायमूर्ति ए.के.जयशंकरन नाम्बियार और न्यायमूर्ति श्याम कुमार वी.एम.की पीठ ने एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) मामलों की विशेष अदालत के उस आदेश को भी बरकरार रखा जिसमें नौ अन्य आरोपियों को किसी भी तरह की राहत देने से इनकार किया गया है। उच्च न्यायालय का 111 पन्नों का यह आदेश मामले के 26 आरोपियों की अपील पर आया जिन्होंने विशेष अदालत द्वारा उनकी जमानत अर्जी खारिज किए जाने को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने 26 आरोपियों में से 17 को जमानत देते हुए सख्त शर्तें भी लगाई हैं।

## बादल से एक वर्ग ने पार्टी प्रमुख पद छोड़ने को कहा

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेताओं के एक वर्ग ने मंगलवार को सुखबीर सिंह बादल के खिलाफ बगावत कर दी और मांग की कि लोकसभा चुनावो मे शिअद की हार के मद्देनजर उन्हे पार्टी प्रमुख के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। जालंधर मे बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होने यह भी घोषणा की कि अगले महीने शिअद बचाओ आंदोलन शुरू किया जाएगा। बागी नेताओ की जालंधर मे उस समय बैठक हुई जब शिअद प्रमुख बादल चंडीगढ़ मे जिला अध्यक्षो और अन्य नेताओ के साथ लोकसभा चुनावो मे पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए बैठक कर रहे थे। वही, पार्टी ने बागी नेताओ को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित हताश तत्व बताया जो पार्टी को कमजोर करना चाहते है।आम चुनावो मे शिअद को करारी हार का सामना करना पड़ा था। शिअद पंजाब की 13 लोकसभा सीट मे से केवल एक पर ही जीत हासिल कर पाई। बादल की पत्नी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने बठिंडा सीट बरकरार रखी। शिअद के 10 उम्मीदवारो की जमानत जब्त हो गई। वर्ष 2019 मे पार्टी का मत प्रतिशत 27.45 था जो इस बार घटकर 13.42 रह गया। करीब पांच घंटे की बैठक के बाद बागी नेताओ ने बादल से पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने को कहा। पत्रकारो से बातचीत मे शिअद के पूर्व सांसद प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने कहा कि उन्होंने पार्टी की पिछली गलतियो और कमियो पर विस्तृत चर्चा की जिसके कारण पार्टी मे यह हालात बने है। उन्होने पार्टी को मजबूत करने के तरीको पर भी चर्चा की। उन्होने कहा कि एक जुलाई को अकालतख्त पर पिछली गलतियो और कमियो के लिए माफी मांगने का फैसला किया गया है। चंदूमाजरा ने कहा कि इस संबंध मे एक पत्र सिखो की शीर्ष धार्मिक संस्था अकालतख्त के कार्यालय को सौपा जाएगा। उस दिन शिरोमणि अकाली दल बचाओ आंदोलन भी शुरू किया जाएगा।

# हार सुनिश्चित दिखती है तो कांग्रेस किसी दलित को उम्मीदवार बना देती है: चिराग

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय मंत्री** चिराग पासवान ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि महत्वपूर्ण पदों पर जब उसे हार सुनिश्चित दिखती है तो वह किसी दलित नेता को प्रतीकात्मक उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतार देती है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में विपक्षी दलों की ओर से कोडिकुन्नील सुरेश को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद दलित नेता और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यह टिप्पणी की है। सरकार और विपक्ष के बीच मंगलवार को आम-सहमति नहीं बन सकी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार तथा भाजपा सांसद ओम बिरला का मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी के. सुरेश के साथ होगा।सुरेश आठवीं बार सांसद बने हैं और वह दलित समुदाय से आते हैं।चिराग पासवान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जब भी कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष को पता चलता है कि उनकी हार सुनिश्चित है तो वे दलित कार्ड चल देते हैं। पासवान ने कहा कि साल 2002 में उन्हें पता था कि वे उपराष्ट्रपति पद का चुनाव हार रहे हैं फिर भी उन्होंने सुशील कुमार शिंदे को उम्मीदवार बनाया था।उन्होंने कहा कि इसी प्रकार 2017 में जब वे जानते थे कि वे राष्ट्रपति पद का चुनाव हार रहे हैं तो उन्होंने मीरा कुमार को उम्मीदवार बनाया।उन्होंने कहा, अब जब उनके पास स्पष्ट रूप से लोक सभा अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए संख्याबल नहीं है तो वे कांग्रेस के दलित के नेता के.सुरेश जी को नामांकित कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया, विपक्ष के लिए क्या दलित नेता केवल और केवल प्रतीकात्मक उम्मीदवार हैं? लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के लिए मतदान बुधवार को होगा। संख्याबल के हिसाब से राजग उम्मीदवार बिरला का पलड़ा भारी है।बिरला और सुरेश ने मंगलवार को क्रमशः राजग और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ( इंडिया ) के उम्मीदवारों के रूप में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

## जूट संकट गहराया, ऑर्डर घटने से दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे आया

**कोलकाता।** जूट उद्योग ग्राहकों से कम ऑर्डर मिलने के बाद संकट का सामना कर रहा है। गोल्डन फाइबर कहे जने वाले जूट के दाम 5,000 रुपए प्रति क्विंटल से नीचे आ गए हैं, जबकि 2024-25 सत्र के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5,335 रुपए प्रति क्विंटल है। कीमतों में यह बड़ी गिरावट जूट पर विशेषज्ञ समिति (ईसीजे) द्वारा उत्पादन में कमी के अनुमानों के बावजूद आई है, जिसका मुख्य कारण भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य खरीद एजेंसियों (एसपीए) द्वारा जीबीटी (गन्नी बर्लेप टेक्सटाइल) बैग के ऑर्डर में उल्लेखनीय कमी आना है। जूट बेलर्स एसोसिएशन के ओम प्रकाश सोनी ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा से कहा, कच्चे जूट की कीमत में गिरावट आई है। नए कच्चे जूट मौसम (जून-जुलाई) के लिए कीमत आदर्श रूप से 5,800 रुपए होनी चाहिए थी, लेकिन यह घटकर 5,000 रुपए प्रति क्विंटल रह गई है। उन्होंने कहा कि उद्योग ऐसी स्थिति से जूझ रहा है, जो उसने दशकों में नहीं देखी है, मिलों के लिए ऑर्डर आधे हो गए हैं, जिससे केवल दो पालियों में और सप्ताह में केवल 4-5 दिन ही काम हो रहा है। 2023-24 में जूट के लिए एमएसपी 5,050 रुपए प्रति क्विंटल था। सोनी ने कहा, उद्योग में पहले का बचा (कैरीफॉरवर्ड) स्टॉक 30 लाख गांठ का होगा। इस मौसम में, किसानों को अपनी नई फसल के लिए संकट में बिक्री करनी होगी, जो एक महीने में आएगी। केंद्रीय जूट ट्रेड यूनियनों ने मिलों के लिए कम ऑर्डर की स्थिति को उजागर करने के लिए पश्चिम बंगाल के श्रम मंत्री और जूट आयुक्त से मिलने का समय भी मांगा है, जिससे राज्य में इस क्षेत्र से जुड़े 2.5-3 लाख मिल श्रमिकों के रोजगार पर असर पड़ेगा। उद्योग के दिग्गज और भारतीय जूट मिल्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संजय कजारिया ने कहा कि एफसीआई और एसपीए ने जीबीटी बैग के लिए अपने ऑर्डर में भारी कमी की है।

## स्पेक्ट्रम नीलामी के पहले दिन करीब 11,000 करोड़ रुपए की बोलियां लगी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनियो ने स्पेक्ट्रम नीलामी के पहले दिन मंगलवार को पांच दौर मे करीब 11,000 करोड़ रुपए मूल्य की बोलियां लगाईं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सरकार 96,238 करोड़ रुपए के आरक्षित मूल्य पर 10,500 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी कर रही है। इसके लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओ से बोलियां आमंत्रित की गई है। मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, दूरसंचार कंपनियों ने पहले दिन की स्पेक्ट्रम नीलामी में करीब 11,000 करोड़ रुपए की बोलियां लगाई है। नीलामी बुधवार को फिर शुरू होगी।

एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")
CIN : U65993DL2002PLC115769
पंजीकृत कार्यालय: 14वीं मंजिल, ईआरओएस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019. ई-मेल: acre.arc@acreindia.in,वेबसाइट: www.acreindia.in
कॉर्पोरेट कार्यालय: यूनिट नंबर 502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नंबर सी - 66, जी - ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051. फोन: 022 68643101

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड ("आईएचएफएल")** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **वरुण गुप्ता और देवांशी गुप्ता** को **22.06.2019** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLAGR00206011** की राशि **रू. 26,02,486/- (रूपए छब्बीस लाख दो हजार चार सौ छियासी मात्र)** और **21.06.2019** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी । इसके अलावा **आईएचएफएल** ने दिनांक **27.06.2023** के असाइनमेंट करार के माध्यम से **एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")** के पक्ष में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज और कर्ज खाता सौपा है, जिसे सुधार अनुबंध दिनांक **04.08.2023** के साथ पढ़े ।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **21.06.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 26,02,486/- (रूपए छब्बीस लाख दो हजार चार सौ छियासी मात्र) 21.06.2019** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.** के आधीन होगा.
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण
इको विलेज-IV से पहचाने जानेवाली परियोजना में, परियोजना के ब्लॉक-I2 में दसवीं मंजिल पर, फ्लैट नं. 1008 सुपर एरिया माप 890 स्क्वे. फीट, प्लॉट नं. जीएच - 01, सेक्टर-16 बी, ग्रेटर नोएडा - 201303, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 21.06.2024
असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.
स्थान : गौतमबुद्ध नगर
(102-

## ओवैसी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया के एक क्षेत्र का उल्लेख किया, रिकॉर्ड से हटाई गई बात

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद एक युद्ध प्रभावित पश्चिम एशियाई क्षेत्र के पक्ष में नारे लगाए, जिसके बाद सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया और सभापति ने इसे रिकॉर्ड से हटाने का निर्देश दिया। हैदराबाद से पांचवीं बार सदस्य निर्वाचित हुए ओवैसी ने उर्दू में शपथ ली। शपथ लेने से पहले उन्होंने दुआ पढ़ी। अपनी शपथ के बाद उन्होंने मुस्लिमों के लिए एआईएमआईएम का नारा बुलंद करने के अलावा अपने राज्य तेलंगाना, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के पक्ष में नारा लगाया। ओवैसी ने पश्चिम एशिया के उस क्षेत्र के पक्ष में नारा लगाया जो वर्तमान में युद्ध का सामना कर रहा है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा के केंद्रबिंदु में है। उनकी शपथ के बाद सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों ने आपत्ति जताई, जिससे सदन में हंगामा शुरू हो गया। पीठ पर आसीन राधामोहन सिंह ने सदस्यों को आश्वासन दिया कि शपथ के अलावा कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। कुछ मिनट तक हंगामा जारी रहा, जिसके बाद शपथ ग्रहण दोबारा शुरू हुआ। इसके बाद आसन पर लौटे प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने कहा कि केवल शपथ का मूल पाठ ही रिकॉर्ड में दर्ज किया जा रहा है। महताब ने कहा, मैंने पहले भी कहा है कि कृपया शपथ के मूलपाठ के अलावा किसी और चीज का जिक्र करने से बचें। इसका पालन किया जाना चाहिए। संसद से बाहर संवाददाताओं से बात करते हुए, ओवैसी ने कहा कि उन्होंने सदन के भीतर जय फलस्तीन कहा है। उनका कहना था, अन्य सदस्य भी अलग-अलग बातें कह रहे हैं... मैंने कहा जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फलस्तीन। यह कैसे गलत है? मुझे संविधान के प्रावधान बताएं? आपको दूसरों की बात भी सुननी चाहिए...पढ़िए कि महात्मा गांधी ने फलस्तीन के बारे में क्या कहा था।

# भारत को सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में निवेश करना चाहिए : वायुसेना प्रमुख

**भाषा।** नई दिल्ली



**वायुसेना प्रमुख** एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने मंगलवार को कहा कि वर्तमान परिदृश्य सीमा विवादों और आतंकवाद से लेकर साइबर खतरों एवं क्षेत्रीय अस्थिरता तक बहुआयामी चुनौतियां पेश करता है तथा भारत को इस चुनौतीपूर्ण स्थिति से निकलने के लिए अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में निवेश करना चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने यहां एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि आधुनिक युद्ध को त्वरित प्रौद्योगिकी उन्नयन, असमान्य खतरों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है और भू-राजनीति, सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य को व्यापक रूप से समझने की जरूरत है। विश्व के कुछ क्षेत्रों में टकराव के बीच उभरती भू-राजनीति की पृष्ठभूमि में उनकी यह टिप्पणी आई है। संगोष्ठी का आयोजन भारतीय वायुसेना, कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर (सीएडब्ल्यू) और सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज (सीएपीएस) द्वारा सुब्रतो पार्क स्थित वायुसेना सभागार में तीसरे युद्ध एवं एयरोस्पेस रणनीति कार्यक्रम (डब्ल्यूएएसपी) के समापन के अवसर पर किया गया था। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि इस बहुआयामी परिदृश्य के लिए ऐसे सैन्य कर्मियों की आवश्यकता है जो न केवल युद्ध कौशल से लैस हों, बल्कि अपने कार्यों के व्यापक निहितार्थों की गहरी समझ भी रखते हों।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Arun Kumar S/o. Sadhu Sharan Yadav J-1115, Jahangirpuri Delhi 33 have changed my name from Arun Kumar to Arun Kumar Yadav permanently.
PD(545)A

I, Santosh Devi W/o Harkesh R/o H.No.973, Gali No.2, Kushak Road, Kbadda Colony, Swaroop Nagar, Delhi-110042 have changed my name to Santosh for all future purposes.
PD(546)A

My name is Bhagirath Kataria and earlier my name was Bhagirath. I have changed my name which in all identity cards and now declare that in future i will be called as Bhagirath Kataria. from now i will be known as Bhagirath Kataria.
PD(547)C

LOST & FOUND

I, Rani Ranjan W/o Sh. Pramod Ranjan Lost Sale Deed Certificate of Possession S-4/724, Shalimar Ganden Extn-1, Sahibabad Ghaziabad U P, Vide @ FIR No.1839722/2024 Whase Rag no Particular Docn-1592 Book No.1 Val No.690 Page- 85-96 Dated 24-2- 24023 Finder may Contact 8800842070.
PD(548)A

## कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह सांसद के रूप में शपथ नहीं ले सका

**चंडीगढ़।** कट्टरपंथी उपदेशक और खडूर साहिब लोकसभा सीट से निर्वाचित अमृतपाल सिंह संसद सदस्य के रूप में शपथ नहीं ले सका क्योंकि वह राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत असम की जेल में बंद है।पंजाब से निर्वाचित 12 अन्य सांसदों को मंगलवार को संसद में शपथ दिलाई गई। पंजाब में 13 लोकसभा क्षेत्र हैं। संसद में कांग्रेस नेता गुरजीत सिंह औजला के शपथ लेने के बाद सिंह का नाम पुकारा गया, लेकिन वह उपस्थित नहीं थे। इसी तरह, बारामूला लोकसभा सीट से निर्वाचित इंजीनियर राशिद सोमवार को सांसद के रूप में शपथ नहीं ले सके क्योंकि वह गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

# जल की कमी भारत की साख के लिए हानिकारक, सामाजिक अशांति उत्पन्न कर सकती है: मूडीज

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत में** पानी की बढ़ती कमी कृषि तथा उद्योग क्षेत्र को प्रभावित कर सकती है जो देश की ऋण क्षमता के लिए हानिकारक है, क्योंकि खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि और आय में गिरावट से सामाजिक अशांति उत्पन्न हो सकती है। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि जल आपूर्ति में कमी से कृषि उत्पादन तथा औद्योगिक कार्य प्रभावित हो सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं.... यह उन क्षेत्रों की ऋण क्षमता के लिए हानिकारक हो सकता है, जो भारी मात्रा में जल का उपभोग करते हैं, जैसे कोयला बिजली उत्पादक और इस्पात निर्माता आदि। इसमें कहा गया कि भारत की तेज आर्थिक वृद्धि, साथ ही तीव्र औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में पानी की उपलब्धता कम हो जाएगी। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव तेजी से बढ़ने के कारण जल संकट और भी बदतर हो रहा है, जिसके चलते सूखा, लू तथा बाढ़ जैसी जलवायु संबंधी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। मूडीज ने भारत के समक्ष पर्यावरणीय जोखिम पर एक रिपोर्ट में कहा कि भारत में पानी की कमी बढ़ती जा रही है, क्योंकि तेज आर्थिक वृद्धि तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के कारण लगातार बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के बीच पानी की खपत बढ़ रही है। यह ऋण क्षमता के लिए हानिकारक है, साथ ही उन क्षेत्रों के लिए भी हानिकारक है जो पानी का अत्यधिक उपभोग करते हैं, जैसे कोयला बिजली जनरेटर और इस्पात विनिर्माता। दीर्घावधि में जल प्रबंधन में निवेश संभावित जल की कमी से होने वाले जोखिम को कम कर सकता है। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में जल संकट एक राजनीतिक मुद्दा बन गया है। इस मुद्दे पर 21 जून को भूख हड़ताल शुरू करने वाली दिल्ली की जल मंत्री आतिशी को मंगलवार की सुबह तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# प्रधान न्यायाधीश ने नागरिकों, वकीलों से विशेष लोक अदालत में भाग लेने की अपील की

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधान न्यायाधीश** (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने लंबित मुकदमों की भारी संख्या को रेखांकित करते हुए सभी पक्षकारों और वकीलों से मंगलवार को अपील की कि वे 29 जुलाई से तीन अगस्त तक आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में भाग लें, ताकि लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान हो सके। विशेष लोक अदालत का आयोजन उच्चतम न्यायालय की स्थापना के 75वें वर्ष में किया जा रहा है, जो 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू होने के साथ अस्तित्व में आया था। प्रधान न्यायाधीश ने एक वीडियो संदेश में कहा, 29 जुलाई से तीन अगस्त तक उच्चतम न्यायालय एक विशेष लोक अदालत का आयोजन कर रहा है। यह उन गतिविधियों की श्रृंखला का हिस्सा है, जो उच्चतम न्यायालय शीर्ष अदालत की स्थापना के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में मना रहा है। उन्होंने कहा कि न्याय संस्था के प्रति समर्पित सभी न्यायाधीश लंबित मामलों की बड़ी संख्या को लेकर चिंतित हैं। लोक अदालत हमारे नागरिकों से जुड़े मामलों को पूरी तरह से स्वैच्छिक सहमति के आधार पर उनकी संतुष्टि के लिए हल करने को लेकर एक बहुत ही अनौपचारिक और प्रौद्योगिकी-आधारित समाधान का प्रतिनिधित्व करती है।

## जम्मू-कश्मीर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वकील की हत्या के मामले में गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मियां कयूम को वर्ष 2020 में एक वकील बाबर कादरी की हत्या में उनकी कथित संलिप्तता के लिए मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान समर्थक अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी से करीबी संबंधों के लिए पहचाने जाने वाले कयूम को राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) द्वारा उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत एकत्र करने के बाद हिरासत में ले लिया गया। टेलीविजन बहसों में अक्सर दिखाई देने वले मानवाधिकार विशेषज्ञ कादरी को सितंबर 2020 में शहर के हवाल इलाके में उनके आवास पर गोली मार दी गई थी।

कैमक कमर्शियल कंपनी लिमिटेड
(सीआईएन L70109DL1980PLC169318)
पंजीकृत कार्यालयः प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9–10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली – 110002 मोबाइल नं. 7303495374, ईमेलः camaccommercial@gmail.com
वेबसाइटः www.camaccommercial.com

44वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना,
रिमोट ई–वोटिंग सूचना

1. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की 44वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") गुरूवार, जुलाई 18, 2024 को सुबह 10:30 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") सुविधा के माध्यम से बुलाई जाएगी, बिना सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के एक सामान्य स्थल पर, 44वीं एजीएम के नोटिस में निर्धारित व्यवसाय को संचालित करने के लिए, कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों के लागू प्रावधानों और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्र सं. 09/2023 के साथ पठित सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अनुपालन में और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 07 अक्टूबर, 2023 (सामूहिक रूप से "प्रासंगिक परिपत्र" के रूप में संदर्भित)।
2. संबंधित परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2023–24 की वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां 25 जून, 2024 को उन सदस्यों को भेजी गई हैं, जिनकी ईमेल–आईडी 21 जून, 2024 तक डिपॉजिटरी/कंपनी के पास पंजीकृत हैं। यह संचार और 2023–24 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ नोटिस कंपनी की वेबसाइटः www.camaccommercial.com और सीडीएसएल की वेबसाइटः www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।
3. एजीएम के उद्देश्य से कंपनी के सदस्यों और शेयर ट्रांसफर पुस्तकों का रजिस्टर 12 जुलाई, 2024 से 18 जुलाई, 2024 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेगा।

रिमोट ई–वोटिंग

4. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के प्रावधान के अनुसार, जैसा कि संशोधित किया गया है और सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 44, और द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक के अनुसार, कंपनी ने अपने सदस्यों को ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की सेवाओं का लाभ उठाया है। सदस्य कंपनी द्वारा प्राप्त दूरस्थ ई–वोटिंग सेवाओं के संबंध में नीचे नोट कर सकते हैं:
   (i) 44वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित साधारण और विशेष व्यवसाय इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान के माध्यम से निपटाए जाएंगे।
   (ii) रिमोट ई–वोटिंग शुरू होने की तिथि और समयः 14 जुलाई, 2024 (सुबह 9:00 बजे)
   (iii) रिमोट ई–वोटिंग की समाप्ति की तिथि और समयः 17 जुलाई, 2024 (शाम 5.00 बजे)
   (iv) 44वीं एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग या ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने की कट–ऑफ तिथि 11 जुलाई, 2024 है
   (v) सदस्य ध्यान दें कि (क) मतदान के लिए उपरोक्त तिथि और समय के बाद सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा और एक बार सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर वोट डालने के बाद, सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। (ख) जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे वी.सी. सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन एजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से फिर से अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे। (ग) एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे एजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपना वोट डालने के हकदार होंगे। (घ) केवल वह व्यक्ति जिसका नाम कट–ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है, रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने, वी.सी. सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने और एजीएम के दौरान ई–वोटिंग का हकदार होगा।
5. कोई भी व्यक्ति, जिसने एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद लेकिन कट–ऑफ तिथि अर्थात 11 जुलाई, 2024 से पहले शेयर खरीदे हैं और कंपनी का सदस्य बन गया है, वह एजीएम बुलाने की सूचना में दिए गए ई–वोटिंग के निर्देशों का पालन करके अपना वोट डाल सकता है, जो कंपनी और सीडीएसएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। हालाँकि, अगर व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग के लिए पहले से ही सीडीएसएल के साथ पंजीकृत है, तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल किया जा सकता है।
6. ई–वोटिंग प्रणाली से रिमोट ई–वोटिंग के संबंध में किसी भी प्रश्न के मामले में, आप www.evotingindia.com पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों ("एफएक्यू") और ई–वोटिंग मैनुअल को सहायता अनुभाग के तहत संदर्भित कर सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com को एक ईमेल लिख सकते हैं या श्री राकेश दलवी, पदनाम–वरिष्ठ प्रबंधक, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, पताः ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई–400013 या helpdesk.evoting@cdslindia.com को एक ईमेल भेजें या 022–23058542/43 या टोल फ्री नं. 1800225533 पर कॉल करें।

कृते कैमक कमर्शियल कंपनी लिमिटेड
हस्ता/–
शाक्षी मिश्रा
कंपनी सचिव
दिनांकः 25 जून, 2024
स्थानः नई दिल्ली

# आईसीसी का रूसी अधिकारियों के खिलाफ वारंट जारी

## ●यूक्रेन में नागरिक ठिकानों पर हमलों को लेकर की कार्यवाही

**भाषा।** हेग(नीदरलैंड)

**अंतरराष्ट्रीय** आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने यूक्रेन में नागरिकों की मौजूदगी वाले स्थानों पर हमला करने के लिए रूस के पूर्व रक्षा मंत्री एवं उसकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ के खिलाफ मंगलवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किए। रूस के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने तीसरी बार वारंट जारी किया है। न्यायालय ने पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और चीफ ऑफ स्टाफ जनरल वालेरी गेरासीमोव पर युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोप लगाए हैं। गिरफ्तारी वारंट के लिए अभियोजन के अनुरोध को स्वीकार करने वाले न्यायाधीशों ने कहा कि संदिग्धों को अमानवीय कृत्य के लिए आरोपित किया गया है क्योंकि ऐसा साक्ष्य है कि उन्होंने इरादतन यूक्रेन के नागरिकों का शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न किया। न्यायालय ने एक बयान में कहा कि वारंट सोमवार को जारी किए गए क्योंकि न्यायाधीशों का विचार है कि यह मानने के लिए तार्किक आधार हैं कि ए लोग 10 अक्टूबर 2022 से नौ मार्च 2023 तक यूक्रेन में बिजली उत्पादन एवं विद्युत आपूर्ति के बुनियादी ढांचे पर रूसी सशस्त्र बलों के मिसाइल हमलों के लिए जिम्मेदार हैं। न्यायालय ने कहा, इस अवधि के दौरान, यूक्रेन में कई स्थानों पर कई विद्युत संयंत्रों और सब-स्टेशन पर रूसी सशस्त्र बलों ने हमले किए थे।

## दागिस्तान में हमला में मरने वाले लोगों की संख्या 21 हुई



**मॉस्को।** रूस के दक्षिणी क्षेत्र दागिस्तान मे इस्लामी आतंकवादियो के हमले मे घायल एक पुलिस अधिकारी की मौत हो जाने के बाद, कुल मृतक संख्या बढ़कर 21 हो गई है। अधिकारियो ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रविवार को हुए हमले में, आतंकवादियों ने एक गिरजाघर और यहूदी उपासना गृह को निशाना बनाया तथा देरबेंत और उत्तर कॉकेसस के मुस्लिम बहुल क्षेत्र मखाचकला शहरों में पुलिस पर गोलीबारी की। यह हमला, रूस मे मार्च के बाद हुआ सबसे घातक हमला है। मार्च में, मॉस्को के उपनगर में बंदूकधारियों की गोलीबारी में 145 लोग मारे गए थे। मार्च मे हुए हमले की जिम्मेदारी लेने वाले अफगानिस्तान के इस्लामिक स्टेट संगठन से संबद्ध समूह ने दागिस्तान हमले की सराहना की और कहा कि इसे कॉकेसस मे भाइयों ने अंजाम दिया जो प्रदर्शित कर रहे है कि वे मजबूत है। रूस की शीर्ष राजकीय आपराधिक जांच एजेंसी, इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने कहा कि सभी पांच हमलवार मार गिराए गए। देरबेंत क्षेत्र के प्रमुख मावसुम रेगीमोव ने मंगलवार को कहा कि चोट के चलते एक पुलिस सार्जेंट की अस्पताल मे मौत हो गई, जिससे मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 21 हो गई। मृतकों मे 16 पुलिस कर्मी शामिल है। दागिस्तान में चिकित्सा अधिकारियो ने सोमवार को कहा था कि कम से कम 46 लोग घायल है जिनमे से 13 पुलिसकर्मी है। मृतकों में 66 वर्षीय एक रूसी आर्थोडोक्स पादरी भी शामिल है।

## द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मेरी भारत यात्रा अहम भूमिका निभाएगी : हसीना

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश की** प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपनी हालिया भारत यात्रा को मंगलवार को बहुत सार्थक बताया और कहा कि भारत के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनकी वार्ता के नतीजे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और सहयोग के नए आयाम खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के न्योते पर हसीना ने पिछले हफ्ते भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा की। भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के बाद किसी विदेशी शासनाध्यक्ष की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा थी। हसीना (76) ने यहां अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ढाका तीस्ता नदी परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर सर्वाधिक लाभकारी प्रस्ताव स्वीकार करेगा। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने दोनों देशों के लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए नए आयाम खोले हैं। खबर में उन्हें उद्धृत करते हुए कहा गया है, यात्रा छोटी लेकिन बहुत सार्थक थी। मुझे लगता है कि यह यात्रा भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा शानदार संबंधों को मजबूत करने में एक बहुत अहम भूमिका निभाएगी। हसीना की यात्रा के दौरान दोनों देशों ने समुद्री क्षेत्र और समुद्री अर्थव्यवस्था सहित कई क्षेत्रों में संबंध प्रगाढ़ करने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

## अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स को अवश्य ही सेना में शामिल किया जाना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**भाषा।** यरूशलम

**इजराइल** के उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सर्वसम्मति से फैसला सुनाया कि सेना को अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स से जुड़े लोगों को सैन्य सेवा में भर्ती करना शुरू कर देना चाहिए। यह फैसला ऐसे समय में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के पतन का कारण बन सकता है जब इजराइल, गाजा में युद्ध में उलझा हुआ है। अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स यहूदियों का एक समूह है, जिसे सेना में शामिल होने से छूट प्राप्त है न्यायालय ने फैसला सुनाया कि यहूदी विद्यार्थियों और अन्य भर्ती किए गए लोगों के बीच अंतर करने वाले कानून के अभाव में इजराइल की अनिवार्य सैन्य सेवा प्रणाली अन्य नागरिकों की तरह अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स से जुड़े लोगों पर भी लागू होती है।

## पाकिस्तान के कराची में लू के कारण कम से कम 20 लोगों की मौत

**कराची।** भीषण गर्मी से त्रस्त पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में पिछले 48 घंटे की अवधि में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य तापघात से जूझ रहे हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।राहत सेवा के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को कराची और अन्य स्थानों की सड़कों पर 10 और शव बरामद किए गए। इससे एक दिन पहले सोमवार को भी 10 शवों का पोस्टमार्टम कराया गया था। अधिकारियों ने बताया कि संभवतः सभी की मौत भीषण गर्मी के कारण हुई है क्योंकि तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया है।

## जॉन क्रैसिंस्की की कहानी ने लोगों को खींचा

**एशियाड।** ए क्वॉइट प्लेस् के अब तक के दो पार्ट ने पूरी दुनिया के दर्शकों का ध्यान अपनी तरफखींचा है। इस फिल्म में दिखाए गए डर, घबराहट और सस्पेंस ने लोगों को इसकी कहानी से पूरी तरह बांधकर रखा। जॉन क्रैसिंस्की के दिमाग में आइडिया का ऐसा बीज पनपा.जो उनके और हम सबके लिए अकल्पनीय साबित हुआ। ए क्वॉइट प्लेसष् की दो सफल फिल्मों का निर्देशन करने के बाद जॉन क्रैसिंस्की ए क्वॉइट प्लेसरूडे वनष् के नाम से इसके प्रीक्वल का निर्देशन करने मैदान में उतरे हैं। आइए जानते हैं इस बारे में उनका क्या कहना है। क्रैसिंस्की का कहना है कि ए क्वॉइट प्लेस डे वन् बनाने की सबसे रोचक बात है कि वे एक बिलकुल ही नई दुनिया बना रहे हैं जिसे कभी किसी ने नहीं देखा होगा। अब वे रोचकता को एक नए चश्मे से देखने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना हैए श्इसमें उस समय को दिखाया गया है जब बाकी दुनिया के लोग इस परेशानी का सामना करते हैं। दोनों ही फिल्मों में दर्शकों के सामने कुछ रोचक सवाल भी रखे गए हैं।

## संयुक्त राष्ट्र समर्थित विदेशी सुरक्षाकर्मियों की टुकड़ी हैती पहुंची

**पोर्ट ऑ प्रिंस (हैती)।** संयुक्त राष्ट्र समर्थित विदेशी सुरक्षाकर्मियों की पहली टुकड़ी मंगलवार को हैती पहुंची। अशांत कैरेबियाई देश ने गिरोह हिंसा में वृद्धि को रोकने के लिए दो साल पहले तत्काल मदद का अनुरोध किया था। केन्या से सैकड़ों सुरक्षाकर्मी राजधानी पोर्ट ऑ प्रिंस पहुंचे, जहां मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा आपराधिक गिरोहों की हिंसा के कारण लगभग तीन महीने तक बंद रहने के बाद मई के अंत में पुनः खोला गया था। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि केन्या के सुरक्षाकर्मियों को सबसे पहले क्या जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, लेकिन उन्हे हिंसक गिरोहो का सामना करना पड़ेगा। इन गिरोहों का हैती की राजधानी के 80 प्रतिशत हिस्से पर नियंत्रण है। हिंसा की घटनाओं के चलते देश भर में 5,80,000 से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं।

# हजारों प्रदर्शनकारी केन्या की संसद में घुसे

## ●इमारत के एक हिस्से में आग लगी



**भाषा।** नैरोबी (केन्या)

**केन्या में क**रों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हजारों प्रदर्शनकारी संसद में घुस गए हैं और इमारत के एक हिस्से में आग लग गई है।सांसदों को वहां से निकाला जा रहा है। पुलिस ने इससे पहले मंगलवार को राजधानी नैरोबी में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं। प्रदर्शन में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया और उनकी मांग थी कि सांसद एक विवादास्पद वित्त विधेयक में प्रस्तावित नए करों के खिलाफ मतदान करें।पिछले सप्ताह विरोध प्रदर्शनों में दो लोगों की मौत हो गई थी, लेकिन मंगलवार को किसी के हताहत होने की तत्काल कोई जानकारी नहीं है। केन्या के लोगों द्वारा दान की गई सामग्री के साथ चिकित्सकों ने विभिन्न शहरों में अस्थाई आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित किए। विरोध प्रदर्शन का यह दौर तब शुरू हुआ जब सांसदों ने नए करों की पेशकश करने वाले वित्त विधेयक पर मतदान किया। इन नए करों में इको-लेवी भी शामिल है जो सैनिटरी पैड और डायपर जैसी वस्तुओं की कीमत बढ़ाएगी। लोगों के आक्रोश के बाद ब्रेड पर कर लगाने का प्रस्ताव हटा दिया गया लेकिन प्रदर्शनकारी अब भी संसद से इस विधेयक को पारित नहीं करने का आह्वान कर रहे हैं।केन्या मानवाधिकार आयोग ने मंगलवार को अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का एक वीडियो साझा किया और कहा कि उन्हें जवाबदेह ठहराया जाएगा।आयोग ने एक्स पर राष्ट्रपति विलियम रुटो को संबोधित करते हुए लिखा, दुनिया आपको अत्याचार की ओर बढ़ते हुए देख रही हैउ आपकी सरकार के कार्य लोकतंत्र पर हमला हैं। गोलीबारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल सभी लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

## भारत और अमेरिका के बीच संबंध बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं : अमेरिकी राजदूत गार्सेटी

**भाषा।** ओक्सन हिल (अमेरिका)

**भारत में अ**मेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच रिश्ते पहले कभी इतने अच्छे नहीं रहे जितने आज हैं और दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच संबंध बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। गार्सेटी ने सोमवार को सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट के इतर एक कार्यक्रम में ए टिप्पणियां कीं जिसमें सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल भारत से है। गार्सेटी ने वाशिंगटन में हुई एक बैठक में कहा, यह (भारत-अमेरिका) ऐसा रिश्ता है जो बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध पहले कभी इतने अच्छे नहीं रहे। उन्होंने कहा, हमारा कभी भारत के साथ इतना करीबी रिश्ता नहीं रहा। भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या अब हमारी आबादी का करीब 1.5 प्रतिशत है और वे अमेरिका में छह फीसदी कर का भुगतान करते हैं। यह अमेरिका में सबसे सफल प्रवासी समुदाय है। इस कार्यक्रम में भारत के जेएसडब्ल्यू स्टील ने टेक्सास के बेटाउन में 14 करोड़ डॉलर निवेश करने की अपनी योजना की घोषणा की।

## ब्रिटेनः सुनक ने सट्टा लगाने के आरोप में फंसे दो उम्मीदवारों से पार्टी का समर्थन वापस लिया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने आम चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने के आरोपों का सामना कर रहे कंजर्वेटिव पार्टी के अपने दो सहयोगियों से पार्टी का समर्थन वापस लेने का मंगलवार को फैसला किया।यह कदम चार जुलाई को होने वाले चुनाव से पहले उठाया गया है। इससे पहले यह विवाद कई दिनो तक प्रचार अभियान की सुर्खियों मे छाया रहा और विपक्ष आरोपियों के निलंबन की मांग कर रहा था। कंजर्वेटिव पार्टी प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि पार्टी उम्मीदवार क्रेग विलियम्स और लॉरा सॉन्डर्स को अब क्रमशः वेल्स मे मोंटगोमेरीशायर एंड ग्लाइंडर तथा इंग्लैंड मे ब्रिस्टल नॉर्थ वेस्ट से सांसद के रूप मे चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का समर्थन नही होगा।कंजर्वेटिव पार्टी के प्रवक्ता ने कहा,"आंतरिक जांच के परिणामस्वरूप, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे है कि हम आगामी आम चुनाव मे संसदीय उम्मीदवार के रूप मे क्रेग विलियम्स या लॉरा सॉन्डर्स का समर्थन नही कर सकते।

## भारतीय कथा साहित्य को प्रोत्साहित करने के लिए 25 हजार डॉलर का नया आईजीएफ आर्चर-अमीश पुरस्कार

**लंदन।** जाने-माने लेखक लॉर्ड जैफ्री आर्चर और अमीश त्रिपाठी ने समकालीन भारतीय कथा साहित्य मे प्रतिभाओ और भारतीय कथा मे महत्वपूर्ण योगदान देने वाली कहानी कला को प्रोत्साहित करने के लिए 25,000 डॉलर के एक नए साहित्यिक पुरस्कार का आगाज किया है। आईजीएफ आर्चर-अमीश अवॉर्ड फॉर लिटरेचर की घोषणा सोमवार को की गई। दोनों लेखक इस घोषणा के लिए ब्रिटेन स्थित इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के उद्घाटन पर एक साथ आए। पुरस्कार के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया इस साल शुरू होगी और 2025 में अगले आईजीएफ लंदन सम्मेलन मे पुरस्कार के विजेता की घोषणा की जाएगी। केन एंड एबेल और द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स जैसी सबसे अधिक बिकने वाली किताबो के जाने-माने ब्रिटिश लेखक लॉर्ड आर्चर ने कहा, पुरस्कार काफी महत्वपूर्ण होते है क्योंकि वे लेखक की रचनाधर्मिता को एक पहचान देते है और साथ ही यह भरोसा दिलाते है कि लेखन कर्म को अपने दिन रात समर्पित करने वाला लेखक अकेला नही है।

## एक दर्जन देशों में भारत की संस्कृति और सभ्यता को प्रमोट करने का चलेगा अभियान

**लंदन।** दुनियाभर में रहने वाले भारत के लोगों के बीच भारतीय संस्कृति और सभ्यता को प्रमोट करने के साथ.साथ सेवा क्षेत्र में भारत की अग्रणी भूमिका को लेकर समिट इंडिया ट्रस्ट एक अभियान की शुरुआत करने जा रहा है। रविवार को इस बाबत दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और वर्तमान में समिट इंडिया के अध्यक्ष श्याम जाजू की अध्यक्षता में अथर्व भारत 2024 के कार्यक्रम में दो महत्वपूर्ण घोषणा की गईं,जिसमे केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं कारपोरेट राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा सहित कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति हुए। इस दौरान यह तय किया गया कि विश्व भर में 100 से अधिक मंदिर निर्माण का प्रकल्प राम जन्मभूमि न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर रामविलास वेदांती के नेतृत्व में किया जाएगा और साथ ही नमस्ते समिट इंडिया के तहत लगभग एक दर्जन देशों में इस अभियान की शुरुआत होगी। जिसके तहत शिक्षा स्वास्थ्य और सेवा से जुड़े हुए संस्थाओं को लेकर नमस्ते समिट इंडिया के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम से जोड़ेगे

**ग्लोबल।** अमेज़न के एक्सपोर्ट हाट 2024 में 300 से अधिक महत्वाकांक्षी छोटे और मध्यम आकार के विक्रताओं ने हिस्सा लिया। वो यहाँ यह जानने आए थे कि उनके उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों तक कैसे पहुँचाया जा सकता है। भारत से 8 बिलियन डॉलर से ज्यादा संचयी ईकॉमर्स निर्यात संभव बनाने वाले कंपनी के ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित यह एक दिवसीय एक्सक्लूसिव कार्यक्रम व्यवसायों और विक्रेताओं को विश्व में अपना विस्तार करने की शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है। इस शहर में ईकॉमर्स द्वारा निर्यात के लिए इस तरह का केंद्रित कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया है। 2015 में शुरुआत के बाद अमेज़न ग्लोबल सेलिंग पर 125,000 से ज़्यादा निर्यातक अपना पंजीकरण करा चुके हैं। यह कार्यक्र म भारतीय व्यवसायों को 200 से ज़्यादा देशों और क्षेत्रों से जोड़ता है और हर आकार के व्यवसाय को विश्व में अपनी एक मजबूत पहचान स्थापित करने का अवसर प्रदान करके वैश्विक वाणिज्य को सभी तक पहुँचाता है। भारत की मज़बूत अर्थव्यवस्थाए जो 2023-24,1, में 6 से 6. 8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान हैए के साथ यह पहल भारत सरकार के निर्यात लक्ष्यों के अनुरूप है, जिसमें 2030 तक 200-300 बिलियन, का ई.कॉमर्स निर्यात और 2 ट्रिलियन, का कुल निर्यात शामिल है। डिजी सॉल्यूशन की संस्थापक माधवी जैन ने कहा कि श्अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों तक पहुंचने के इच्छुक व्यवसायों को अमेज़न के माध्यम से निर्यात करने के महत्वपूर्ण लाभ हैं।

## ग्लोबल सर्वे से खुलासा, कंडोम का उपयोग बढ़ा

**केप्लेस** । ड्यूरेक्स के ताजा ग्लोबल सेक्स सर्वे के अनुसारभारत में अपने पहले यौन अनुभव के दौरान कंडोम का उपयोग करने वाले लोगों का प्रतिशत 2006 में 37 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 59 प्रतिशत हो गया है। ड्यूरेक्स हर साल दुनिया भर में सेक्स के 2 बिलियन मौकों पर मौजूद रहा है इसी के साथ ही पिछले दो दशकों में दुनिया भर में 118,000 से ज़्यादा लोगों ने इसके ग्लोबल सेक्स सर्वे में हिस्सा लिया है। सर्वे के नवीनतम 2024 एडिशन दुनिया भर के 36 देशों में आयोजित किया गया था।ड्यूरेक्स अपनी शुरुआत की 95वीं सालगिरह मना रहा है। इस मौके पर हुए दुनिया के इस सबसे व्यापक सेक्सुअल हेल्थ एवं वैलनैस सर्वे के चौथे एडिशन में पता चला किए कंडोम अभी भी दुनिया का सबसे लोकप्रिय गर्भनिरोधक उपाय बना हुआ है। विशेष रूप से पहली बार सेक्स करने वालों के बीच यह सबसे अधिक लोकप्रिय है। ड्यूरेक्स.ओनर में इंटिमेट वेलनेस ग्लोबल कैटेगरी के डायरेक्टर बेन विल्सन ने कहा यह देखना उत्साहजनक है कि इस साल के सर्वे में भाग लेने वाले कई देशों में इतने सारे लोग संतोषजनकए संतुष्टिदायक यौन जीवन का आनंद ले रहे हैं।

## भारतीय मिस्त्री ने दुबई में 2.25 करोड़ का जैक्पॉट जीता

**दुबई।** भारत के 46 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन ने सालों तक पैसो की बचत करने और समझदारी से निवेश करने के बाद दुबई में तकरीबन 2.25 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार जीता है। खलीज टाइम्स में मंगलवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, आंध्र प्रदेश के नागेंद्रम बोरुगद्दा 2019 से नेशनल बॉन्ड में 100 दिरहम का निवेश कर रहे हैं। 2017 से संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे बोरुगद्दा की 18 वर्षीय एक बेटी और 16 वर्षीय एक बेटा है। अखबार ने बोरुगद्दा के हवाले से कहा, मैं अपने परिवार को बेहतर जिंदगी देने और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराने के लिए संयुक्त अरब अमीरात आया था। यह जीत किसी सपने की तरह लगती है।

## पाकिस्तान : पंजाब सूबे की सरकार करतारपुर साहिब में महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा स्थापित करेगी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब सूबे की सरकार ने मंगलवार को बताया कि वह सिख साम्राज्य के पहले शासक महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा को बुधवार को करतारपुर साहिब में स्थापित करेगी ताकि भारत से आने वाले श्रद्धालु भी उसे देख सकें। इस प्रतिमा को कट्टरपंथियों ने दो बार क्षतिग्रस्त कर दिया था जिसे अब एक बार फिर मरम्मत कर यहां स्थापित किया जाएगा। करतारपुर साहिब को गुरुद्वारा दरबार साहिब के नाम से भी जाना जाता है जो लाहौर से करीब 150 किलोमीटर पूर्वोत्तर में भारत की सीमा के नजदीक है। महाराजा रणजीत सिंह की नौ फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा को सबसे पहले लाहौर के किले में उनकी समाधि के नजदीक 2019 में स्थापित किया गया था।

## चीन का अंतरिक्ष यान चंद्रमा के सुदूर हिस्से से चट्टान और मिट्टी के नमूने लेकर पृथ्वी पर लौटा

**बीजिंग।** चीन का चांग ए 6 अंतरिक्ष यान पहली बार चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र से चट्टान और मिट्टी के नमूने एकत्रित करने का ऐतिहासिक मिशन पूरा करने के बाद मंगलवार को पृथ्वी पर लौट आया। यह चीन के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक प्रमुख उपलब्धि है।चीन राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने घोषणा की कि यह अंतरिक्ष यान मंगलवार की दोपहर को उत्तरी चीन के इनर मंगोलियाई स्वायत्त क्षेत्र में बीजिंग के समयानुसार दोपहर दो बजकर सात मिनट पर उतरा और यह मिशन पूरी तरह सफल रहा। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने चांग ए 6 मिशन की सफलता पर बधाई दी। चीन का यह अभियान चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र तक पहुंचने और वहां से नमूने एकत्रित करने वाला पहला अभियान है। इससे पहले भारत अगस्त 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। उसका चंद्रयान-3 का लैंडर सफलतापूर्वक वहां उतरा था। पृथ्वी के इकलौते उपग्रह चंद्रमा का यह वह हिस्सा है जिसके बारे में अभी अधिक जानकारी नहीं है। चीन चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतरने वाला इकलौता देश है। इससे पहले उसने 2019 में ऐसा किया था। चंद्रमा का निकटतम भाग चंद्र गोलार्ध है जो हमेशा सुदूर भाग के विपरीत यानी पृथ्वी की ओर होता है।

# यूक्रेन, मोल्दोवा यूरोपीय संघ की सदस्यता के लिए वार्ता शुरू करेंगे

**भाषा।** ब्रसेल्स



**यूक्रेन** यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ समूह की सदस्यता के लिए आधिकारिक तौर पर वार्ता शुरू करने जा रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे अपने देश के नागरिकों के लिए सपना सच होने जैसा बताया है। रूस के साथ यूक्रेन के युद्ध के दो साल से अधिक समय बाद यह वार्ता शुरू होने जा रही है। यूक्रेन की यूरोपीय मामलों की उप प्रधानमंत्री ओल्गा स्टेफनिशिना लक्जमबर्ग में एक अंतर-सरकारी सम्मेलन में अपने देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। इसके साथ यूक्रेन के कानूनों और मानकों को 27 देशों के समूह के अनुरूप बनाने के लिए वार्ता की आधिकारिक शुरुआत होगी। मोल्दोवा भी ईयू में आधिकारिक तौर पर शामिल होने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए एक अलग अंतर-सरकारी सम्मेलन में भाग लेगा। मोल्दोवा ने फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद ईयू में शामिल होने के लिए आवेदन किया था और चार महीने बाद उसके आवेदन को विचार के लिए स्वीकार लिया गया था। यूक्रेन ने भी रूस के आक्रमण के बाद ईयू में शामिल किए जाने का अनुरोध किया था। हालांकि, इसमें अब तक प्रगति धीमी रही है। तुर्किए को भी समूह में शामिल किए जाने पर करीब दो दशक तक बातचीत चली, लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला।

# ईरान के सर्वोच्च नेता ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारी संख्या में मतदान की अपील की

**भाषा।** दुबई



**ईरान के** सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने शुक्रवार को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में दुश्मन पर काबू पाने के लिए मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। उन्होंने साथ ही उन नेताओं की निंदा की जिनका मानना है कि हर अच्छी चीज अमेरिका से आती है। खामेनेई ने किसी विशेष उम्मीदवार का नाम लिए बिना यह टिप्पणी की लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि यह बयान राष्ट्रपति पद के चुनाव में एकमात्र सुधारवादी उम्मीदवार एवं हृदय शल्य चिकित्सक मसूद पेजेशकियन (69) को निशाना बनाकर दिया गया। पेजेशकियन ने अपने हालिया भाषणों में ईरान से 2015 में हुए परमाणु समझौते पर लौटने और पश्चिम तक अपनी पहुंच बढ़ाने का आह्वान किया था।खामेनेई ने कहा, जो व्यक्ति क्रांति या इस्लामी व्यवस्था का जरा सा भी विरोध करता है, वह आपके लिए उपयोगी नहीं है। वह आपका अच्छा सहयोगी साबित नहीं होगा।

## दक्षिण कोरिया में फैक्टरी में आग के बाद फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल की जांच की

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के समीप एक फैक्टरी में आग लगने के बाद मंगलवार को फॉरेंसिक और अन्य विशेषज्ञों ने जले हुए अवशेषों की जांच की। इस हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई जिनमें से ज्यादातर चीनी प्रवासी श्रमिक हैं।सियोल के दक्षिणी क्षेत्र ह्वासियोंग शहर में जब सोमवार को सुबह आग लगी, उस समय फैक्टरी में 100 से अधिक लोग काम कर रहे थे। दमकल अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा कैमरों से मिले फुटेज में नजर आ रहा है कि जिस जगह पर लिथियम बैटरियों को रखा गया था वहां आग लगने के तुरंत बाद दूसरी मंजिल पर धुआं फैल गया। सोमवार को एक व्यक्ति को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया था जबकि दमकल कर्मियों ने फैक्टरी से एक के बाद एक 21 शव बरामद किए। मंगलवार को एक और शव बरामद किया गया। इनमें से 18 चीनी नागरिक थे, दो दक्षिण कोरियाई नागरिक थे और एक लाओस का नागरिक था। दो अन्य मृतकों की नागरिकता का पता लगाया जा रहा है।चीन के राजदूत जिंग हैमिंग ने सोमवार रात को फैक्टरी का दौरा किया और श्रमिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया।

# 32 लाख वर्ष पुराने लुसी जीवाश्म से नग्नता और शर्म के बारे में क्या पता चलता है

**भाषा।** सैन फ्रांसिस्को



**पचास साल** पहले, वैज्ञानिकों ने जीनस आस्ट्रेलोपिथेकस एफरेन्सिस की 32 लाख साल पुरानी मादा नमूने की लगभग पूरी जीवाश्म खोपड़ी और हड्डियों के सैकड़ों टुकड़ों की खोज की थी, जिसे अक्सर हम सब की माँ के रूप में वर्णित किया जाता है। उनकी खोज के बाद एक उत्सव के दौरान, बीटल्स के गीत "लुसी इन द स्काई विद डायमंड्स" के बाद उनका नाम "लुसी" रखा गया। हालाँकि लुसी ने कुछ विकासवादी पहेलियों को सुलझा लिया है, लेकिन उसकी उपस्थिति एक पुश्तैनी रहस्य बनी हुई है।लोकप्रिय प्रस्तुतियों में उसे मोटे, लाल-भूरे रंग के फर पहनाए जाते हैं, जिसमें उसका चेहरा, हाथ, पैर और स्तन घनी झाड़ियों से बाहर दिखते हैं।यह पता चला है कि लुसी की यह बालों वाली तस्वीर गलत हो सकती है।आनुवंशिक विश्लेषण में तकनीकी प्रगति से पता चलता है कि लुसी नग्न रही होगी, या कम से कम बहुत कम ढकी होगी।मनुष्यों और उनकी जूँओं की सहविकासवादी कहानी के अनुसार, हमारे तत्काल पूर्वजों ने 30 से 40 लाख वर्ष पहले अपने शरीर के अधिकांश बाल खो दिए थे और 83,000 से 170,000 वर्ष पहले तक उन्होंने कपड़े नहीं पहने थे।इसका मतलब है कि 25 लाख से अधिक वर्षों तक, प्रारंभिक मानव और उनके पूर्वज बिल्कुल नग्न थे।एक दार्शनिक के रूप में, मुझे इस बात में दिलचस्पी है कि आधुनिक संस्कृति अतीत के प्रतिनिधित्व को कैसे प्रभावित करती है। और जिस तरह से लुसी को समाचार पत्रों, पाठ्यपुस्तकों और संग्रहालयों में चित्रित किया गया है, वह उसके बारे में जितना कहा गया है उससे कहीं अधिक हमारे बारे में बता सकता है। नग्नता से लेकर शर्मिंदगी तक-प्रारंभिक मनुष्यों में शरीर के बालों का झड़ना संभवत: कारकों के संयोजन से प्रभावित था, जिसमें थर्मोरेग्यूलेशन, विलंबित शारीरिक विकास, यौन साझेदारों को आकर्षित करना और परजीवियों को दूर करना शामिल था। पर्यावरणीय, सामाजिक और सांस्कृतिक कारकों ने अंतत: कपड़ों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया होगा।शोध के दोनों क्षेत्र - कब और क्यों होमिनिन अपने शरीर के बाल हटाते हैं और कब और क्यों वे अंतत:कपड़े पहनते हैं - मस्तिष्क के विशाल आकार पर जोर देते हैं, जिसे पोषित करने में कई साल लगते हैं और शरीर के अन्य हिस्सों के सापेक्ष इसे बनाए रखने के लिए अनुपातहीन मात्रा में ऊर्जा की आवश्यकता होती है।नव शिशुओं को चूंकि अपने दम पर जीवित रहने से पहले लंबे समय तक देखभाल की आवश्यकता होती है, विकासवादी अंत:विषय शोधकर्ताओं ने सिद्धांत दिया है कि प्रारंभिक मनुष्यों ने जोड़ी बंधन की रणनीति अपनाई - एक पुरुष और एक महिला एक दूसरे के लिए मजबूत संबंध बनाने के बाद साझेदारी करते हैं। एक साथ काम करके, दोनों माता-पिता की वर्षों की देखभाल को अधिक आसानी से प्रबंधित कर सकते हैं।हालाँकि, जोड़ी का बंधन जोखिम के साथ आता है।

## रोबोटिक से 98 प्रतिशत रोगियों को लाभ

चिकित्सा क्षेत्र में रोबोटिक तकनीक ने कई बड़े क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। रोबोटिक कार्डियक सर्जरी से मरीजों की सबसे तेज और बेहतर रिकवरी हो रही है। स्थिति यह है कि पारंपरिक तरीकों से अलग इस प्रक्रिया के जरिए अब तक 98 फीसदी रोगियों में सफलता हासिल हुई है। यह जानकारी नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के प्रसिद्ध कार्डियक सर्जन डा. एमएम यूसुफ और डॉ वरुण बंसल ने एक सम्मेलन के दौरान साझा की। मरीजों को उन्नत उपचार विकल्प प्रदान करने वाली अपनी राष्ट्रव्यापी पहल पर आगे बढ़ते हुए अपोलो अस्पताल का यह कार्यक्रम रोबोटिक हार्ट सर्जरी और रोबोटिक कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग सीएबीजी, को अपनाने पर केंद्रित रहा। विशेषज्ञों के अनुसार पारंपरिक ओपन.हार्ट सर्जरी की तुलना में रोबोटिक विधि के कई फायदे हैं। इसमें सभी धमनी ग्राफ्ट का उपयोग,कम जटिलताएं, कोई हड्डी नहीं काटनाए काफी कम रिकवरी समय और न्यूनतम घाव शामिल हैं। अगर सफलता की बात करें तो 98 प्रतिशत सफलता दर और न्यूनतम जोखिम का दावा है। रोबोटिक हार्ट सर्जरी अत्यंत छोटे चीरों के माध्यम से प्रक्रियाएं करने के लिए उन्नत रोबोटिक तकनीक और सर्जिकल विशेषज्ञता का उपयोग करके न्यूनतम आक्रामक दृष्टिकोण प्रदान करती है। सम्मेलन में इस बात पर भी जोर रहा कि कैसे ये उन्नत तकनीकें सभी उम्र के रोगियों के लिए तत्काल और दीर्घकालिक लाभ प्रदान करती हैं। इस न्यूनतम आक्रामक दृष्टिकोण से मरीज सर्जरी के 24 घंटे के भीतर चलना शुरू कर देते हैं। अक्सर 48.72 घंटों के भीतर छुट्टी दे दी जाती है। इसके अलावा यह सर्जरी कोरोनरी धमनी रोगए हृदय वाल्व रोगए हृदय ट्यूमर और हृदय में जन्म दोषों के इलाज वाले रोगियों के लिए आवश्यक हैं। दरअसल इस तकनीक की बढ़ती मांग को रेखांकित करते हुए रोबोटिक सर्जरी बाजार के 2030 तक 25.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो मौजूदा वैश्विक बाजार हिस्सेदारी 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

# दुनिया ने बांधे अफगानिस्तान टीम की तारीफों के पुल

## ● क्रिकेट टीम की इस उपलब्धि ने पूरे देश को जश्न में सराबोर कर दिया

भाषा। काबुल



**दिग्गजों को** जमींदोज करके टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की इस उपलब्धि ने पूरे देश को जश्न में सराबोर कर दिया और लोग सड़कों पर खुशियां बांटने निकल पड़े। बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के वर्षाबाधित मैच में अफगानिस्तान ने आठ रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही उसने आस्ट्रेलिया जैसे दिग्गज को भी बाहर कर दिया। इससे पहले ग्रुप चरण में उसने न्यूजीलैंड को हराया था। नवीनुल हक ने जैसे ही मुस्ताफिजूर रहमान को पगबाधा आउट किया , खोस्त, पकतिया और काबुल में बड़ी तादाद में क्रिकेटप्रेमी जुटने लगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इन शहरों की तस्वीरें एक्स पर डाली है। इसके साथ कैप्शन दिया है, देखो कि सफलता के हमारे लिए क्या मायने हैं। एक और पोस्टर में हजारों प्रशंसकों को सड़कों पर , अपने घरों की बालकनी में और दुकानों की छतों पर जश्न मनाते देखा गया। कैप्शन में कहा गया , उन्हें पता है कि टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान के नायकों की जीत का जश्न कैसे मनाना है। चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने लिखा , अफगानिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचना अतुलनीय है। न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया जैसी टीमों को हराया। यह जीत आपकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत की देन है। आपकी प्रगति पर गर्व है। आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी ने टीम को बधाई देते हुए कहा , क्या शानदार मैच था। अफगानिस्तान टीम को बधाई। पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने लिखा , क्या शानदार जीत। न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचना। इसे ही तरक्की कहते हैं। बधाई हो। युवराज सिंह ने लिखा , शानदार नजारा। जबर्दस्त जीत। रोमांचक मैच। जज्बातों का सैलाब। पठान पहली बार सेमीफाइनल में। नवीनुल हक का मैच विनिंग प्रदर्शन।

### आस्कर या एमी, गुलबदिन नायब के मैच के दौरान मैदान पर गिरने पर मचा बवाल

**किंग्सटाउन।** बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के आखिरी मैच में अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने अपने खिलाड़ियों को धीमे खेलने का इशारा किया और फिर गुलबदिन नायब नाटकीय ढंग से कमर के बल गिर गए जिससे पूर्व क्रिकेटरों ने सवाल उठाया है कि क्या वह वाकई तकलीफ में थे। स्लिप में फील्डिंग कर रहे नायब ने 12वें ओवर में ऐंठन की शिकायत की। इससे पहले ट्रॉट को अपने खिलाड़ियों को खेल की गति धीमी करने का इशारा करते कैमरे पर देखा गया था चूंकि बारिश के कारण खलल पड़ने पर डकवर्थ लुईस प्रणाली से उनकी टीम आगे चल रही थी। मैच में कई बार बारिश के कारण बाधा पड़ी। उस समय बांग्लादेश की टीम सात विकेट पर 81 रन बना चुकी थी और 19 ओवर में 114 रन के संशोधित लक्ष्य का पीछा करते हुए डकवर्थ लुईस प्रणाली के तहत दो रन से पीछे थी। अफगानिस्तान ने आठ रन से जीत दर्ज करके पहली बार विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाई। साइमन डाउल ने कमेंट्री करते समय कहा , कोच संदेश दे रहे है कि धीमे हो जाओ और अचानक पहली स्लिप में खड़ा खिलाड़ी बिना वजह गिर जाता है। यह अस्वीकार्य है। जिम्बाब्वे के कमेंटेटर पॉमी एम्बांग्वा ने कहा , आस्कर या एमी। नायब को उपचार दिया गया और तेज गेंदबाज नवीनुल हक उन्हें मैदान से बाहर ले गए। इसके बाद फिर बारिश शुरू हो गई और खिलाड़ी डगआउट में चले गए।

# अफगानिस्तान के सेमीफाइनल के सफर से स्वदेश में युवा प्रेरित होंगे : राशिद

**किंग्सटाउन।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान का मानना है कि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को हराने के बाद पहली बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना बहुत बड़ी उपलब्धि है जिससे स्वदेश में युवा खिलाड़ी प्रेरित होंगे। राशिद ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मुझे लगता है कि सेमीफाइनल में जगह बनाने से स्वदेश में युवाओं को काफी प्रेरणा मिलेगी। अफगानिस्तान की टीम ने पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। हमने अंडर 19 स्तर पर ऐसा किया है लेकिन इस स्तर पर हम पहले ऐसा नहीं कर पाए हैं। यहां तक कि हमने सुपर आठ में भी पहली बार जगह बनाई और फिर सेमीफाइनल में पहुंचे। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के बाद स्वदेश में आफगानिस्तान की एतिहासिक जीत का जश्न मनाते हुए प्रशंसकों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।



इस उपलब्धि के साथ अफगानिस्तान ने दिखाया कि उन्होंने सफेद गेंद के प्रारूपों में कितनी प्रगति की है। पिछले साल के एकदिवसीय विश्व कप में उन्होंने गत चैंपियन इंग्लैंड और पूर्व चैंपियन श्रीलंका तथा पाकिस्तान को हराया था। टी20 विश्व कप में भी टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीमों को हराया।

### सिर्फ लारा को हमारे सेमीफाइनल में पहुंचने का यकीन था

**किंग्सटाउन।** पिछले महीने ब्रायन लारा ने अफगानिस्तान के टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना जताई थी तो कइयों को हैरानी हुई लेकिन यह करिश्मा कर दिखाने वाली टीम के कप्तान राशिद खान ने उनसे वादा किया था कि वह उनके भरोसे पर खरा उतरकर दिखाएंगे। और ऐसा ही हुआ। अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को सुपर आठ चरण के आखिरी मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से आठ विकेट पर हराकर न सिर्फ पहली बार विश्व कप के अंतिम चार में जगह बनाई बल्कि आस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम को भी टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। काबुलीवाला की कहानी से लेकर युद्ध से जर्जर इस देश की यह कामयाबी अब क्रिकेट की किवदंतियों का हिस्सा होगी। लारा ने मई में कहा था , वेस्टइंडीज, भारत और इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंच सकते हैं।

### नफीस, बोपाना की एशियाई स्क्वाश में जीत से शुरुआत

**इस्लामाबाद।** भारत के युवा नफीस और ध्रुव बोपाना ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां अपने प्रतिद्वंद्वियों को आसानी से हराकर 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। छठी वरीयता प्राप्त नफीस ने लड़कों के अंडर-17 वर्ग में पाकिस्तान के उबैद उल्लाह को 11-7 10-12 11-5 11-4 से, जबकि बोपाना ने लड़कों के अंडर-13 वर्ग में ईरान के अमीररेज़ा अल्वानसाज़ याज़दी को 11-4 11-2 11-7 से हराया। लोकेश सुब्रमणि लड़कों के अंडर-15 वर्ग के पहले दौर में सिम एकवेई से हार गए। मलेशिया के खिलाड़ी ने यह मैच 7-11 11-4 11-5 11-2 से जीता। भारत के अन्य खिलाड़ियों को पहले दौर में बाई मिली थी।

### कोपा अमेरिका : ब्राजील ने कोस्टा रिका से गोलरहित ड्रॉ खेला

**इंगलवुड (अमेरिका)।** ब्राजील को कोपा अमेरिका फुटबॉल के पहले मैच में कोस्टा रिका ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। नौ बार की चैम्पियन ब्राजील ने गेंद पर नियंत्रण और विरोधी गोल पर हमलों में दबदबा बनाया लेकिन कोस्टा रिका के गोलकीपर पैट्रिक सिक्वेरा काफी मुस्तैद थे जिन्होंने तीन गोल बचाए। पहले हाफ में वीएआर चेक के बाद ब्राजील के मारक्विन्होस का एक गोल अमान्य करार दिया गया। इस मैच के बाद कोलंबिया ग्रुप डी में शीर्ष पर है जिसने पराग्वे को 2-1 से मात दी।

### क्रोएशिया से ड्रॉ के बाद इटली नॉकआउट में

**लीपजिग (जर्मनी)।** इटली के स्थानापन्न खिलाड़ी मात्तिया जाकानी ने स्टॉपेज टाइम के आखिरी मिनट में गोल करके क्रोएशिया को। -। से ड्रॉ पर रोका और अपनी टीम को नॉकआउट चरण में जगह भी दिला दी। इससे पहले क्रोएशिया के लिए लुका मोडरिच ने दूसरे हाफ में गोल किया था। इटली को अंतिम 16 में जगह बनाने के लिए ड्रॉ की जरूरत थी जबकि क्रोएशिया को हर हालत में जीत दर्ज करनी थी। क्रोएशिया के तीन मैचों में दो ही अंक है और अब तीसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में नॉकआउट चरण में जगह बनाने के लिए उसे बाकी मैचों के नतीजों का इंतजार करना होगा। इटली का सामना अंतिम 16 में शनिवार को स्विटजरलैंड से बर्लिन में होगा।

### स्पेन ने अल्बानिया को हराया

**डसेलडोर्फ (जर्मनी)।** स्पेन ने अपनी पूरी टीम लगभग बदलने के बावजूद यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के मैच में अल्बानिया को 1-0 से हराया। नॉकआउट चरण में पहले ही प्रवेश कर लेने के बाद स्पेन के कोच लुईस डे ला फुऐंते ने शुरूआती टीम में दस बदलाव किए। स्पेन ने 2008 के बाद पहली बार ग्रुप चरण के तीनों मैच जीते। स्पेन ने 2008 में खिताब जीता था। स्पेन के लिए 13वें मिनट में फेरान टोरेस ने गोल किया और स्टॉपेज टाइम में गोलकीपर डेविड राया ने गोल बचाया। पूरे ग्रुप चरण में स्पेन ने एक भी गोल नही गंवाया। ग्रुप बी से इटली ने क्रोएशिया से 1-1 से ड्रॉ खेलकर अगले चरण मे जगह बनाई। अल्बानिया की टीम बाहर हो चुकी है जिसे एक ड्रॉ की ही जरूरत थी।

### सुदर्शन काउंटी चैंपियनशिप में फिर सरे के लिए खेलेंगे

**लंदन।** भारतीय बल्लेबाज साई सुदर्शन मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए कुछ मैच खेलने के लिए इंग्लैंड लौटेंगे। क्लब ने मंगलवार को यह घोषणा की। यह 22 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी पिछले सत्र में सरे से जुड़ा था और उन्होंने दो काउंटी चैंपियनशिप मैच खेले थे। उन्होंने एक अर्धशतक सहित 116 रन बनाए थे जिससे टीम को अपना 22वां खिताब जीतने में मदद मिली थी। चेन्नई के इस क्रिकेटर ने आईपीएल 2024 सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और वह गुजरात टाइटंस के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।

# अर्धशतक या शतक मायने नहीं रखते : रोहित

## ● गेंदबाजों पर दबाव बनाना चाहता था

भाषा। ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया)

**वह संभवत:** रिकॉर्ड तोड़ शतक बनाने से चूक गए लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए निजी उपलब्धियां मायने नहीं रखते और उनका एकमात्र लक्ष्य गेंदबाजों को मैदान के चारों ओर शॉट लगाकर उन पर दबाव बनाना था। रोहित ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर आठ चरण के आखिरी मैच में 41 गेंद में सात चौकों और आठ छक्कों से 92 रन की आक्रामक पारी खेली जिससे भारत ने पांच विकेट पर 205 रन का मौजूदा टूर्नामेंट का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाकर 24 रन से जीत दर्ज की।



टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम है जिन्होंने 2016 में 47 गेंदों में तिहरा अंक छुआ था। रोहित इस रिकॉर्ड को तोड़ने के बिल्कुल करीब थे। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोहित ने कहा कि वह बस उसी अंदाज में बल्लेबाजी करना चाहते थे जैसे अब तक करते आए हैं। रोहित ने मैच के बाद कहा, जब आप खुले दिमाग से खेलते हैं और सिर्फ एक शॉट के बारे में नहीं सोचते तो आप मैदान के सभी हिस्सों में रन बना सकते हैं। यह एक अच्छा विकेट था और आप शॉट खेलने के लिए खुद को तैयार करना चाहते हैं। मैं पिछले कुछ वर्षों से ऐसा करने की कोशिश कर रहा हूं और मुझे खुशी है कि आज यह संभव हो पाया। उन्होंने कहा, अर्धशतक और शतक मायने नहीं रखते, मैं बस उसी अंदाज से बल्लेबाजी करना चाहता था जैसे करता आया हूं।

### मेरे विकेटों का काफी श्रेय बुमराह को जाता है : अर्शदीप

**जॉर्जटाउन।** तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की सटीक गेंदबाजी से बाकी भारतीय गेंदबाजों को बेहद दबाव के हालात में भी विकेट लेने का मौका मिल जाता है। अर्शदीप अब तक टी20 विश्व कप में 11 . 86 की औसत और 7 . 41 की इकॉनॉमी रेट से 15 विकेट ले चुके हैं। दूसरी ओर बुमराह ने 11 विकेट लिए हैं लेकिन उनका इकॉनॉमी रेट 4 . 08 ही रहा है। अर्शदीप ने कहा , मुझे लगता है कि काफी श्रेय जसप्रीत को जाता है क्योंकि वह बल्लेबाजों पर काफी दबाव बनाते है। वह तीन या चार रन ही एक ओवर मे देते है। ऐसे मे मुझे सिर्फ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है और विकेट लेने के कई मौके मिल जाते है। वे मेरे खिलाफ अधिक जोखिम लेने लगते है और फिर विकेट मिलने के मौके बन जाते है। इसलिए इसका ज्यादा श्रेय जसप्रीत को जाता है। स्पिनर कुलदीप यादव तीन मैचों मे सात विकेट ले चुके है। उनके बारे मे अर्शदीप ने कहा , कुलदीप चैम्पियन स्पिनर है। उसे जब भी मौका मिलता है, वह विकेट लेता है। वह टीम का अहम खिलाड़ी है और उम्मीद है कि वह आगे और भी विकेट लेगा।

### भारत और अफगानिस्तान के बीच फाइनल की दुआ कर रहे हैं अफगान शरणार्थी

**नई दिल्ली।** छोटे से रोमिल वकील को पता नहीं है कि क्रिकेट की दुनिया में क्या हो रहा है, लेकिन मोहम्मद इस्माइल वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप पर करीबी नजर रखे हुए हैं और उनकी दिली तमन्ना है कि इस टूर्नामेंट का फाइनल भारत और अफगानिस्तान के बीच खेला जाए। अफगानिस्तान के शरणार्थी दिल्ली में भले ही दो जून की रोटी जुटाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं लेकिन उनमें से कई क्रिकेट के दीवाने भी हैं, जबकि कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें यह भी नहीं पता है कि राशिद खान कौन हैं। इनमें वकील भी शामिल हैं जो अपने 15 वर्षीय भाई इदरीश के साथ क्रिकेट खेलना पसंद करते हैं।

## क्विक न्यूज

### हमने अपने सभी समर्थकों को निराश किया, मैं टीम की तरफ से माफी मांगता हूं: शांतो

**किंग्सटाउन।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने टी20 विश्व कप में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन के लिए प्रशंसकों से माफी मांगते हुए इस निराशाजनक अभियान के लिए बल्लेबाजों को दोषी ठहराया।भारत की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद बांग्लादेश के पास सेमीफाइनल में जगह बनाने का मौका था लेकिन सुपर 8 के अपने अंतिम मैच में उसे अफगानिस्तान से हार का सामना करना पड़ा।शांतो ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि एक टीम के रूप में हमने बांग्लादेश के अपने प्रशंसकों को निराश किया। इसलिए मैं टीम की तरफ से माफी मांगता हूं। बल्लेबाजी इकाई के रूप में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नही कर पाए। उन्होंने कहा, हमें इसके लिए खेद है।

### ओलंपिक खेलों में भारत के 100 साल पूरे होने के अवसर पर पेरिस में किया प्रदर्शनी का आयोजन

**मुंबई।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने ओलंपिक दिवस के अवसर पर पेरिस में एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जिसमें ओलंपिक आंदोलन के संस्थापक पियरे डी कुबर्टिन के जीवन और विरासत का जश्न मनाया गया। साथ ही खेलों में भारत की उपस्थिति के 100 साल पूरे होने का जश्न भी इस समारोह में मनाया गया। जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती संगीता जिंदल और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफस्पोर्ट के फाउंडर पार्थ जिंदल के साथ आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाकए संस्कृति मंत्री मैडम रचिदादाती, फ्रांस गणराज्य में भारत के राजदूत महामहिम जावेद अशरफ और पियरे डी कुबर्टिन फैमिली एसोसिएशन की प्रेसिडेंट श्रीमती एलेक्जेंड्रा डी नवसेले ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह पेरिस के 7वें अरोन्डिसमेंट के टाउन हॉल में आयोजित की जाएगी और सितंबर में पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक खेलों के अंत तक जारी रहेगी। इस अवसर पर बोलते हुएए जेएसडब्ल्यू फ ाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती संगीता जिंदल ने कहा कि जेएसडब्ल्यू समूह पेरिस में जीनियस ऑफ स्पोर्ट प्रदर्शनी में ओलंपिक में भारत के 100 वर्ष के क्यूरेशन को सपोर्ट करते हुए प्रसन्नता का अनुभव कर रहा है। 2024 ओलंपिक जेएसडब्ल्यू समूह के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

### टखने में दर्द के कारण गोला फेंक खिलाड़ी तूर राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हटे

**नई दिल्ली।** भारत के गोला फेंक के शीर्ष खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर टखने में दर्द के कारण गुरुवार से पंचकूला में शुरू हो रही राष्ट्रीय अंतर राज्ईय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हट गए जो आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों की अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। कुछ दिन पहले तक एशियाई रिकॉर्ड धारक तूर विश्व रैंकिंग कोटा के जरिए पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने की राह पर है। वह गत एशियाई चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हैं। तूर ने पीटीआई को बताया, अभी मेरे टखने में थोड़ा दर्द है और मेरे डॉक्टर ने तीन से चार हफ्तों तक थ्रो नही करने के लिए कहा है। भारत के 29 साल के तूर के नाम कुछ समय पहले तक 21.77 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड था। सऊदी अरब के मोहम्मद दाओबा तोलो ने 21 जून को मैड्रिड में एस्टाडियो वालेहर्मोसो प्रतियोगिता में 21.80 मीटर के प्रयास के साथ उनके रिकॉर्ड को तोड़ा।

### योग से मन और मस्तिष्क रहता है स्वस्थ

**लखनऊ।** स्वस्थ मानव शरीर से सभी लक्ष्य साधे जा सकते हैं। आध्यात्मिक गुरु देवेंद्र मोहन भैयाजी के इसी संदेश के साथ योग दिवस पर रजनी केयर फाउंडेशन की ओर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने जमकर योगाभ्यास किया। राजधानी लखनऊ के श्रृंगार नगर पार्क में आयोजित योग साधना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लखनऊ की पूर्व महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया ने लोगों का उत्साहवर्धन किया। संयुक्ता भाटिया ने कहा कि रजनी केयर फाउंडेशन की ओर से आयोजनत योग शिविर कार्यक्रम स्वस्थ समाज के प्रति संस्था के समर्पण को दिखाता है। उन्होंने प्रतिदिन योग की महत्ता को बताते हुए स्वच्छ पर्यावरण पर भी जोर दिया। योगगुरु अनूप ओम और योगाचार्या शालिनी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने विभिन्न योग एवं आसन किए। योगगुरु डॉण् परमेन्द्र वैद्य ने दैनिक जीवन में योग और आयुर्वेद के महत्व को लोगों के बीच रखा। फिटनेस कोच गौरव राय ने लोगों को नियमित रुप से व्यायाम करने की सलाह दी। शिक्षाविद धनंजय गुप्ता ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आग्रह किया।

### भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी तन्वी शर्मा

**नई दिल्ली। राष्ट्रीय** सीनियर प्रतियोगिता के फाइनल मे जगह बनाने वाली तन्वी शर्मा 28 जून से इंडोनेशिया के योग्यकर्ता में होने वाली बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। जूनियर राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियन प्रणय शेट्टीगर और महाराष्ट्र की अलीशा नाइक, शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय जूनियर ध्रुव नेगी और नव्या कंडेरी जैसे खिलाड़ी भी 18 सदस्ईय टीम मे शामिल है। भारत को इस मिश्रित टीम चैंपियनशिप में इंडोनेशिया, वियतनाम और फिलिपीस के साथ ग्रुप सी मे रखा गया है। भारतीय टीम इस प्रकार है:पुरुष एकल: प्रणय शेट्टीगर, ध्रुव नेगी, रौनक चौहान और प्रणव राम एन,पुरुष युगल: अर्श मोहम्मदासंस्कार सारस्वत और भार्गव राम अरिगेलाविश्व तेज गोब्बुरू,महिला एकल: तन्वी शर्मा, नव्या कंडेरी, अलीशा नाइक और आदर्शिनी श्री एनबी,महिला युगल: गायत्री रावतामनसा रावत और नव्या कंडेरीरेशिका यू ,मिश्रित युगल: भार्गव राम अरिगेलावेन्नाला के और वंश देवाश्रावणी वालेकर।

### शाओमी ने युवराज से की साझेदारी

मुंबई। भारत में इनोवेशन और सामुदायिक कल्याण में योगदान देते हुए दस साल पूरे करने के अवसर पर ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर, शाओमी इंडिया ने क्रिकेटर और कैंसर सर्वाईवर, युवराज सिंह द्वारा स्थापित एक नॉन.प्रॉफिट संगठन,युवराज सिंह फाउंडेशन यूवीकैन के साथ एक ऐतिहासिक साझेदारी की घोषणा की। इसके अंतर्गत ष्स्वस्थ महिलाए स्वस्थ भारतष् प्रोजेक्ट द्वारा वंचित और संसाधनों की कमी वाली महिलाओं पर केंद्रित रहते हुए 15 राज्यों में 12 महीनों के दौरान स्तन कैंसर से पीड़ित 1,50,000 महिलाओं की जाँच की जाएगी। यह अभियान भारत में प्रभाव और पहुँच के मामले में शाओमी का अब तक का सबसे विशाल प्रयास है। शाओमी इंडिया के प्रेसिडेंटए मुरलीकृष्णन बी ने कहा कि भारत में हमारे एक दशक के सफर में हम सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए अपने विस्तृत नेटवर्क का उपयोग कर एक टेक्नोलॉजी ब्रांड के मुकाबले काफी आगे तक विकास कर गए हैं। कड़वी सच्चाई यह है कि भारत में स्तन कैंसर के कारण हर 6 मिनट में एक महिला की मौत होती है, जिनमें से 70 प्रतिशत मामलों में निदान जाँच की कमी के कारण काफी एडवांस्ड स्टेज में होता है। इससे प्रदर्शित होता है कि हमारा यह मिशन कितना महत्वपूर्ण है। हमें युवराज सिंह फाउंडेशन यूवीकैनद्ध के साथ मिलकर काम करने पर गर्व है। हम मिलकर व्यापक परिवर्तन लाने के लिए अपनी टेक्नोलॉजिकल विशेषज्ञता का उपयोग करेंगे। हम साथ में स्तन कैंसर से जुड़े कलंक को तोड़नाए जागरुकता बढ़ानाए और इसकी तुरंत पहचान संभव बनाना चाहते हैंए ताकि अनेकों जानों को बचाया जा सके। यह अभियान भारत के लिए हमारी प्रतिबद्धता के अंतर्गत है, जो स्वास्थ्य की गंभीर चुनौतियों को संबोधित करने और स्थायी सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए इनोवेशन से बढ़कर है। युवराज सिंह पूर्व क्रिकेटर और संस्थापक युवराज सिंह फाउंडेशन यूवीकैन ने कहा कि स्वस्थ महिला स्वस्थ भारत अभियान भारत में स्तन कैंसर के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### डकवर्थ-लुईस पद्धति के जनक फ्रेंक डकवर्थ का निधन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के सांख्यिकीविद और डकवर्थ-लुईस-स्टर्न (डीएलएस) पद्धति को तैयार करने वालों में शामिल फ्रेंक डकवर्थ का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। रिपोर्ट के अनुसार डकवर्थ का 21 जून को निधन हो गया। डकवर्थ-लुईस पद्धति को डकवर्थ और उनके साथी सांख्यिकीविद टोनी लुईस ने तैयार किया और इसका इस्तेमाल बारिश से प्रभावित मैचों के नतीजे के लिए किया जाता है। इस पद्धति को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे पहले 1997 में लागू किया गया और 2001 में आईसीसी उन मुकाबलों में संशोधित लक्ष्य देने की मानक प्रणाली के रूप इसे स्वीकार किया जहां ओवरों की संख्या में कटौती होती है। डकवर्थ और लुईस की सेवानिवृत्ति और ऑस्ट्रेलिया के सांख्यिकीविद स्टीवन स्टर्न द्वारा इसमें कुछ संशोधन के बाद इस पद्धति को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न नाम दिया गया।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वार्नर का सफर खत्म

भाषा। किंग्सटाउन

**ऑस्ट्रेलिया** के महान बल्लेबाज डेविड वार्नर के उपलब्धियों और विवादों से भरे 15 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर का मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ निराशाजनक अंत हो गया। अफगानिस्तान की जीत के साथ पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ 2021 का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सिर्फ दो अंक के साथ सुपर आठ ग्रुप एक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ चौंकाने वाली हार के अलावा भारत के खिलाफ भी शिकस्त झेलनी पड़ी। ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में से



एक वार्नर को गॉर्ड ऑफ ऑनर नहीं मिल सका और ना ही दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। अपने अंतिम मुकाबले में उन्होंने छह गेंद में छह रन बनाए और अर्शदीप सिंह की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। वह सिर झुकाए मैदान से बाहर चले गए, उन्हें नहीं पता था कि यह उनका आखिरी मैच था या नहीं। वार्नर ने 110 मैच में 33.43 के औसत और 142.47 के स्ट्राइक रेट से 3,277 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर और दुनिया के सातवें सबसे सफल बल्लेबाज के रूप में टी20 प्रारूप से संन्यास लिया। उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में एक शतक और 28 अर्द्धशतक बनाए। उन्होंने 2011 से 2024 के बीच 112 टेस्ट में 44.59 की औसत से 26 शतक और 37 अर्द्धशतक के साथ 8,786 रन बनाए जबकि 161 एकदिवसीय मुकाबलों में 22 शतक और 33 अर्धशतक की मदद से 45.30 की औसत से 6,932 रन जोड़े। वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 49 शतक और 19,000 के करीब रन बनाए।

### वार्नर जैसा तीनों प्रारूप में प्रभाव छोड़ने वाला खिलाड़ी मिलना मुश्किलः पोंटिंग

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने टी20 विश्व कप के बाद संन्यास लेने वाले सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर की जमकर प्रशंसा करते हुए मंगलवार को कहा कि उनके जैसा तीनों प्रारूप में अपना प्रभाव छोड़ने वाला खिलाड़ी मिलना बेहद मुश्किल होगा। अफगानिस्तान की बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ ही वार्नर का 15 साल तक चला अंतरराष्ट्रीय करियर भी समाप्त हो गया। अफगानिस्तान की जीत के कारण ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में जगह नही बना पाया।पोंटिंग ने आईसीसी के एक कार्यक्रम में कहा, मैने उनके कंधे पर हाथ रखा और कहा कि आज की रात कुछ देर के लिए बैठो और ऑस्ट्रेलिया के लिए तीनों प्रारूप मे अपने अविश्वसनीय करियर पर विचार करो। हम जानते थे कि उन्होंने पिछली गर्मियों में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन आपको वैसा खिलाड़ी मिलना मुश्किल है जिसने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में डेविड वॉर्नर की तरह तीनों प्रारूप में अपनी छाप छोड़ी हो।

### महिला टी20 एशिया कप के पहले मैच में 19 जुलाई को पाकिस्तान से भिड़ेगा भारत

भाषा। नई दिल्ली।

**गत चैंपियन** भारत श्रीलंका के दाम्बुला में होने वाले महिला टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 19 जुलाई को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। यह टूर्नामेंट 19 से 28 जुलाई तक खेला जाएगा जिसमें महाद्वीप की आठ टीमें हिस्सा लेंगी। पिछली बार के विपरीत इस साल आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, यूएई और नेपाल को ग्रुप ए में जगह मिली है जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड और मलेशिया ग्रुप बी में हैं। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा जारी अपडेट कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बाद भारत 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से भिड़ेगा। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जो 26 जुलाई को खेले जाएंगे। फाइनल 28 जुलाई को होगा। टूर्नामेंट में एक बार फिर मैच अधिकारी की भूमिका में सभी महिला अधिकारी होंगी। भारत सात खिताब के साथ एशिया कप की सबसे सफल टीम है। यह टूर्नामेंट 2012 से टी20 प्रारूप में खेला जा रहा है।

# मंधाना व हरमनप्रीत महिलाओं में शीर्ष 10 में

## वनडे रैंकिग

भाषा। दुबई

**भारतीय** कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गई जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई। मंधाना के 738 जबकि हरमनप्रीत के 648 रेटिंग अंक हैं। मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई तीन मैच की श्रृंखला में 343 रन





बनाकर शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाए रखी। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने शीर्ष रैंकिंग हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। वह तीन पायदान चढकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है तथा इंग्लैंड की नंबर एक बल्लेबाज नैट साइवर ब्रंट से केवल 16 अंक पीछे है। दक्षिण अफ्रीका इस श्रृंखला के तीनों मैच में हार गया था लेकिन वोलवार्ट ने दूसरे मैच में नाबाद 135 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजी में भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा चौथे स्थान पर बनी हुई है। उनके 671 रेटिंग अंक हैं।

# भारत की चुनौती को तैयार नहीं था ऑस्ट्रेलिया : हॉग

भाषा। ग्रॉस आइलेट

**पूर्व क्रिकेटर** ब्रैड हॉग ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप में भारत की चुनौती के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं था और यहां सुपर आठ के मैच में जब रोहित शर्मा ने मिचेल स्टार्क के एक ओवर में 29 रन बनाए तो इस तेज गेंदबाज को नहीं पता था कि क्या करना है। रोहित ने स्टार्क के एक ओवर में 29 रन सहित 41 गेंद में 92 रन की पारी खेली जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 206 रन का लक्ष्य दिया। भारत ने 24 रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उसकी भिड़ंत इंग्लैंड से होगी।



ऑस्ट्रेलिया के लिए सात टेस्ट, 123 एकदिवसीय और 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले हॉग ने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में कहा, मुझे लगता है कि वे तैयार नहीं थे। मिचेल स्टार्क के साथ यही चिंता है। अगर गेंद स्विंग नहीं हो रही होती तो वह काफी तेजी से अपनी लेंथ में बदलाव नहीं करता। और उसने रोहित शर्मा को भी अपनी लेंथ में तेजी से बदलाव नहीं किया, तब भी नहीं जब ओवर में 29 रन बने। रोहित की धमाकेदार पारी के अलावा ऑस्ट्रेलिया के खराब क्षेत्ररक्षण ने भी टीम की हार में भूमिका निभाई। भारत से हारने और फिर अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से बाहर हो गया। मुझे पता था वे वापसी नहीं करेंगे क्योंकि वे समाधान खोजने के बजाय केवल यह देखने की कोशिश कर रहे थे कि क्या गलत हो रहा है। इसलिए शायद यहीं पर गलती हुई। और साथ ही हार्दिक पंड्या का कैच छोड़ना, कप्तान मिशेल मार्श के लिए एक आसान कैच था जबकि कुछ ओवर बचे थे।

### दुनिया के नंबर एक पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी बने सुहास यथिराज

**नई दिल्ली।** भारत के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास यथिराज मंगलवार को नवीनतम बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में फ्रांस के दिग्गज लुकास माजुर को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए।चालीस साल के अर्जुन पुरस्कार विजेता सुहास को तोक्यो पैरालंपिक के एसएल-4 वर्ग के खिताबी मुकाबले में माजुर के खिलाफ हार के चलते रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।सुहास के नाम पर अब 60 हजार 527 अंक हैं जो फ्रांस के उनके प्रतिद्वंद्वी माजुर (58 हजार 953) से अधिक हैं।सुहास ने एक्स पर लिखा, अंतत: विश्व नंबर एक। यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि आज घोषित नवीनतम बैडमिंटन विश्व महासंघ पैरा बैडमिंटन रैंकिंग में पुरुष एकल वर्ग में मुझे जीवन में पहली बार विश्व नंबर एक रैंकिंग मिली है। मैंने लंबे समय से विश्व नंबर एक खिलाड़ी फ्रांस के लुकास माजुर की जगह ली। आपके आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी सुहास ने इस साल फरवरी में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान को पछाड़कर विश्व चैंपियनशिप खिताब जीता था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।